इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

# दैनिक विनय उजाला

RNI.Reg.MPHIN/2009/35176

इंदौर

बुधवार, 15 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा

वर्ष : 17 | अंक : 294

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




बुमराह के वनडे में 150 विकेट...10

**पुरी में रथयात्रा से पहले भगवान जगन्नाथ का नवयौवन श्रृंगार और नेत्र उत्सव**

# 14 दिनों के अनासर काल के बाद भक्तों को दिए दर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। 16 जुलाई से शुरू होने वाली इस भव्य रथयात्रा से पहले श्री मंदिर में भगवान का नवयौवन श्रृंगार किया गया। 14 दिनों के अनासर काल के बाद भगवान स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। इस खास रस्म को नेत्र उत्सव भी कहा जाता है, जिसमें सेवक भगवान की आंखों में काजल लगाते हैं और चंदन-सिंदूर का तिलक करते हैं। परंपरा के अनुसार, मंदिर के सेवायतों ने पुरी के राजा को भगवान के स्वस्थ होने का संदेश दिया। बारिश के बावजूद पुरी की सड़कों पर देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जिसमें 13 हजार पुलिसकर्मी, 19 आईपीएस अधिकारी और 476 से ज्यादा एआई सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही आपात स्थिति के लिए 30 से ज्यादा निकासी मार्ग भी बनाए गए हैं। तीनों रथ- नंदघोष, तालध्वज और दर्पदलन पूरी तरह से सजकर तैयार हैं।

### मूर्ति में धड़कता है ब्रह्म पदार्थ

जब हर 12 या 19 साल में भगवान की मूर्तियां बदली जाती हैं, तो पुरानी मूर्ति के भीतर से एक गुप्त ब्रह्म पदार्थ निकालकर नई मूर्ति में डाला जाता है। सदियों से यह काम करने वाले पुजारियों का मानना है कि यह साक्षात भगवान कृष्ण का धड़कता हुआ दिल है, जो आज भी धड़कता है।

### अधूरी और बिना हाथ-पैर की मूर्तियां

जगन्नाथ मंदिर में मूर्तियां अधूरी हैं। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों के न तो पंजे बने हैं, न ही पैर। मान्यता है कि जब देव-शिल्पी भगवान विश्वकर्मा बंद कमरे में इन्हें बना रहे थे, तब राजा की रानी ने उत्सुकतावश दरवाजा खोल दिया। शर्त टूटने के कारण विश्वकर्मा जी मूर्तियों को उसी आधे-अधूरे रूप में छोड़कर गायब हो गए।

### भगवान के रंग के हिसाब से चुना जाता है पेड़

मूर्तियों को बनाने के लिए नीम के पेड़, (जिन्हें दारू कहा जाता है) के रंग का विशेष ध्यान रखा जाता है। दरअसल, भगवान जगन्नाथ का रंग सांवला है, इसलिए उनकी मूर्ति के लिए सांवले या गहरे रंग के नीम का पेड़ ढूंढा जाता है। भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का रंग गोरा है, इसलिए उनकी मूर्तियों के लिए हल्के या सफेद रंग के नीम का पेड़ खोजा जाता है।

## फर्स्ट कॉलम

### शाहरुख खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनके मुंबई स्थित मशहूर बंगले मन्नत के रिनोवेशन के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब शाहरुख खान और गौरी खान अपने घर मन्नत में बदलाव के साथ दो नई मंजिलें बनाने का काम शुरू कर सकते हैं। मुंबई के बांद्रा में स्थितमन्नत सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि शाहरुख खान के फैंस के लिए एक बेहद खास जगह है। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की बेंच जस्टिस सूर्यकांत, जॉयमाल्य बागची और वी मोहन ने भी एनजीटी के फैसले को सही माना। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की मंशा पर भी सवाल उठाए और उनकी अपील को पूरी तरह खारिज कर दिया। मुंबई के एक सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर नेमन्नत के निर्माण को लेकर विरोध किया था।

### एक दशक में तीसरी बार मानसून ने किया दगा

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** देश के बड़े हिस्से में जुलाई के दूसरे हफ्ते में मानसून पर ब्रेक लग गया है। 2015 और 2021 के बाद 11 साल में यह तीसरा मौका है, जब जुलाई में बारिश नहीं हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 6-7 दिन उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार कम हैं। हालांकि, पूर्वोत्तर, बिहार और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश जारी रहेगी। मध्य प्रदेश में पहली बार जुलाई में मानसूनी सीजन में कम बारिश दर्ज की गई है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे में कहीं भी बारिश नहीं हुई। श्रीगंगानगर में पारा 41.5 डिसी रहा। दरअसल, हवा में नमी बढ़ गई है। पसीना जल्दी नहीं सूख रहा, इसे हीट इंडेक्स कहते हैं।

**बंगाल की खाड़ी से आस :** उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना के कारण अगले 7 दिनों में पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश बढ़ने की उम्मीद है। 14 और 15 जुलाई 2026 को ओडिशा में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने की भी संभावना है।

### कॉमेडियन समय रैना समेत पांच पर जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना, रणवीर अलाहाबादिया, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, निशांत जगदीश तंवर पर 3 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। अदालत ने दिव्यांगों पर विवादित टिप्पणी के केस में यह आदेश दिया है। इसकी सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद रैना ने अपने शो पर किसी दिव्यांग को नहीं बुलाया।

### Cartoon Corner




**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय**

# बुनियादी ढांचे, जन कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपए स्वीकृत



विनय उजाला

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याण के लिए 10 हजार 800 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।**

राज्य सरकार ने शहरों के कायाकल्प के लिए नगरीय अधोसंरचना विकास मद में 8 हजार 445 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके साथ ही कैबिनेट ने किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़ रुपये की नि:शुल्क शासकीय प्रत्याभूति और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए कुण्डलिया परियोजना को निरंतर रखने जैसे कई दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगायी है।

मंत्रि-परिषद ने टेक-होम राशन के उत्पादन एवं प्रदाय की व्यवस्था मध्यप्रदेश राज्य आजीविका फोरम से वापस लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया है। तत्कालिक रूप से अन्तरिम व्यवस्था के रूप में स्व सहायता समूह से पूरक पोषण आहार प्रदाय के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है। अन्तरिम व्यवस्था तत्काल प्रारंभ किए जाने के साथ ही भारत सरकार के नवीन दिशा निर्देश जारी होने एवं नवीन निर्देश अनुसार व्यवस्था स्थापित होने तक के लिए टेक होम राशन की व्यवस्था, अल्प कालीन निविदा के माध्यम से किए जाने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया है। भारत सरकार के नवीन दिशा निर्देश जारी होने के बाद विभाग स्थायी व्यवस्था स्थापित करेगा।

### कुण्डलिया परियोजना की अवधि बढ़ाई

मंत्रि-परिषद ने राजगढ़ में जल संसाधन विभाग की कुण्डलिया वृहद सिंचाई परियोजना को 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरन्तर संचालन के लिए 245 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। राजगढ़ जिले में निर्मित यह एक वृहद सिंचाई परियोजना है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य बांध निर्माण कर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से राजगढ़ और आगर-मालवा जिले के 1,39,600 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित करना है।

मंत्रि-परिषद ने वाणिज्य कर विभाग के तहत पालिका अधिनियम अंतर्गत पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के अधिभार से प्राप्त राशि का निधि में अंतरण से संबंधित योजना के आगामी 5 वर्षों तक संचालन के लिए 8 हजार 445 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। पालिका अधिनियम अंतर्गत मुदांक शुल्क के साथ म.प्र. नगर पलिका/नगर निगम अतिरिक्त शुल्क के रूप में उद्ग्रहित की गई राशि को नगरीय विकास विभाग को अंतरित किया जाता है। इस राशि का उपयोग नगर निगम, नगर पलिका तथा नगर परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा ऐसी परियोजनाओं के लिए निकायों द्वारा लिए गये ऋण पुनर्भुगतान के लिए किया जाता है।

### मूंग उपार्जन के लिए 1,587 करोड़

मंत्रि-परिषद ने रबी वर्ष 2023-24 विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत लक्ष्य से अधिक उपार्जित मूंग के लिए 1,587 करोड़ रुपए की नि :शुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है।

### वाणिज्यिक कर विभाग को 521 करोड़ 4 लाख

मंत्रि-परिषद ने वाणिज्यिक कर विभाग के अंतर्गत संचालित तीन स्थापना योजनाओ को आगामी 5 वर्षों की अवधि यानि वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक के लिए निरंतर संचालन के लिए कुल राशि 521 करोड़ 4 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। स्वीकृति अनुसार मुख्यालय संचालन के लिए 60 करोड़ 81 लाख रुपए जिला कार्यालय संचालन के लिए 434 करोड़ 81 लाख रुपए और परिक्षेत्रीय कार्यालय के संचालन के लिए 25 करोड़ 42 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। इन योजनाओं के तहत कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, कार्यालय व्यय, व्यावसायिक सेवाओं का भुगतान और मशीन/फर्नीचर/वाहनों का संधारण किया जाता है।

**धार भोजशाला परिसर को लेकर सुको का अहम फैसला**

# पूजा वहीं, नमाज की अलग जगह दें

## एएसआई परिसर से छेड़छाड़ न करें

धार, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को धार भोजशाला मंदिर के पास नमाज के लिए कोई खुला स्थान देने को कहा है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए यह जगह दी जाए।**

अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) बिना कोर्ट की मंजूरी परिसर में किसी भी तरह का बदलाव न करें। सुप्रीम कोर्ट मप्र हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें परिसर को मंदिर करार दिया गया है। सुनवाई के बाद भोजशाला संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला में नियमित पूजा-अर्चना जारी रहेगी। वहीं, तय जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा कर सकेंगे।

**कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार किया :** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर मुस्लिम पक्षों की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है। इन याचिकाओं में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर माना गया था और परिसर में नमाज अदा करने पर रोक लगा दी गई थी।

**इन्होंने की सुनवाई :** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने मामले की सुनवाई की। हालांकि, कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यानी पहले जैसी व्यवस्था बहाल नहीं होगी, जिसके तहत शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय को नमाज और निर्धारित दिनों में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति थी।



### हाईकोर्ट ने माना था मां सरस्वती का मंदिर

गौरतलब है कि 15 मई 2026 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने फैसले में भोजशाला परिसर को मां सरस्वती का मंदिर माना था। अदालत ने परिसर में नमाज अदा करने पर रोक लगाते हुए हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार दिया था। हाईकोर्ट का यह फैसला एएसआई की सर्वे रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया गया था। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। अब सर्वोच्च अदालत सभी पक्षों की दलीलें, एएसआई रिपोर्ट, ऐतिहासिक अभिलेख और कानूनी पहलुओं का परीक्षण करेगी। अदालत ने संकेत दिए हैं कि मामले की विस्तृत सुनवाई अगले दो से तीन सप्ताह के भीतर की जा सकती है। इस फैसले पर देशभर की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि इसका प्रभाव केवल भोजशाला विवाद तक सीमित नहीं, बल्कि धार्मिक स्थलों से जुड़े अन्य मामलों पर भी पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सभी पक्षों से जवाब मांगा है। अब इस विवाद पर आगे की सुनवाई बाद में होगी।

**संरचनात्मक बदलाव नहीं होगा :** मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजैफा अहमदी की मांग स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कोर्ट की पूर्व अनुमति के बिना भोजशाला परिसर में कोई भी संरचनात्मक बदलाव नहीं करेगा।

# खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं ने जून में बढ़ाई थोक महंगाई

### जून में दर 9.87 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में इजाफा दर्ज हुआ है। खाद्य एवं गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.87 फीसदी पर पहुंच गई है। मई में यह 9.68 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि थोक महंगाई दर के जून के आंकड़ों पर खनिज तेल का असर खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित मूल धातु तथा




विनिर्मित रसायन एवं रासायनिक उत्पादों की कीमतों पर दिखा है।

**महंगा हुआ क्रूड :** पश्चिम एशिया में तनाव से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। ब्रेंट क्रूड आज 87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया।

**एनआईए कोर्ट ने की कार्रवाई... पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े हैं तार**

# हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े मामले में जम्मू की एनआईएकोर्ट ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के मास्टरमाइंड हाफिफ सईद के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी किया है। वॉरंट में हाफिज सईद को को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का निवासी बताया गया है। एनआईए ने हाफिज सईद के खिलाफ ओपन डेटेड वाला गैर-जमानती वारंट जारी करने की मांग की थी। एनआईए द्वारा हाफिज सईद के खिलाफ पूरक आरोपपत्र



दाखिल करने के दो दिन बाद यह वारंट 8 जुलाई को एनआईए न्यायालय के विशेष न्यायाधीश द्वारा वारंट जारी किया गया था। एनआईएकोर्ट ने कहा, निष्पक्ष, पूर्ण और प्रभावी जांच के लिए सईद की गिरफ्तारी और हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

### मुकदमा चलाने का रास्ता हुआ साफ

अदालत के इस आदेश से हाफिज सईद के खिलाफ, उसकी गैरमौजूदगी में भी उसके खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है। एनआईए अदालत में दायर पूरक आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने 76 साल के हाफिज सईद पर प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैबा (एलईटीटी) संगठन और उसके सहयोगी मोर्चे, प्रतिरोध मोर्चा (टीआरएफ) के प्रमुख के रूप में व्यक्तिगत क्षमता और अन्य दोनों ही मामलों में आरोप लगाए हैं।

**नासिक में महिला पर्यटक से छेड़छाड़**

# 20 किलोमीटर तक किया पीछा, परिजनों पर रॉड-पत्थर से हमला, नौ गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के नासिक जिले में भवाली बांध पर एक महिला पर्यटक के साथ कथित छेड़छाड़ और उसके परिजनों पर हमले के दो दिन बाद पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। महिला (44) ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि वह रविवार को अपने पति, बेटे, बेटी, देवर और दो भतीजों के साथ भवाली बांध के पास झरनों पर घूमने गई थीं, उसी दौरान दो युवकों ने उन्हें देखकर सीटी बजाई और उनके साथ छेड़छाड़ की। जब महिला के परिजनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, महिला के कपड़े फाड़ दिए और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। जब उसके पति ने मोबाइल वापस लेने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके गले से 20 ग्राम की सोने की चेन भी छीन ली और उनके साथ मारपीट की। परिवार वहां से निकलने लगा तो आरोपियों ने उनकी एसयूवी गाड़ी का पीछा किया और रास्ता रोक लिया।

**लवकुश का मकान सील होगा, दो आरोपी रिमांड पर**

# मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया... चढ़ावे से 3 करोड़ रुपए हुए हैं चोरी : गिरि

अयोध्या, एजेंसी

**अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा- जहां तक मेरा अनुमान है करीब 3 करोड़ रुपए की चोरी हुई होगी।**

14 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की बात गलत है। गोविंददेव गिरि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने इस्तीफे की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है। इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण ने चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। इससे पहले 3 जुलाई



को नोटिस दी थी, लेकिन लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा ने कोई जवाब नहीं दिया। अब प्राधिकरण ने 15 जुलाई तक का अंतिम अवसर दिया है। एडीए ने चेतावनी दी है कि अगर जवाब नहीं मिला तो निर्माणाधीन मकान को सील कर दिया जाएगा। पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा और रिटायर्ड बैंक कर्मी सुभाष श्रीवास्तव को 14 घंटे के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस ने कोर्ट से 7 दिन की रिमांड मांगी थी। बुधवार सुबह दोनों आरोपियों को जेल से बाहर लाकर पूछताछ की जाएगी।

**मैदान छोड़कर भागना हमारे धर्म में नहीं :** गोविंद गिरि महाराज ने यह भी कहा कि उनके इस्तीफा संबंधी खबरें दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दूंगा। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज का अनुयायी हूं और मैं भागने वालों में से नहीं हूं। जब समय संघर्ष का हो, तब मैदान छोड़कर भागना हमारे धर्म में नहीं है।

**चंपत राय ने स्वेच्छा से पद छोड़ा :** न्यास के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे पर गोविंद गिरि महाराज ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से पद छोड़ा है। न्यास के संविधान के अनुसार, एक बार इस्तीफा सौंपे जाने के बाद, उसे मंजूर हुआ मान लिया जाता है। उन्होंने उन चर्चाओं को भी खारिज किया कि चंपत राय को बलि का बकरा बनाया गया। चंपत राय की लापरवाही की वजह से यह स्थिति बनी और इस्तीफा देने से पहले उन्हें इसका एहसास हो गया था।

**मेरा काम देखरेख करना :** गोविंद गिरि ने कहा कोषाध्यक्ष के तौर पर मेरी भी कुछ जिम्मेदारियां हैं। मेरा काम न्यास के बैंक खातों में जमा कोष की देखरेख करना है। पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट नियमित रूप से इन खातों की जांच करते हैं। मंदिर की दान पेटियों में जमा रकम का गबन किया गया, न कि न्यास के बैंक खातों में जमा रकम का।

### एसबीआई पर फोड़ा ठीकरा

कोषाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय न्यासी दान पेटियों में जमा रकम की गिनती और हिसाब-किताब का काम देखते थे। गोविंद गिरि महाराज ने कहा कि दान पेटियों से मिलने वाले दान के प्रबंधन और हिसाब-किताब की जिम्मेदारी एसबीआई को सौंपी गई है। उन्होंने कहा अब तक जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वे सभी एसबीआई के कर्मचारी हैं। उन्हें एसबीआई ने ही तैनात किया था, न्यास ने नहीं। भले ही कुछ नियुक्तियां सिफारिश के आधार पर की गई हों, लेकिन संबंधित लोगों की बैकग्रांड और पात्रता की जांच करना एसबीआई की जिम्मेदारी थी। एसबीआई देश के अग्रणी बैंक में से एक है। उन्होंने कहा कि न्यास को उम्मीद थी कि बैंक वित्तीय अनुशासन बनाए रखेगा और चढावे के रोजाना के हिसाब-किताब की देखरेख के लिए खास तौर पर कर्मचारी तैनात करेगा। उन्होंने कहा हो सकता है कि न्यासियों के पास वित्तीय मामलों की जानकारी न हो, लेकिन बैंक अधिकारियों के पास तो होती है।

### जनसुनवाई बनी विश्वास का केंद्र, हर जरूरतमंद तक पहुंच रही प्रशासन की संवेदनशील पहल

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता से सुनीं समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आयोजित हो रही साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम बना रही है। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए त्वरित सहायता सुनिश्चित की।**

जनसुनवाई में एक भावुक पल उस समय देखने को मिला, जब श्रीमती भावले अपनी तीन नातियों सुश्री सिद्धि भावले, तमन्ना भावले एवं हिमांशी भावले के साथ अपनी समस्या लेकर पहुंचीं। उन्होंने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को बताया कि बच्चियों के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है, जिसके बाद उनके पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी उन पर आ गई है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बच्चियों की स्कूल फीस जमा नहीं हो पा रही हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उनकी बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को बच्चियों की स्कूल फीस माफ कराने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने एवं शासन की पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी निर्देशित किया।





### दिव्यांग बालक को मिली तत्काल सहायता

इसी प्रकार दिव्यांग बालक मिहिर चौहान अपने पिता श्री लखन चौहान के साथ जनसुनवाई में पहुंचे। श्री लखन चौहान ने बताया कि उनके पुत्र को सुनने में परेशानी होती है और उसके कान में श्रवण यंत्र लगा हुआ है। श्रवण यंत्र की बैटरी समाप्त हो जाने के कारण उसे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नई बैटरी खरीदने में असमर्थ है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बालक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल 18 हजार रुपये की सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही बालक के उपचार एवं आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। एक अन्य प्रकरण में श्रीमती राखी दुबे अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में उन्हें वात्सल्य योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्राप्त हुई थी, लेकिन पिछले एक वर्ष से उनके बच्चों के खाते में योजना की राशि जमा नहीं हो रही है, जिससे परिवार आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी बड़ी बेटी कक्षा 11वीं में अध्ययनरत है, जबकि छोटा बेटा ऑटिज्म से पीड़ित है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल 24 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय शिक्षा दिवस पर लिया 'जड़ से जुड़ो, शिखर तक जाओ' का संकल्प





**धार/घाटाबिल्लोद (विनय उजाला)।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के मालवा प्रांत के आव्हान पर पी एम श्री शा उ मा विद्यालय, घाटाबिल्लोद में मंगलवार को भारतीय शिक्षा दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान के प्रतीक दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती पूजन व वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह पंवार, खंड कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य वक्ता श्री यशवंत सिंह गोयल, मालवा प्रांत सहसंयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं अध्यक्षता डॉ. देवेश सिंह भदौरिया, प्राचार्य ने की। अतिथियों का स्वागत श्रीफल व अंगवस्त्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की व्याख्याता डॉ. रागिनी स्वर्णकार ने किया। मुख्य वक्ता श्री यशवंत सिंह गोयल ने कहा कि 2 जुलाई को न्यास अपना स्थापना दिवस भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाता है। यह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा के मूल स्वरूप को पुन: प्रतिष्ठित करने का संकल्प दिवस है। उन्होंने न्यास का विचार सूत्र बताया - मां, मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं है। साथ ही NEP-2020 में मातृभाषा और कौशल आधारित शिक्षा पर दिए गए बल को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह पंवार ने युवाओं से राष्ट्रहित और मानव सेवा में शिक्षा का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. देवेश सिंह भदौरिया ने कहा कि शिक्षा केवल साक्षरता नहीं, संस्कार है। चरित्र से ही राष्ट्र बनता है। उन्होंने समस्या नहीं समाधान की चर्चा करने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. रागिनी स्वर्णकार ने कहा - शिक्षा वो दीप है जो संस्कार की लौ से जलती है। आज का विद्यार्थी कल का कर्णधार है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सर्वे भवन्तु सुखिन : के साथ हुआ। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विनोद पाण्डे ने किया। इस अवसर पर शिक्षक माणक चौहान, प्रदीप पटेल, समद मंसूरी, डॉ रीना गुप्ता, मेघा व्यास, आकांक्षा मालवीया, हाकमसिंह ठाकुर, लोकेश पिपरकर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले महापौर पुष्यमित्र भार्गव

# जिला अस्पताल के उद्घाटन, शहर के विकास पर हुआ मंथन

विनय उजाला

**भोपाल/इंदौर, नप्र। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने इंदौर में नवनिर्मित जिला अस्पताल के शीघ्र उद्घाटन का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने बुधवार को उसके विधिवत उद्घाटन करने की सहमति दी ताकि शहरवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।**

भेंट के दौरान महापौर ने शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की तथा इंदौर के विकास कार्यों को लेकर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने वरिष्ठ अधिकारी मनु श्रीवास्तव से भी मुलाकात कर इंदौर में सोलर ऊर्जा से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति और उन्हें गति देने के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

बैठक में शहर में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा सोलर परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन से इंदौर में स्वास्थ्य, ऊर्जा और आधारभूत विकास से जुड़ी परियोजनाओं को और अधिक गति मिलेगी।



### शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर के प्राणीशास्त्र विभाग में 90 घंटे की इंटर्नशिप का शुभारंभ

**इंदौर, नप्र।** शासकीय होलकर (मॉडल स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा माइक्रोप्लास्टिक एवं मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव विषय पर 90 घंटे की इंटर्नशिप का शुभारंभ किया गया। यह इंटर्नशिप विशेष रूप से एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, इंदौर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। इस इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण, उसके स्रोतों, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा माइक्रोप्लास्टिक के विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विषय से संबंधित सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रयोगशाला आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके अनुसंधान कौशल एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो सके। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार की इंटर्नशिप विद्यार्थियों को समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों को समझने तथा अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# आईजी अनुराग सिंह ने संभाग की समीक्षा बैठक ली

मनोहर राजपूत

**इंदौर (विनय उजाला)। आई.जी. द्वारा अपराधों की विस्तृत समीक्षा कर पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कई जिले मे नए एस पी की पद स्थापना भी हुई है साथ ही खाने-पीने के ढाबे पर अवैध शराब पिलाई जा रही है कार्रवाई करे के निर्देश दिए**



बैठक में डीआईजी इंदौर(ग्रामीण) रेंज - मनोज कुमार सिंह, डीआईजी निमाड रेंज- सिमाला प्रसाद एवं ज़ोन के जिलों के पुलिस अधीक्षकगण शामिल हुए। इंदौर (ग्रामीण) से एडिशनल एसपी महू प्रोबेशनर आईपीएस श्री राज कृष्णा, एसपी धार - श्री सचिन शर्मा, झाबुआ एसपी- श्री देवेंद्र पाटीदार, आलीराजपुर एसपी (डीआईजी पद पर पदोन्नत)- रघुवंश सिंह, खंडवा एसपी- अगम जैन, खरगोन एसपी- रविन्द्र वर्मा, बड़वानी एसपी- पद्मविलोचन शुक्ल, बुरहानपुर एसपी आशुतोष बागरी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में आई.जी. अनुराग द्वारा जोन के प्रत्येक जिले में घटित अपराधों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने शरीर संबंधी अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, चिन्हित अपराध, महिला संबंधी अपराधों के लंबित प्रकरणों, सायबर फ्रॉड प्रकरणों आदि की समीक्षा कर उनके निराकरण करने के निर्देश दिए।

**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
पंजीकृत पता : यूनिट नंबर-203 और 204, द्वितीय तल ए विंग नवभारत एस्टेट ज़कारिया बंदर मार्ग रोड सेवरी पश्चिम, मुंबई -400 015, भारत।
सीआईएन नं. : U65922MH2005PLC272501

**कब्जे का नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने नीचे उल्लिखित तिथि को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसका उल्लेख नीचे किया गया है तथा उस पर ब्याज, लागत आदि।

| एस. एन. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम तथा लैन नं. | मांग नोटिस की तिथि और राशि | संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिरोज खान (उधारकर्ता), रहमत बी (सह-उधारकर्ता) LP0000000111622 | 16-मार्च-26 14-मार्च-26 को रू.763773/- | प्रॉपर्टी सैटलमेंट नंबर 81, वार्ड 13, हाउस नंबर 178/4a, रैदास स्टैम्प्स मार्ग बड़वानी डिस्ट्रिक्ट बड़वानी (M.P.) 451551 में है, जिसका टोटल कारपेट एरिया 337.5 SQ FIT है। बाउंड्री इस तरह हैं नॉर्थ - स्वर्गीय असरफ मनिहार का घर। साउथ - स्वर्गीय मुख्तियार पोस्टमैन का घर। ईस्ट - गलीऊ। वेस्ट - आम रास्ता। | प्रतिकात्मक कब्ज़ा 09-जुलाई-26 को लिया गया |
| 2 | आकाश वर्मा (उधारकर्ता), विकास वर्मा (सह-उधारकर्ता), ओम प्रकाश वर्मा (सह-उधारकर्ता), रेखा वर्मा (सह-उधारकर्ता) LP0000000061385 | 18-अप्रैल-26 16-अप्रैल-26 को रू.1265686/- | P.H.No 06 Old 04 House No.140 Gram Kuwa तहसील ठिकरी, जिला- बड़वानी (M.P.) 451660 पर रेजिडेंशियल हाउस। लैंड एरिया 1200 Sqft. और रेजिडेंशियल एरिया 1200 Sq.Ft. (111.52 Sqmeter)। बाउंड्री इस तरह हैं- उत्तर - कैलाश पाटीदार का प्लॉट दक्षिण - महादेव राजाराम का घर पूर्व - दयाराम बालाजी का घर पश्चिम - आम रास्ता | प्रतिकात्मक कब्ज़ा 09-जुलाई-26 को लिया गया |

दिनांक : 15.07.2026
स्थान : बड़वानी
प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# सहकार भारती मध्यप्रदेश का महिला सहकारिता सम्मेलन आयोजित




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। सहकार भारती मध्यप्रदेश का महिला सहकारिता सम्मेलन 12जुलाई 2026 रविवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया जिसमें सहकार भारती के विभिन्न पदाधिकारियों सहित सहकारिता मंत्री विश्वास सारंगजी विशेष रूप से सम्मिलित हुए।**




कार्यक्रम में कई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी अपने शब्दों में बयां की वहीं उत्कृष्ट सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सहकारिता महिला सम्मान से भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से क़रीबन चार सौ महिलाओं ने हिस्सा लिया। सहकार भारती इन्दौर महानगर से बीस महिलायें शामिल हुई। उत्कृष्ट सहकारिता के क्षेत्र में सतत योगदान हेतु इन्दौर महानगर की महिला प्रमुख एवं शुभलक्ष्मी महिला कोआपरेटिव बैंक की पूर्व अध्यक्ष एवं संचालिका उष्मा मालू का सम्मान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग जी के द्वारा किया गया। स्वयं सहायता समूह में योगदान देने हेतु सह महिला प्रमुख मिनी शर्मा का भी सम्मान किया गया।

# मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में 374 इंस्पेक्टर को मिली पदोन्नति

**इंदौर (विनय उजाला)।** मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए बड़ी संख्या में पुलिस इंस्पेक्टरों को डीएसपी पद पर पदोन्नत किया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के बाद पुलिस डीजीपी कैलाश मकवाणा और प्रशासन स्पेशल डीजीपी आदर्श कटियार ने मुख्यालय ने पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाई। पात्र अधिकारियों के सेवा अभिलेखों की समीक्षा के बाद पदोन्नति संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को प्रचलित नियमों एवं वर्ष 2021 के प्रावधानों के तहत उच्च पद पर कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है कि आवश्यक अभिलेख समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण कई अधिकारियों की पदोन्नति लंबे समय से लंबित थी। अब आदेश जारी होने के बाद वर्षों से इंतजार कर रहे अधिकारियों को राहत मिली है। पुलिस विभाग के भीतर इस निर्णय को सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कई अधिकारी और कर्मचारी इसे पुलिस मुख्यालय के नेतृत्व की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के कार्यकाल में लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को गति मिली, जिससे योग्य अधिकारियों को उनका अधिकार प्राप्त हुआ और विभाग का मनोबल भी बढ़ा है।




**M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
(Govt. of M.P. Undertaking / Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore 452001 (M.P.)
Phone : (0) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629, CIN : U51102MP1977SGC001392
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/ROIND/TECH/25/10331 Date : 14.07.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.**

| Name of Work | Probable amount of contract (in Lakh) | EMD (in Rs.) | Cost of Tender form (in Rs.) | Last date of Submission of Tender |
|---|---|---|---|---|
| Operation and Maintenance of Elevators Lifts (12 Nos.) for Building 1 & 2 system installed at Crystal IT Park, Indore SEZ for the period of 36 months round the clock i/c Sunday and Holidays | 95.08 | 95080/- | 11800/- | 17.08.2026 |
| Operation and Maintenance of DG sets (5x1500KVA) installed at Crystal IT Park, Indore SEZ for the period of 36 months round the clock i/c Sunday and Holidays | 66.47 | 66470/- | 11800/- | 17.08.2026 |

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/126875/2026 EXECUTIVE ENGINEER, (Electrical)

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

# योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर मोर्चे का विस्तार करें : टटवाल





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, इंदौर में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, इंदौर महानगर की कामकाजी बैठक संभाग प्रभारी भगवती प्रसाद शिंदे, ओमप्रकाश मोहने, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री नितेश नरवले, इंदौर जिला प्रभारी एवं उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा इंदौर अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए उज्जैन महापौर व इंदौर नगर प्रभारी मुकेश टटवाल ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल हैं, 21 राज्यों में हमारी सरकारे है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमें दायित्ववान कार्यकर्ता के रूप में काम करने का अवसर मिला है ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं को बस्तियों में पहुंचाकर मोर्चा के विस्तार में जुट जाए। संभाग प्रभारी भगवती प्रसाद शिंदे ने कहा कि कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान की प्रति जेब में लेकर घूमते है, लेकिन उनके परिवार और पार्टी ने कभी भी संविधान का निर्माण करने वाले बाबा साहब का सम्मान नहीं किया। और लगातार संविधान को कुचलने का काम किया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक (रेडियो) इन्दौर, झोन इन्दौर**
व्हीआईपी रोड, दूसरी पल्टन, इन्दौर 452005
फोन एवं फैक्स 0731-2610062, ई-मेल : spradio_ind@mppolice.gov.in
क्रमांक :- पु.अ.( रे )/इंदौर/झोन/क्रय/22-013/पी-333/2026 दिनांक :- 06/07/2026

**:: ई-निविदा सूचना ::**

पुलिस अधीक्षक (रेडियो) इन्दौर झोन इन्दौर द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार सामग्री के क्रय हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्रं. | सामग्री का नाम | संख्या | निविदा शुल्क रूपये | सुरक्षा निधि (EMD) राशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Desktop | 5 Nos | 2,000/- | 51,000/- |
| 2 | Laptop | 7 Nos | | |
| 3 | Laser Jet Printer | 5 Nos | | |
| 4 | Photocopier machine cum printer scanner | 2 Nos | | |
| 5 | Optical Mouse | 11 Nos | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क) किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा और ना ही इसमें किसी प्रकार की छूट दी जावेगी।
2. निविदा शुल्क पुलिस अधीक्षक (रेडियो) इन्दौर झोन इन्दौर के नाम से ऑनलाइन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आवश्यक रूप से जमा करना होगा।
3. EMD की राशि ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर अथवा ऑफ लाईन निविदा जमा करने की अवधि समाप्ति पूर्व इस कार्यालय में उपस्थित होकर FDR/Bank Guarantee के रूप में जमा करना आवश्यक होगा।
4. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
5. **निविदा शेड्यूल :-**

| क्रं. | निविदा शेड्यूल का विवरण | दिनांक | दिन | समय |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | निविदा प्रकाशन एवं डाउनलोड प्रारंभ तिथि | 07/07/2026 | मंगलवार | 17.00 बजे |
| (ब) | ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि | 07/07/2026 | मंगलवार | 18.00 बजे |
| (स) | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 27/07/2026 | सोमवार | 16.00 बजे |
| (द) | प्री-क्वालिफिकेशन/तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 28/07/2026 | मंगलवार | 16.10 बजे |

जी-15626/26
"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"
(बालमुकुन्द शाक्य)
पुलिस अधीक्षक (रेडियो)
इन्दौर झोन इन्दौर

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

बुधवार, 15 जुलाई 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष–प्रतिपदा




तो राम रक्षा आंदोलन में शामिल होऊंगा ...05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### फर्स्ट कॉलम

## मोदी ने स्लोवाकिया के नेता को गिफ्ट किया बिहारी ठेकुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने स्लोवाकिया के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने संसद अध्यक्ष रिचर्ड रासी को बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकुआ गिफ्ट किया था। अब रासी ने ठेकुआ खाते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो काफी चर्चा में है। वीडियो में रासी गिफ्ट बॉक्स खोलकर ठेकुआ निकालते हैं और उसका स्वाद चखते हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक उपहार नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति और परंपरा की झलक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी यह ठेकुआ बिहार से लेकर आए थे, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। रासी ने कहा कि ठेकुआ उन्हें स्लोवाकिया की कुछ पारंपरिक मिठाइयों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बिहार का ठेकुआ भेंट किया, जबकि उन्होंने बदले में हिंदी में लिखे विशेष स्लोवाक स्पा वेफर्स उपहार में दिए।

## पीओके में छह प्रदर्शनकारियों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन लगातार उग्र होते जा रहे हैं। मंगलवार को रावलाकोट में प्रदर्शनकारियों और पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के बीच हुई हिंसक झड़पों के दौरान सुरक्षाबलों की फायरिंग में छह नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। रावलाकोट के न्यू बस टर्मिनल के पास पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए कार्रवाई शुरू की, जिसके बाद हालात बेकाबू हो गए। मृतकों में जाहिद मुगल, जफर मुगल, अरसलान अकबर और वाजिद हयात समेत छह लोगों के नाम सामने आए हैं। रावलाकोट में आयोजित एक जनसभा में आंदोलन के नेता जावेद इकबाल ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 78 वर्षों तक हमें श्रीनगर की आजादी का सपना दिखाया गया। अब यह झूठा प्रचार खत्म हो चुका है। जब हम आटा मांगते हैं तो गोलियां मिलती हैं, बिजली मांगते हैं तो गोलियां मिलती हैं और पानी मांगते हैं तो भी गोलियां मिलती हैं।

## 20 लाख का इनामी माओवादी गंझू गिरफ्तार

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के रीजनल कमेटी सदस्य और 20 लाख रुपये के इनामी माओवादी रविंद्र गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक एके–56 राइफल, एक पिस्टल, एक अन्य राइफल, 239 कारतूस तथा अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई है। रविंद्र गंझू लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित हेसला बांझीटोला गांव का निवासी है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार गौरव ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रविंद्र गंझू अपने घर आया हुआ है। कोबरा–209 बटालियन के उप कमांडेंट दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

### पश्चिम एशिया संकट पर सख्त हुआ भारत, कहा-

# जहाजों पर हमले रोकें... युद्ध नहीं, बातचीत से निकले समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

**पश्चिम एशिया में अमेरिका–ईरान के बीच टकराव लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसको लेकर अब भारत सरकार की भी प्रतिक्रिया आई है।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ किया कि भारत इस पूरे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है। इस हिंसा में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है,



जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। भारत ने इस घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए ईरान के उप मिशन प्रमुख को तलब किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल नेहोर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार और जहाजों की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि इस समुद्री रास्ते से व्यापार बिना किसी रुकावट के सुरक्षित तरीके से चलता रहे। यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति और ऊर्जा सुरक्षा (कच्चे तेल की सप्लाई) के लिए बेहद जरूरी है।

### भारतीय नागरिक की मौत पर जताया कड़ा विरोध

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस तनाव की वजह से भारत ने अपने एक नागरिक को खो दिया है और कई भारतीय गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भारत सरकार ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, हमने ईरान के उप मिशन प्रमुख को तलब कर अपना बयान जारी किया है। हमने उनके सामने अपनी गहरी चिंता और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि इन हमलों को तुरंत रोका जाना चाहिए।

### हिंसा का रास्ता छोड़ें, शांति बनाए रखें

बता दें कि भारत ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता तभी लौट सकती है जब दोनों पक्ष आपस में बातचीत करें। तनाव को कम करने का एकमात्र रास्ता कूटनीति और संवाद ही है। बता दें कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सोमवार देर रात दो तेल टैंकरों एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया। इसमें एक भारतीय की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों जहाजों में 46 क्रू मेंबर्स थे, जिसमें कुल 30 भारतीय थे। एमटी अल बहियाह पर सवार 12 भारतीयों में से एक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। वहीं, एमटी मोम्बासा पर मौजूद 18 भारतीयों में से 9 घायल हुए हैं। इनमें 2 की हालत गंभीर बताई गई है।

### होर्मुज से सुरक्षित गुजरने के लिए अब अमेरिका लेगा टैक्स

# जहाजों से वसूली की तैयारी में ट्रंप

## ईरान ने बहरीन और जॉर्डन पर दागीं मिसाइलें

नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग और तेज हो गई है। अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान पर हमले किए जिसके जवाब में ईरान ने बहरीन, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात से जुड़े दो टैंकर पर जवाबी कार्रवाई की।**

ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी बेस पर हमला किया है। इस बीच जॉर्डन की सेना ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई चार मिसाइलों को बीच में रोककर उन्हें नष्ट कर दिया गया है। वहीं, ट्रंप ने संकेत दिया है कि अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने वाले अन्य देशों के जहाजों से शुल्क वसूलेगा, जो समुद्री मार्गों पर निर्बाध और स्वतंत्र नौवहन का समर्थन करने वाली अमेरिका की सदियों पुरानी नीति से बिल्कुल अलग है।

इस बीच, ईरान ने बहरीन और होर्मुज से गुजर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से जुड़े दो तेल टैंकरों पर हमले किए। इन हमलों में एक नाविक की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

यूएई ने इन हमलों का जवाब देने की चेतावनी दी है। ये घटनाएं ऐसे समय में हुई हैं जब ईरान और अमेरिका दोनों ही होर्मुज स्ट्रेट पर प्रभाव स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके रास्ते दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का कच्चा



तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने मंगलवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए।

यह कार्रवाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज की नाकाबंदी फिर से शुरू करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद की गई। ट्रंप ने संकेत दिया है कि अमेरिका होर्मुज से सुरक्षित गुजरने वाले अन्य देशों के जहाजों से शुल्क वसूलेगा, जो समुद्री मार्गों पर निर्बाध और स्वतंत्र नौवहन का समर्थन करने वाली अमेरिका की सदियों पुरानी नीति से बिल्कुल अलग है।उन्होंने कहा, हम दुनिया के एक अत्यंत समृद्ध और महत्वपूर्ण क्षेत्र की सुरक्षा कर रहे हैं। इस पर हमारा भारी खर्च हो रहा है, इसलिए अब हमें इस सुरक्षा के लिए भुगतान किया जाए।

### ईरान ने दागी चार मिसाइलें

जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा ने यह जानकारी दी है कि जॉर्डन की सेना ने ईरान की ओर से से दागी गईं चार मिसाइलों को बीच में रोका और उन्हें नष्ट कर दिया है। जॉर्डन में अमेरिकी बेस में अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं और हाल के दिनों में ईरान ने उस पर हमले किए हैं। यह कार्रवाई अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की नाकाबंदी फिर से शुरू करने की घोषणा के कुछ घंटों बाद की गई। अमेरिका ने मंगलवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए हैं।

### जहाजों को दी चेतावनी

अमेरिकी सेना ने मंगलवार को सभी तटस्थ जहाजों को सलाह दी कि वे तुरंत ईरान के बंदरगाहों से निकल जाएं या अगर उनका अगला पड़ाव ईरान है तो वहां जाने की यात्रा रोक दें। यह जानकारी वीएचएफ रेडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर सामने आई। होर्मुज के पास मौजूद एक व्यापारी जहाज के चालक दल के एक सदस्य ने समुद्री रेडियो चैनल की रिकॉर्डिंग दी। इसमें अमेरिकी सेना आसपास मौजूद जहाजों को यह संदेश देती सुनाई दे रही है। संदेश में कहा गया कि सभी तटस्थ जहाजों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत ईरानी बंदरगाहों से निकल जाएं और अगर उनका अगला गंतव्य ईरान है तो वहां जाने की यात्रा रोक दें। अमेरिकी सेना ने कहा कि नाकाबंदी लागू होने के बाद यह नियम सभी जहाजों पर लागू है, चाहे वे किसी भी देश के झंडे के तहत चल रहे हों या किसी भी तरह का सामान ले जा रहे हों।

# 75 मुस्लिम समुदाय समेत 77 जातियों का ओबीसी दर्जा खत्म

### शुभेंदु अधिकारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली याचिका

कोलकाता, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण से जुड़े एक अहम मामले में नया कानूनी मोड़ आया है।**

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपनी वह याचिका वापस ले ली, जिसमें कलकत्ता हाईकोर्ट के चर्चित फैसले को चुनौती दी गयी थी। हाईकोर्ट ने 75 मुस्लिम समुदायों सहित कुल 77 जातियों का ओबीसी (ओबीसी) दर्जा रद्द कर दिया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया।

### क्या था पूरा विवाद?

ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाये गये ओबीसी नियमों के तहत कई जातियों को सूची में जोड़ा गया था। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में 75 मुस्लिम समुदायों समेत कुल 77 जातियों को दी गयी ओबीसी श्रेणी की मान्यता को प्रक्रियागत अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था।



### राज्य मंत्रिमंडल ने लिया याचिका वापस लेने का निर्णय

अदालत में मामले का उल्लेख करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि राज्य मंत्रिमंडल ने इस अपील को वापस लेने का औपचारिक निर्णय लिया है। इसके साथ ही, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी शीर्ष अदालत ने अपनी अलग से दाखिल अपील वापस लेने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट की 3 सदस्यीय पीठ ने राज्य सरकार की अर्जी को स्वीकार करते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। हालांकि, पीठ ने कहा फैसले से प्रभावित कोई भी अन्य पक्ष यदि व्यक्तिगत या समूह के स्तर पर अपील आगे बढ़ाना चाहता है, तो उसे इसकी पूरी छूट होगी।

### हाईकोर्ट के खिलाफ ममता बनर्जी सरकार गई थी सुप्रीम कोर्ट

कलकत्ता हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ तत्कालीन ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब वर्तमान सरकार (शुभेंदु अधिकारी की सरकार) द्वारा इस याचिका को वापस लिये जाने के बाद राज्य में पिछड़ा वर्ग आरक्षण की पुरानी स्थिति और कानूनी दिशा को लेकर नये सिरे से चर्चा शुरू हो गई है।

### सीएम डॉ. यादव आज इंदौर-आबू धाबी हवाई सेवा का करेंगे शुभारंभ

# मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति से वित्त–पोषित प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा होगी शुरू

विनय उजाला

**भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार, 15 जुलाई को इंदौर में मप्र नागरिक विमानन नीति–2025 से वित्त पोषित प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा इंदौर से आबू धाबी का शुभारंभ करेंगे। यह उड़ान प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी से सीधे जोड़ेगी।**

जनसम्पर्क अधिकारी जूही श्रीवास्तव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि टाटा समूह की विमानन इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित यह सेवा सप्ताह में चार दिन (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार) को उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि इंदौर से आबू धाबी हवाई सेवा प्रारंभ होने से मालवा–निमाड़



क्षेत्र की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। वर्तमान में इस मार्ग पर यात्रियों को दिल्ली अथवा मुंबई के माध्यम से यात्रा करनी पड़ती है, जिससे लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है। नई उड़ान शुरू होने से यह यात्रा लगभग 3 घंटे 15 मिनट में पूरी हो सकेगी। इससे व्यापार, निवेश, पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, राज्य सरकार नागरिक विमानन नीति–2025 के माध्यम से प्रदेश में हवाई संपर्क का निरंतर विस्तार कर रही है।

### नागरिक विमानन नीति से सुदृढ़ हो रहा है प्रदेश का विमानन इकोसिस्टम

जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के विमानन इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लागू मप्र नागरिक विमानन नीति–2025 में नवीन घरेलू हवाई मार्गों के विकास के लिए 10 लाख रुपये तक तथा अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए 15 लाख रुपये तक वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) सहायता का प्रावधान किया गया है। राज्य के हवाई अड्डों पर रात्रि पार्किंग करने वाले विमानों के लिए एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वैट की प्रभावी दर एक प्रतिशत निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि नीति के अंतर्गत मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) परियोजनाओं के लिए 40 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी तथा एयर कार्गो परियोजनाओं के लिए पूंजीगत सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है।

## पाकिस्तानी गैंगस्टर भट्टी के संपर्क में थे पुणे के 66 लोग, जांच में खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर इन दिनों महाराष्ट्र एटीएस का पूरा फोकस है। एटीएस ने सोमवार को पुणे जिले में बड़ा अभियान चलाया। टीमें सुबह सात बजे से शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 66 लोगों से पूछताछ कर रही हैं। यह कार्रवाई पुणे शहर पुलिस, पुणे ग्रामीण पुलिस और पिंपरी–चिंचवड़ पुलिस की मदद से जिले के विभिन्न इलाकों में एक साथ की जा रही है। एटीएस ने बताया कि शुरुआती जांच में इन लोगों के सोशल मीडिया के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के संकेत मिले हैं। एटीएस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खाते, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं इन लोगों का इस्तेमाल कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेलने, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने या किसी संगठित नेटवर्क से जोड़ने के लिए तो नहीं किया गया। जांच का मकसद यह भी है कि इस संपर्क का दायरा कितना बड़ा है और इसके पीछे कौन–कौन लोग सक्रिय हैं।

### नेताओं ने की भूख हड़ताल खत्म करने की अपील

# सोनम वांगचुक 17 दिन से अनशन पर, 8.5 किलो वजन घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली के जंतर–मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5 किलो कम हो गया है।**

अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है।



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2026)

अपनी अधिसूचित फसल का बीमा
31 जुलाई 2026 तक अवश्य कराएं

प्रिय किसान भाइयो एवं बहनो,

वर्ष 2026 में एल-नीनो (El Niño) के संभावित प्रभाव से वर्षा में अनियमितता एवं प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को देखते हुए अपनी खरीफ फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

फसल बीमा प्राकृतिक आपदा, सूखा, अतिवृष्टि एवं अन्य मौसम जनित जोखिमों से होने वाली आर्थिक हानि से सुरक्षा प्रदान करता है।

अंतिम तिथि का इंतजार न करें

आज ही निकटतम बैंक शाखा, ग्राहक सेवा केन्द्र, फसल बीमा पोर्टल, फसल बीमा ऐप एवं अधिकृत बीमा कंपनी के मध्यस्थ के माध्यम से फसल बीमा कराएं।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

D11060/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

### रेलवे में संरचनात्मक सुधारों का ऐलान

# रेल भूमि पोर्टल से तेज होगी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया : वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए मंगलवार को कई महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधारों की घोषणा करते हुए कहा कि रेलवे भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के लिएरेल भूमि पोर्टल शुरू करेगा।**



यह वेब–आधारित प्लेटफॉर्म भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाएगा तथा विभिन्न रेलवे प्रणालियों को एकीकृत कर परियोजनाओं की निगरानी, मुआवजा वितरण और वैधानिक प्रक्रियाओं को ऑनलाइन संचालित करेगा। वैष्णव ने रेल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेलवे में व्यापक सुधारों का अभियान चलाया जा रहा है और इसी क्रम में वर्ष 2026 के दौरान 52 सुधार लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण, माल परिवहन, कौशल विकास, वैगन डिजाइन और कंटेनर नीति सहित कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव किए गए हैं। रेल मंत्री ने बताया कि फ्लाई ऐश का परिवहन अब खुले वैगनों के बजाय कंटेनरों में किया जाएगा। इससे परिवहन, भंडारण और अनलोडिंग के दौरान धूल से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 340 मिलियन मीट्रिक टन फ्लाई ऐश उत्पन्न होती है, जिसमें से 96 मिलियन मीट्रिक टन सीमेंट उद्योग में उपयोग होती है, जबकि रेलमार्ग से केवल 13 मिलियन मी. टन फ्लाई ऐश का परिवहन होता है।

### ठेकेदारों को लेकर रखी अपनी बात

निर्माण क्षेत्र में सुधारों की जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे परियोजनाओं में ठेकेदारों को कार्य प्रारंभ होने से पहले 10 प्रतिशत प्रदर्शन सुरक्षा जमा करनी होगी और बाद में चल रहे बिलों से कोई कटौती नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों के लंबित मुकदमे उनकी शुद्ध संपत्ति के 50 प्रतिशत से अधिक होंगे, वे रेलवे निविदाओं में भाग नहीं ले सकेंगे। साथ ही कॉन्ट्रैक्टर ऑल रिस्क इंश्योरेंस और प्रोफेशनल इंडेम्निटी इंश्योरेंस को भी अनिवार्य बनाया गया है। इन कदमों से गंभीर और सक्षम एजेंसियों की भागीदारी बढ़ेगी तथा परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। रेल मंत्री ने रेलवे परियोजनाओं के लिए कौशल प्रमाणन नीति की भी घोषणा की। इसके तहत वेल्डर, प्लंबर, फिटर, राजमिस्त्री, कंक्रीट परीक्षक और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी कार्यों से जुड़े श्रमिकों का मानकीकृत मूल्यांकन किया जाएगा। क्यूआर–कोड आधारित स्किल कार्ड की व्यवस्था अधिकतम 24 महीनों में सभी रेलवे परियोजनाओं में लागू कर दी जाएगी।

## सम्पादकीय

### लाडकी बहिन योजना... पात्र से अपात्र कैसे हुईं लाखों महिलाएं?

कोई भी सरकारी योजना शुरू करने से पहले लाभार्थियों को केंद्र में रखकर उसके लिए नियम-शर्तें तय की जाती हैं। इसी आधार पर पात्र लोगों का चयन कर संबंधित योजना का लाभ उन तक पहुंचाया जाता है। मगर किसी योजना को चुनाव से ठीक पहले लागू किया जाए और उसी सरकार के फिर से राज्य में कमान संभालने के बाद अगर बड़ी संख्या में लोगों को पात्रता की सूची से बाहर कर दिया जाए, तो उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। महाराष्ट्र में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। खबरों के मुताबिक, राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' से नब्बे लाख से ज्यादा महिलाओं को बाहर कर दिया है। यानी इन महिलाओं को पहले इस योजना का लाभ दिया जा रहा था, लेकिन अब वे या तो पात्रता के मानदंडों को पूरा नहीं कर पाई हैं या फिर ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा न कर पाने की वजह से उनका नाम सूची से हटा दिया गया है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या इस योजना में नई नियमावली जोड़ी गई है! अगर ऐसा नहीं है, तो फिर क्या वजह है कि जो महिलाएं पहले पात्र थीं, अब वे अपात्र हो गई हैं? गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा चुनावों से कुछ समय पहले जून, 2024 में इस योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत 21 से 65 वर्ष की आयु की पात्र महिलाएं प्रति माह डेढ़ हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस योजना में राज्य की 2.4 करोड़ महिलाओं को शामिल किया गया था। मगर अब फिर से सत्तासीन हुई महायुति सरकार ने ई-केवाईसी प्रक्रिया के तहत लाखों महिलाओं के नाम इस योजना से बाहर कर दिए हैं। सवाल है कि शुरू में इन महिलाओं को किस आधार पर पात्र घोषित किया गया था? क्या तब दस्तावेजों की जांच सही ढंग से नहीं की गई थी या फिर इसके पीछे इससे चुनावी लाभ उठाने की मंशा थी? हालांकि सरकार का दावा है कि पचास से पचपन लाख महिलाएं तय समय सीमा में ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाई। मगर इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कम शिक्षित और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाएं ई-केवाईसी की बारीकियों को नहीं समझ पाती हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि इस कार्य में उनकी सहायता के लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए जाएं।

## सुविचार

सबसे बड़ा अपराधी वह इंसान होता है, जो अपनी अंतर आत्मा की आवाज का हनन करके उसके विपरीत कार्य करता है।
– सावित्री महंत, उज्जैन

नेत्र केवल हमें दृष्टि प्रदान करते हैं, परंतु हम कब किस में क्या देखते हैं, ये हमारी भावनाओं पर निर्भर करता है।
– एच.एल. खुशाल, इंदौर

कमियों के स्वीकार करना ही आत्मशक्ति का घोतक है।
– डॉ. विनय दीवान, भोपाल

बड़े बेबस होते है वो लोग जो झूठे नहीं होते, लेकिन दूसरों को 'तकलीफ' न हो इसलिए 'सच' भी नहीं बोलते...
– प्रमोद मिश्रा

किसी ने पूछा इस जहां में आपका अपना कौन है?
मैंने हंसकर कहा वक्त अगर वो सही,
तो सभी अपने वरना कोई नहीं।
– दीपक शास्त्री, बेंगलुरू

जो समय का मोल समझता हैं,
समय उसे अनमोल बना देता हैं।
– अब्दुल सलाम कुरैशी, गुना

यदि पद और पैसा ही आपकी संपत्ति है,
तो एक दिन इसका अंत जरूर है और यदि मान सम्मान
और प्रेम आपकी संपति है तो ये अनंत है...
– सुनील शर्मा

ऐसे लोगों पर अपना जीवन खर्च करना सबसे बड़ी मुर्खता है,
जो आपके समय और ऊर्जा के लायक नहीं है, अपने प्रयासों
को उन लोगों के लिए बचाकर रखें जिन्हें वास्तव में आपकी जरूरत है,
जो आपके कार्यों की सराहना और सम्मान करते हैं।
– दशरथ वैष्णव, सैलाना

## पेट्रोल का नया अवतार




आज पेट्रोल बोला, भाई इथेनॉल,
यूं आजा कर लें थोड़ा-सा धमाल।
सोचते इथेनॉल बोला, ठीक है यार,
अब तो मैं भी हूँ सरकार का प्यार!
मेरी गाड़ी बोली, धीरे-धीरे आना,
मुझको प्रयोगशाला नहीं बनाना।
इंजन बोलता, पहले सोच-विचार,
फिर ना करना ऐसा कोई सुधार।
मालिक बोला, जेब तो बच जाए,
माइलेज भी थोड़ा-सा बढ़ जाए।
मेकेनिक हँसते हुए धीरे से बोला,
मेरा धंधा कौन सँभालेगा भला?
नेता बोले, सब कुछ होगा बढ़िया,
जनता बोली, पहले जोड़े कड़िया!
विशेषज्ञ बोले, करो यहाँ परीक्षण,
फिर दे देना जनता को आश्वासन।
अंत में इसका निकला यही निचोड़,
जल्दबाज़ी में से मिलता है झंझोड़।
हाँ, पहले सोचो, फिर कदम बढ़ाओ,
जनहित वाला ही रास्ता अपनाओ।
हँसते-हँसते आम लोगों ने ये माना,
सोच-समझकर काम है करवाना।
वरना जनता यही कहेगी बार-बार—
पेट्रोल में क्या! मिलाया हैं सरकार!



दैनिक विनय उजाला

– संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

## विशेष सम-सामयिक

भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पहली पारी में 285 रन बनाये, जिसमें स्मृति मंधना (83), हरमनप्रीत कौर (58), दीप्ती शर्मा (57) व जेमिमा रोड्रिग्स (35) का अच्छा योगदान रहा। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 170 रन ही बना सका क्योंकि क्रांति गौड़ ने घातक तेज़ व स्विंग गेंदबाज़ी करते हुए मात्र 37 रन देकर 5 विकेट लिए और अपना नाम लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर दर्ज कराया।

### क्रिकेट इतिहास के 142 सालों बाद

# लॉर्ड्स में भारतीय परियों ने रचा इतिहास



– सारिम अन्ना
(युवा लेखक की खेलों पर दिलचस्पी है)
-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



जिस समय उत्साही खेल प्रेमियों का फोकस फुटबॉल विश्व कप पर है और इस बात की निराशा भी कि टी-20 विश्व चैंपियन भारत आयरलैंड से 0-2 व इंग्लैंड से 0-4 से श्रृंखलाएं हारा है, ठीक उसी समय हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम ने मज़बूत मेज़बान इंग्लैंड पर लॉर्ड्स में 270-रन से ऐतिहासिक व प्रभावी टेस्ट जीत दर्ज करके दिल बाग-बाग कर दिया है। ये दोनो टीमें क्रिकेट के मक्का यानी लॉर्ड्स पर आज तक का पहला महिला टेस्ट खेल रही थीं, जहां भारतीय पुरुषों को यहां 11 प्रयासों में अपना पहला टेस्ट जीतने में 54 वर्ष लगे थे। क्योंकि भारत ने लॉर्ड्स में पहला टेस्ट 1932 में खेला था, जबकि इस मैदान पर उसे पहली कामयाबी कपिल देव के नेतृत्व में 1986 में मिली थी। गौरतलब है लॉर्ड्स पर पहला टेस्ट इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया 1884 में खेला गया था यानी महिलाओं को लॉर्ड्स में टेस्ट खेलने का अवसर 142 वर्ष बाद मिला।

बहरहाल, यह जीत इसलिए भी विशेष है कि यह भारत में महिला टेस्ट क्रिकेट के 50वें वर्ष में आयी है। भारतीय महिलाओं ने अपना पहला टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ़ 1976 में खेला था। यह जीत टीम के संयुक्त प्रयास का नतीजा है और हाल के टी-20 महिला विश्व कप के एकदम विपरीत है, जिसमें भारतीय टीम का प्रदर्शन इतना निम्नस्तरीय था कि वह सेमीफाइनल में भी न पहुंच सकी, विशेषकर खराब फील्डिंग की वजह से। लेकिन टेस्ट में भारतीय परियों ने सारी भूलों को सुधार लिया। भारत व इंग्लैंड की महिलाओं के बीच आज तक 16 टेस्ट खेल गये हैं, जिनमें भारत की यह चैथी जीत थी, जबकि इंग्लैंड ने सिर्फ़ एक टेस्ट जीता है और शेष 11 ड्रा रहे। भारत की पहली तीन जीत इस प्रकार रही थीं- टांटन (2006) में 5 विकेट से, वोर्म्सले (2014) में 6 विकेट से और मुंबई (2023) में 347 रन से।

इस ऐतिहासिक कामयाबी के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, इससे बेहतर पटकथा नहीं हो सकती थी। ईश्वर बेहतर लेखक है और उसने बहुत अच्छी पटकथा लिखी। हमारी सलामी बैटर्स हमारी ताक़त हैं, जिस तरह से उन्होंने पहले हाफ में बल्लेबाज़ी की, वह विशेष थी। सपोर्ट स्टाफ ने बहुत टेस्ट क्रिकेट खेली है,जिससे वह जानता था कि लॉर्ड्स में गेंद किस तरह से मूव करती है, इसलिए हमें अच्छा फीडबैक मिला। हमारे लिए यह समर हमारी इच्छाओं के अनुरूप नहीं गुज़रा (कि टी-20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन रहा), लेकिन हमने टेस्ट में धमाकेदार वापसी की। मैं उम्मीद करती हूं कि अब हमें 10 और टेस्ट खेलने का अवसर मिलेगा।

भारत ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पहली पारी में 285 रन बनाये, जिसमें स्मृति मंधना (83), हरमनप्रीत कौर (58), दीप्ती शर्मा (57) व जेमिमा रोड्रिग्स (35) का अच्छा योगदान रहा। इंग्लैंड अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 170 रन ही बना सका क्योंकि क्रांति गौड़ ने घातक तेज़ व स्विंग गेंदबाज़ी करते हुए मात्र 37 रन देकर 5 विकेट लिए और अपना नाम लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर दर्ज कराया। भारत की दूसरी पारी में स्मृति मंधना ने एक बार फिर अर्द्धशतक (70) लगाया, लेकिन असल कमाल किया यस्तिका भाटिया के करियर के पहले शतक (113) ने और ऋचा घोष के नाबाद 50 रन ने, जिसकी बदौलत भारत ने अपनी दूसरी पारी 7 विकेट खोकर 341 रन पर घोषित की। अब इंग्लैंड की टीम के सामने 457 रन का विशाल लक्ष्य था और वह टेस्ट के चैथे दिन मात्र 186 रन पर सिमट गयीं, स्नेह राणा ने 42 रन खर्च करके 4 विकेट लिए। भारत को 270 के प्रभावी अंतर से जीत मिली।

यस्तिका भाटिया पहली महिला बैटर हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स पर टेस्ट शतक लगाया है और इस तरह वह लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर उन 10 भारतीय क्रिकेटरों के साथ अपना नाम दर्ज कराने में कामयाब हो गईं, जिन्होंने इस मैदान पर टेस्ट शतक लगाये हैं- वीनू मांकड़ (1952), गुंडप्पा विश्वनाथ (1979), दिलीप वेंगसरकर (तीन शतक 1979, 1982, 1986), रवि शास्त्री (1990), मुहम्मद अज़हरुद्दीन (1990), सौरव गांगुली (1996), अजित अगरकर (2002), राहुल द्रविड़ (2011), अजिंके रहाणे (2014) और केएल राहुल (2021)। यस्तिका भाटिया का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आना व बने रहना अपने आपमें एक ऐसी कहानी है, जिसे किस्मत ही लिख सकती थी। एक नवम्बर 2000 को बड़ोदा में जन्मीं यस्तिका हमेशा से एथलेटिक थीं। वह ज़िला स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी, तैराक और कराटे में ब्लैक बेल्ट रहीं यानी यस्तिका का जन्म एथलीट बनने के लिए ही हुआ था। जब वह 8 साल की थीं, तो उनके बैडमिंटन कोच ने अपना बेस बदल लिया और यस्तिका ने खेल बदल लिया। वह बड़ोदा की क्रिकेट अकादमी में दाखिल हो गईं, लेकिन उन्होंने अपनी शिक्षा को भी अनदेखा नहीं किया। हालांकि उन्होंने गेंदबाज़ी आल-राउंडर के रूप में शुरुआत की, लेकिन विकेटकीपिंग को उन्होंने ऐसे अपनाया जैसे मछली पानी को। 2021 में उन्होंने तीनों फॉर्मेट में डेब्यू किया, ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर। यस्तिका अपने करियर में चोटों से जूझती रही हैं, गंभीर चोटों से भी, लेकिन उन्होंने हर बार मज़बूती के साथ वापसी की है।

बहरहाल, ऐतिहासिक शतक के बावजूद यस्तिका प्लेयर ऑफ़ द मैच के ख़िताब से वंचित रहीं। यह श्रेय क्रांति गौड़ को मिला, जो वास्तव में इसकी हक़दार भी थीं क्योंकि पहली पारी में उनके पांच विकेट से भारत को 115 रन की बढ़त मिली, इंग्लैंड दबाव में आया और भारत की मैच पर पकड़ मज़बूत हुई। क्रांति ने दूसरी पारी में भी दो विकेट लिए यानी मैच में उन्होंने कुल 7 विकेट लिए और निर्णायक भूमिका अदा की। क्रांति के अनुसार, मैंने प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड के बारे में कभी सोचा नहीं था। लेकिन जिस दिन मैच शुरू हुआ और मैंने लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर भारतीय के नाम देखे- मुहम्मद निसार (1932), इशांत शर्मा (2014) व जसप्रीत बुमराह (2025), तो मेरी भी इच्छा हुई कि बोर्ड पर मेरा नाम भी होना चाहिए। मेरी योजना तो बहुत सरल थी कि लाइन व लेंथ हिट करूं और उस पर फोकस करूं जो कोच ने मुझे बताया था। मुझे अपने प्रदर्शन पर गर्व है और मेरे परिवार को भी। मैंने यादगार के तौरपर एक स्टंप भी लिया है। मेरे घर में एक छोटा सा म्यूजियम रूम है जहां मैं उसे रखूंगी।

इत्तेफाक़ देखिये कि भारत की यह जीत 13 जुलाई को आयी यानी एक ऐसी तारीख पर जो भारतीय क्रिकेट की लोककथा का हिस्सा है। पूरे 24 वर्ष पहले इसी तारीख को, लॉर्ड्स के ही मैदान पर मुहम्मद कैफ (87 नाबाद) व युवराज सिंह (69) ने नैट-वेस्ट सीरीज फाइनल में भारत को इंग्लैंड पर एक यादगार जीत दिलायी थी, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन कप्तान सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स की पवेलियन बालकनी में अपनी शर्ट उतारकर जश्न मनाया था। भारत ने तब 326 रन चेज़ किये थे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि महिलाओं के टेस्ट अब दिलचस्प व रोमांचक होते जा रहे हैं, इसलिए भारत की महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने एकबार फिर दोहराया है कि महिला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप शुरू की जानी चाहिए ताकि टेस्ट क्रिकेट, जिसमें खिलाड़ी के हुनर की असल परीक्षा होती है, को ज़िन्दा रखा जा सके।

# मेट्रोज में युवाओं की सोशल लाइफ बन गये हैं तेजी से बढ़ते रनिंग क्लब

विवेक कुमार

इतवार की सुबह के 6 बजे हैं। दिल्ली के लोधी गार्डेन, मुंबई के मरीन ड्राइव, बंग्लुरु के कब्बन पार्क और हैदराबाद के केबीआर पार्क में सैकड़ों युवा एक साथ दौड़ते दिखायी दे रहे हैं। दौड़ खत्म होने के बाद कोई कॉफी पर चर्चा कर रहा है, कोई अगले मैराथन की योजना बना रहा है और कोई नये दोस्तों के साथ तस्वीरें साझा कर रहा है।

यह दृश्य बताता है कि भारत के बड़े शहरों में 'रनिंग क्लब' अब केवल फिटनेस की जगह नहीं रहे बल्कि युवाओं की नयी सोशल लाइफ बन चुके हैं। जिस तरह एक समय कैफे, मॉल और पब युवाओं के मिलने-जुलने के प्रमुख ठिकाने थे, उसी तरह अब रनिंग ट्रैक और पार्क नई पीढ़ी के सामाजिक मिलन का केंद्र बन रहे हैं। दरअसल कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की रोजमर्रा की जीवनशैली में भारी बदलाव आया है। घर से काम, लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना और सीमित सामाजिक संपर्क ने युवाओं को ऐसी गतिविधियों की तलाश करना सिखा दिया है, जहां स्वास्थ्य भी सुधरे और लोगों से जुड़ने का अवसर भी मिले। रनिंग क्लबों ने इस जरूरत को बहुत अच्छी तरह से पूरा किया है। यहां कोई सदस्यता शुल्क नहीं है, कोई औपचारिकता नहीं है और न ही किसी विशेष फिटनेस की अनिवार्यता है। बस खेल भावना और नियमितता चाहिए।

यही कारण है कि आज कई रनिंग ग्रुप हर सप्ताह 5, 10 या 15 किलोमीटर की दौड़ आयोजित करते हैं, जिनमें नये और अनुभवी धावक एक साथ भाग लेते हैं। मौजूदा समय में हमारे महानगरों में नौकरी और अन्य कारणों से लाखों युवा अकेले रहते हैं, उनके लिए नये दोस्त बनाना आसान नहीं है। ऐसे में रनिंग क्लब उनकी इस कमी को पूरा करते हैं। दौड़ के दौरान होने वाली बातचीत, समूह अभ्यास और सप्ताहांत की गतिविधियां उन्हें स्वाभाविक रूप से एक दूसरे के साथ जोड़ती हैं। यही कारण है कि आज कई स्टार्टअप संस्थापक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार और कॉलेज स्टूडेंट रनिंग क्लबों के माध्यम से एक दूसरे से परिचित हो रहे हैं। कई लोगों के लिए तो यह पेशेवर नेटवर्किंग का भी एक प्रभावी मंच बन गया है। इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रनिंग क्लब की मौजूदगी इस ट्रेंड को और भी गति दी है।

हर सप्ताह समूह दौड़, मैराथन की तैयारी, फिटनेस चैलेंज और प्रेरणादायक कहानियां साझा की जाती हैं। इससे नये लोग भी इस संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। देश में पिछले कुछ सालों में मैराथन आयोजनों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ी है। आज मुंबई मैराथन, दिल्ली हॉफ मैराथन, बंग्लुरु, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई के प्रमुख रनिंग इवेंट्स में हजारों लोग भाग ले रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले अधिकांश नये धावक किसी रनिंग क्लब से जुड़कर ही तैयारी करते हैं। मजेदार बात यह है कि इनमें महिलाओं की भी मजबूत भागीदारी बनकर उभरी है। पहले सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की दौड़ सीमित दिखायी देती थी। लेकिन अब अनेक शहरों में महिला रनिंग ग्रुप भी अच्छी तरह से सक्रिय हैं। यह समूह महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, प्रेरणा और नियमित अभ्यास का अवसर देते हैं। कई महिलाओं ने इन रनिंग क्लबों के माध्यम से न केवल अपना स्वास्थ्य सुधारा है बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित दौड़ तनाव कम करने, अच्छी नींद पाने और मानसिक संतुलन बनाये रखने में मदद करती है।

## लघु कथा

भावना एक कुशल गृहिणी है। सुबह 6 बजे से उठकर वह गृहस्थी के सारे काम बड़े मनोयोग से करती। सबसे पहले घर को व्यवस्थित बुहार कर, नल का समय हो जाने पर पानी भरती। चाय बनाती, सबको नाश्ता देती, फिर अपने लड्डु गोपाल की सुध लेती। उन्हें तैयार करती, पोशाक बदलती, भोग लगाती और तल्लीन होकर पूजा करती। फिर वही दोपहर का भोजन बनाना, कपड़े धोना?, बच्चों का कमरा? और चीजों को व्यवस्थित करना, इतने में शाम हो जाती। थोड़ा सा सुस्ता कर शाम के खाने में लग जाती। किसी का भी ध्यान इस ओर नही गया कि वह सुबह से रात तक रोबोट की तरह काम करती रहती है। कभी अपने बारे में सोचने का शायद उन्हें समय ही नही मिलता। सबको लगता कि वह अपनी इसी दुनिया में खुश है।

? ?उसकी बेटी रसिका अब बड़ी हो गई है। बारहवीं पास कर अपने कालेज जाने के? सपने बुन रही है। एक दिन उसका ध्यान माँ की रोबोट जैसी जिंदगी की ओर गया।

सोचने लगी- क्या माँ के अपने कोई सपने नही है? क्या उनका अपना कोई शौक या हाबी नही है? मैंने उन्हें कभीहंसते-खिलखिलाते नही देखा। कभी कोई फरमाइश करते नहीं देखा। उन्हें इस जिंदगी से थोड़ा बाहर कैसे निकालूं? उन्हें अपने सपनों की याद कैसे दिलाऊं? कैसे बताऊँ कि इस छत के बाहर भी एक आसमां है, जहाँ खुशियों के पंख लगाकर उड़ा जा सकता है।

उसने एक तरकीब सोची। उसने माँ के नाम एक पत्र लिखा-

प्रिय? माँ!

तुम बहुत अच्छी और प्यारी हो। माँ! मै तुम्हें रोज सुबह से शाम तक रोबोट की तरह काम करते देखती हूँ। आप अपने लिए जीना भूल ग?ईहै।माँ!मैं तुम्हें खिलखिला कर हंसते हुए देखना चाहती हूँ। रात को हम छत पर चलेगे, तारे देखेंगे और पूनम के चांद के साथ प्रकृति के वैभव को निहारेगे। बहुत दिनों से आप छत पर भी नही ग?ईहै।

और हाँ माँ! कल रविवार है। सुबह के नाश्ते और खाने मे मैं आपकी मदद करूँगी। फिर हम पापा के साथ शापिंग करेंगे। आपने भी बहुत दिनों से अपने लिए साड़ी नहीं खरीदी है। फिर सराफे की चाट का आनंद लेगे। घर के बाहर भी एक जिंदगी है। तैयार रहना माँ।

आपकी रसिका

रसिका ने वह पत्र माँ के तकिये के नीचे रख दिया। सुबह जब माँ ने तकिये के नीचे वह छोटा सा कागज देखा तो रसिका की लिखावट देख कर किसी अनहोनी की कल्पना से सिहर उठी। लेकिन पढना शुरू किया तो उनकी आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। उन्होंने रसिका को आवाज दी और कस कर बाहों में भर लिया। दूसरे दिन शापिंग के बाद सराफा पहुंचे। वहाँ चाट के चटखारे के बाद जब भावना कुल्फी खा रही थी तो अतीत की यादों में खो ग?ई और कुल्फी की डंडी को चाटती रही। माँ के चेहरे की संतुष्टि और आनंद में डूबे मन को रसिका ने हल्के से थपकी दी और बोलीं- इस बेचारी डंडी को और कितना चाटोगी माँ। अब तो इसे छोड़ दो। और दोनों माँ- बेटी खिलखिला कर हंस पडी।



दैनिक विनय उजाला

कुसुम जैन शाजापुर
242 आलोक नगर इन्दौर

# सास की एक शर्त

बहू... इस घर की चाबी तुम्हें तभी दूँगी, जब तुम मेरी एक शर्त मानोगी। नई-नवेली दुल्हन काव्या ने चौंककर अपनी सास कमला देवी की ओर देखा। उसने सोचा, शायद मांजी घर के नियम बताएँगी... सुबह चार बजे उठना होगा, सिर पर पल्लू रखना होगा या किसी से ऊँची आवाज़ में बात नहीं करनी होगी।
काव्या ने धीरे से कहा, जी मांजी... आपकी हर बात मानूँगी।
कमला देवी अलमारी से चाबियों का बड़ा गुच्छा लेकर आईं। उन्होंने उसे काव्या की हथेली पर रखते हुए कहा, ये घर की चाबियाँ हैं... लेकिन मेरी शर्त सिर्फ एक है। क्या शर्त है मांजी? कमला देवी ने उसकी आँखों में देखते हुए कहा, इस घर में कभी किसी की गलती का फैसला उसी दिन मत करना। काव्या को बात समझ नहीं आई। मतलब?
कमला देवी मुस्कुराईं। गुस्से में इंसान गलती नहीं देखता, सिर्फ दोषी ढूँढता है। इसलिए इस घर में चौबीस घंटे का नियम है। कोई भी नाराज़गी हो, फैसला अगले दिन होगा। काव्या को यह बात अजीब लगी, लेकिन उसने सिर हिला दिया। कुछ दिन बाद सुबह-सुबह हड़कंप मच गया। ससुर जी की दवा की शीशी फर्श पर टूट गई थी। वह दवा बहुत महँगी थी और उसी दिन लानी थी। कमला देवी ने कुछ नहीं कहा। घर में काम करने वाली बाई घबराकर बोली, मालकिन... मुझसे गलती हो गई।
कमला देवी ने शांत स्वर में कहा, कोई बात नहीं। आज इस बारे में कोई कुछ नहीं बोलेगा। काव्या हैरान रह गई। उसे लगा, इतनी बड़ी गलती पर भी डाँट नहीं? अगले दिन कमला देवी ने बाई को बुलाया। कल तुम बहुत डर गई थीं? बाई रोने लगी। हाँ मालकिन... रातभर नींद नहीं आई। कमला देवी ने उसका हाथ पकड़ लिया। देखो, गलती दो तरह की होती है—एक लापरवाही की, दूसरी इंसान होने की। तुमने जानबूझकर नहीं तोड़ा था। आगे ध्यान रखना। बाई रोते-रोते उनके पैर छूने लगी। काव्या यह सब देखती रही। एक सप्ताह बाद खुद काव्या से बड़ी भूल हो गई। उसने जल्दी में वॉशिंग मशीन में ससुर जी की ऊनी शॉल डाल दी। शॉल सिकुड़ गई। उसकी कीमत भी बहुत थी और वह ससुर जी को उनके पिता की निशानी के रूप में मिली थी।
काव्या के हाथ काँपने लगे। अब तो मांजी बहुत नाराज़ होंगी। लेकिन कमला देवी ने वही कहा, आज कुछ नहीं बोलेंगे। उस रात काव्या रोती रही। उसे अपनी गलती बार-बार याद आती रही। अगले दिन उसने खुद सास के सामने जाकर कहा, मांजी... मुझे माफ़ कर दीजिए। मैं बहुत शर्मिंदा हूँ। कमला देवी ने उसे गले लगा लिया। देखा बहू... अगर मैं कल ही डाँट देती, तो तुम सिर्फ मेरी डाँट याद रखती। लेकिन एक रात सोचने के बाद तुम्हें अपनी गलती खुद समझ आ गई। काव्या की आँखों से आँसू बह निकले। कमला देवी बोलीं, डर इंसान को कुछ समय के लिए बदलता है, लेकिन समझ पूरी ज़िंदगी के लिए। समय बीतता गया।
काव्या अब इस नियम को समझने लगी थी। एक दिन अमित ऑफिस से लौटे तो बहुत चिड़चिड़े थे। उन्होंने बिना बात किए खाना खाया और कमरे में चले गए। काव्या को बहुत बुरा लगा। उसने तय कर लिया कि आज वह भी उनसे बात नहीं करेगी।
इतने में कमला देवी उसके पास आईं। क्या हुआ? मांजी, इन्होंने मुझसे ठीक से बात तक नहीं की। कमला देवी मुस्कुराईं। फैसला आज करोगी या कल? काव्या चुप हो गई। अगली सुबह अमित खुद उसके पास आए। माफ़ करना... कल दुकान में बहुत बड़ा नुकसान हो गया था। दिमाग काम नहीं कर रहा था। काव्या को अपनी सास की सीख याद आ गई। अगर उसने उसी रात झगड़ा कर लिया होता, तो बात बढ़ जाती। उसने मुस्कुराकर कहा, अब चाय पीजिए... बाकी बातें बाद में। कुछ महीनों बाद पड़ोस में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला का बेटा उन्हें वृद्धाश्रम छोड़ आया। पूरा मोहल्ला उस बेटे को कोस रहा था। काव्या भी बोली, कैसा बेटा है! लेकिन कमला देवी ने कहा, पूरी कहानी जाने बिना किसी पर फैसला मत करो। दो दिन बाद पता चला कि बेटा खुद कैंसर से जूझ रहा था और इलाज के लिए दूसरे शहर जा रहा था। उसने माँ को अकेला छोड़ने के बजाय ऐसी जगह रखा था जहाँ उनकी देखभाल हो सके। काव्या का सिर झुक गया। कमला देवी ने कहा, बहू, आधा सच अक्सर पूरे झूठ से ज्यादा खतरनाक होता है। उस दिन के बाद काव्या ने लोगों पर तुरंत राय बनाना छोड़ दिया। साल बीत गए। कमला देवी बूढ़ी हो गईं।
एक दिन उन्होंने वही चाबियों का गुच्छा फिर से काव्या के हाथ में रखा। आज से यह घर पूरी तरह तुम्हारा है। काव्या की आँखें भर आईं। मांजी, आपने मुझे चाबियाँ तो पहले ही दे दी थीं।
कमला देवी मुस्कुराईं। नहीं बहू... उस दिन मैंने तुम्हें सिर्फ लोहे की चाबियाँ दी थीं। आज मैं तुम्हें इस घर के रिश्तों की चाबी दे रही हूँ। वह कौन-सी? कमला देवी ने धीमे से कहा, जिस घर में लोग एक-दूसरे को समझने से पहले फैसला नहीं सुनाते, वहाँ रिश्ते कभी बूढ़े नहीं होते। कुछ वर्षों बाद जब काव्या खुद सास बनी, उसकी बहू से गलती से उसकी सबसे प्रिय चाय की केतली टूट गई। बहू डर के मारे रोने लगी। काव्या ने मुस्कुराकर सिर्फ इतना कहा, बेटी... आज नहीं। इस घर में किसी की गलती का फैसला अगले दिन होता है। बहू हैरान होकर उसे देखने लगी। काव्या की आँखों में अपनी सास की छवि तैर रही थी। उसे समझ आ गया था कि घर दीवारों से नहीं, बल्कि उन नियमों से बनते हैं जो रिश्तों को टूटने से बचाते हैं। उस दिन से उस घर में एक परंपरा शुरू हुई—गुस्से में कभी फैसला नहीं होगा। पहले एक रात गुज़रेगी, फिर बात होगी। और शायद यही वजह थी कि उस घर में बर्तन कभी-कभी टूटते थे, लेकिन रिश्ते कभी नहीं।

दैनिक विनय उजाला

– प्रमोद मिश्रा
शिक्षक पेढ़ी



### बांकीपुर की जनता ने मुझे काम करना सिखाया

# नीरज सिन्हा विकास यात्रा को देंगे नई गति : नितिन

पटना, एजेंसी

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से उनका रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक और भावनात्मक है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा क्षेत्र में सेवा और विकास की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।**

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान मीडिया से बातचीत में नितिन नवीन ने कहा कि एक दिवसीय प्रवास के दौरान वह अपने क्षेत्र के लोगों के बीच इसलिए आए हैं, क्योंकि यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, यह मेरा क्षेत्र रहा है और यहां की जनता की अपेक्षा थी कि मैं उनके बीच आऊं। एक कार्यकर्ता, विधायक और जनप्रतिनिधि के रूप में यह मेरी जवाबदेही है कि मैं अपने लोगों के साथ खड़ा रहूं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने एक मंडल अध्यक्ष जैसे समर्पित कार्यकर्ता नीरज कुमार सिन्हा को उम्मीदवार बनाकर



संगठन की कार्यकर्ता-आधारित संस्कृति को मजबूत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बांकीपुर की जनता नीरज सिन्हा को भी वही स्नेह और आशीर्वाद देगी, जो उन्हें वर्षों से मिलता रहा है।

नितिन नवीन ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा ने इस क्षेत्र में संघर्ष और सेवा की मजबूत परंपरा स्थापित की थी। उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने भी करीब 20 वर्षों तक क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर काम किया। उन्होंने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि बांकीपुर की जनता और यहां के कार्यकर्ताओं ने ही मुझे काम करना सिखाया और आज जिस मुकाम पर हूं, वहां तक पहुंचाने में जनता के विश्वास और स्नेह की सबसे बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बांकीपुर में सड़क, पेयजल, बिजली, पार्क, सामुदायिक भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान भी लोगों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दी गई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वेंडिंग जोन, कम्युनिटी टॉयलेट और अन्य नागरिक सुविधाओं को भी और मजबूत किया जाएगा। नितिन नवीन ने कहा कि राज्यसभा सदस्य बनने के बाद भी बांकीपुर उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में भी वह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे और नीरज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बांकीपुर की विकास यात्रा को नई गति मिलेगी।

### प्रशांत किशोर लड़ें या तेजस्वी, बांकीपुर में भाजपा ही जीतेगी : शंभू शरण पटेल

भारतीय जनता पार्टी के सांसद शंभू शरण पटेल ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव, चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के दावों और राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने विश्वास जताया कि बांकीपुर सीट पर भाजपा एक बार फिर बड़ी जीत दर्ज करेगी। साथ ही राम मंदिर



से जुड़े चोरी के मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बांकीपुर उपचुनाव को लेकर शंभू शरण पटेल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, यह सीट लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रही है और इस बार पार्टी पहले से भी अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल करेगी। चाहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे, प्रशांत किशोर खुद चुनाव लड़ें या फिर तेजस्वी यादव ही उम्मीदवार बन जाएं, नतीजा भाजपा के पक्ष में ही रहेगा। उन्होंने कहा, भाजपा के पूर्व विधायक और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कार्यकाल में बांकीपुर क्षेत्र के विकास पर 750 से 800 करोड़ रुपए खर्च किए गए। जिन इलाकों में पहले लोग जाना पसंद नहीं करते थे, वहां आज बेहतर सड़क और एक्सप्रेसवे जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू गठबंधन की सरकार ने सुशासन और विकास के आधार पर जनता का विश्वास जीता है और इसी भरोसे के साथ पार्टी दोबारा जनता के बीच वोट मांगने जा रही है।

### जनशक्ति जनता दल की प्रत्याशी वीणा मानवी का नामांकन रद्द

# तेज प्रताप बोले- साजिश हुई, कोर्ट जाएंगे

पटना, एजेंसी

**बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनशक्ति जनता दल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की उम्मीदवार वीणा मानवी का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। नामांकन खारिज होने की जानकारी मिलते ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव पटना कलेक्ट्रेट पहुंचे और निर्वाची पदाधिकारी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली।**

#### जान-बूझकर वीणा का नामांकन रद्द कराया

निर्वाची पदाधिकारी से मिलने के बाद तेज प्रताप यादव ने मीडिया से कहा कि उनकी पार्टी की उम्मीदवार के साथ साजिश की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर वीणा मानवी का नामांकन रद्द कराया गया है। तेज प्रताप ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और इस फैसले को अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा, हम कोर्ट जाएंगे और कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। हमारी उम्मीदवार के साथ अन्याय हुआ है और हमें न्याय जरूर मिलेगा।




#### नामांकन के बाद हुई थी गिरफ्तारी

जानकारी के मुताबिक, वीणा मानवी ने 13 जुलाई को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जनशक्ति जनता दल की ओर से नामांकन दाखिल किया था। इसके बाद पटना पुलिस ने उन्हें एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा भी किया। हालांकि, देर शाम उन्हें अदालत से जमानत मिल गई थी।

#### हलफनामे में जानकारी छिपाने का आरोप

बताया जा रहा है कि वीणा मानवी ने अपने नामांकन के साथ जमा किए गए हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले की जानकारी नहीं दी थी। इसी वजह से उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, वर्ष 2009 के एक मामले (837/2009) में वीणा मानवी को पहले ही अदालत से जमानत मिल चुकी थी, लेकिन इस मामले का उल्लेख हलफनामे में नहीं किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने इसी आधार पर उनका नामांकन निरस्त कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### लालू यादव के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत, आमिर खान देशभक्त हैं : श्याम रजक




**पटना, एजेंसी।** जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक श्याम रजक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय-सीमा के भीतर सुनवाई पूरी करने के निर्देश का स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने अभिनेता आमिर खान का बचाव करते हुए उन्हें देशभक्त बताया और कहा कि उनके निजी जीवन को राजनीतिक विवाद का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। वन नेशन, वन इलेक्शन का भी उन्होंने समर्थन किया।

श्याम रजक ने कहा कि लालू प्रसाद यादव से जुड़ा मामला लंबे समय से न्यायालय में लंबित है और सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि छह महीने के भीतर इसका निपटारा होना चाहिए, एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने अच्छी बात कही है कि छह महीने के अंदर इसका निपटारा हो जाना चाहिए। जो भी हो, दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। मामला अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खिंचना चाहिए। जमानत देना या नहीं देना पूरी तरह न्यायपालिका का अधिकार है और इस पर किसी राजनीतिक व्यक्ति या अन्य किसी व्यक्ति को टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। देश की जनता भी चाहती है कि इस मामले का जल्द से जल्द अंतिम निर्णय हो।

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे द्वारा अभिनेता आमिर खान पर लगाए गए आरोपों और उनकी फिल्मों के बहिष्कार की अपील पर श्याम रजक ने तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आमिर खान जैसे कलाकार पर टिप्पणी करने वालों का अपना इतिहास जनता के सामने है और ऐसे लोगों को इस तरह की टिप्पणी करने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है। आमिर खान देश के प्रमुख फिल्म कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों और देश की महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रखा है। ऐसे कलाकारों को सम्मान मिलना चाहिए, न कि उनका विरोध किया जाना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह आमिर खान को देशभक्त मानते हैं, तो श्याम रजक ने कहा कि इसमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी देशभक्ति पर कोई प्रश्नचिह्न नहीं लगा सकता। आज तक ऐसा कोई इतिहास नहीं है जिससे उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाया जा सके। उनकी फिल्मों में भी देशभक्ति की भावना दिखाई देती है। किसी व्यक्ति का निजी जीवन उसका व्यक्तिगत विषय है और उसे लव जिहाद जैसे राजनीतिक विमर्श से जोड़ना उचित नहीं है।

वन नेशन, वन इलेक्शन के मुद्दे पर जदयू विधायक ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इससे आर्थिक संसाधनों की बचत होगी और प्रशासनिक व्यवस्था भी अधिक प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकेगी। इस व्यवस्था से बार-बार चुनाव कराने की आवश्यकता कम होगी, जिससे सरकारी मशीनरी विकास कार्यों पर अधिक ध्यान दे सकेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस विषय पर जल्द निर्णय लेकर भविष्य में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे देश और जनता दोनों को लाभ मिलेगा।

### लाडकी बहिन योजना में महिलाओं से धोखा : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना से बड़ी संख्या में महिलाओं को बाहर किए जाने पर सरकार को घेरा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये देने का वादा किया गया था और चुनाव के बाद इसे 2,100 रुपये करने की घोषणा की गई थी लेकिन अब लाखों महिलाओं को योजना से बाहर कर दिया गया है। कांग्रेस ने इसे धोखा बताया। कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मजदूरी करने वाली 62 लाख महिलाओं को ई-केवाईसी के नाम पर योजना से बाहर कर दिया गया, जबकि 1 लाख 80 हजार महिलाओं को उम्र का हवाला देकर निकाल दिया गया। चुनाव के समय भाजपा ने महिलाओं को मां-बहन कहकर वोट मांगे लेकिन चुनाव खत्म होते ही उन्हें योजना से बाहर कर दिया।

# राकांपा एपी में अध्यक्ष पद के चुनाव पर रार

### प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा-कोर कमेटी की बैठक में होगा फैसला

मुंबई, एजेंसी

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) एपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव को पार्टी के ही एक पदाधिकारी द्वारा कानूनी चुनौती देने के बाद राजनीति गरमा गई है। राकांपा एपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मंगलवार को कहा कि इस मामले में कानूनी सलाह ली जाएगी और इसके बाद पार्टी की कोर कमेटी में निर्णय लिया जाएगा।**

राकांपा एपी के पूर्व अध्यक्ष अजीत पवार के आकस्मिक निधन के बाद पार्टी की ओर से अध्यक्ष पद का चुनाव करवाया गया था और अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया था। इसी चुनाव को राकांपा एपी के राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह ने चुनौती दी है। सिंह ने नए सिरे से चुनाव कराने और अध्यक्ष पद के चुनाव के साथ नेशनल वर्किंग कमेटी के पदाधिकारियों की संशोधित सूची को अमान्य घोषित करने की मांग की है। उनकी ओर से 9 जुलाई को सुनेत्रा पवार को भेजे गए कानूनी नोटिस में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि राकांपा एपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार की



असामयिक मृत्यु के बाद, नेशनल वर्किंग प्रेसिडेंट प्रफुल्ल पटेल को उस पद पर कार्यवाहक के तौर पर काम करना था, जब तक कि बाकी कार्यकाल के लिए चुनाव न हो जाए। यह चुनाव 16 फरवरी को भारत निर्वाचन आयोग को सौंपे गए संशोधित संविधान के अनुसार होना था। सात पन्नों के इस नोटिस में बताया गया है कि कैसे राकांपा के जनरल सेक्रेटरी बृजमोहन श्रीवास्तव ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना, 18 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया और चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी । नोटिस में यह भी कहा गया है, उन्होंने संविधान के अनुसार नियुक्त कार्यवाहक प्रमुख की मंजूरी के बिना नए प्रेसिडेंट को चुनने के लिए राष्ट्रीय अधिवेशन भी बुलाया। इसलिए, पार्टी प्रेसिडेंट के तौर पर नोटिस पाने वाली नंबर 1 (सुनेत्रा पवार) का चुनाव गंभीर रूप से सवालों के घेरे में है।

#### भेजे गए नोटिस

सुनेत्रा पवार, प्रफुल्ल पटेल और बृजमोहन श्रीवास्तव को नोटिस भेजा गया है। इसमें पार्टी को कार्रवाई करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है, ऐसा न करने पर सिंह ने अदालत जाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि सुनेत्रा पवार के पार्टी अध्यक्ष का पद संभालने के बाद सिंह और श्रीवास्तव, दोनों को पार्टी की नई नेशनल वर्किंग कमेटी में शामिल नहीं किया गया था।

#### चव्हाण ने खारिज किए आरोप

राकांपा एपी के प्रवक्ता सूरज चव्हाण ने कानूनी नोटिस में लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव पूरी तरह से पार्टी के संविधान और चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार कराए गए थे। चव्हाण ने पत्रकारों को बताया कि यह सिर्फ़ सनसनी फैलाने की कोशिश है। सभी डेलीगेट्स ने सर्वसम्मति से सुनेत्रा जी को पार्टी का नया अध्यक्ष चुना था। इसके बाद प्रदेश राकांपा अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि सच्चिदानंद सिंह की ओर से भेजे गए नोटिस पर कानूनी सलाह ली जाएगी। इसके बाद पार्टी की कोर कमेटी की बैठक होगी और उस बैठक में वकीलों की ओर से दी गई कानूनी सलाह पर चर्चा की जाएगी। इसी बैठक में सच्चिदानंद की नोटिस का जवाब दिए जाने का फैसला लिया जाएगा। साथ ही इसी बैठक में सच्चिदानंद पर कार्रवाई पर चर्चा और अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने रखी एक बड़ी शर्त

# दो पन्ने पढ़कर सुनाएं, उद्धव के राम रक्षा आंदोलन में शामिल होऊंगा...

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को चर्चा में बनाए रखने के लिए, उद्धव ठाकरे मुंबई के बाद अब 18 जुलाई को नागपुर में रामरक्षा आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की। इस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने ठाकरे को चुनौती दी है।



सीएम ने ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा कि वे रामरक्षा पाठ के कम से कम दो पन्ने पढ़कर सुनाएं। फड़नवीस ने कहा कि अगर ठाकरे इसे पढ़ने के इच्छुक हैं, तो वे भी इसमें शामिल होने को तैयार हैं। उन्होंने दोहराया कि ठाकरे को कम से कम रामरक्षा के दो पन्ने पढ़ने तो आने ही चाहिए।

**क्या राम रक्षा के बारे में कोई जानकारी है...**- मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा, वह राम रक्षा आंदोलन का आयोजन कर रहे हैं, लेकिन क्या उन्हें वास्तव में राम रक्षा के बारे में कोई जानकारी है। मैं निश्चित रूप से उनके आंदोलन में शामिल होऊंगा और राम रक्षा स्तोत्र का पाठ भी करूंगा, लेकिन मेरा सवाल यही है, यह किस प्रकार का अनूठा आंदोलन है, जिसका नेतृत्व एक ऐसा व्यक्ति कर रहा है जिसेराम रक्षा' का ज्ञान ही नहीं है और न ही वह इसके अर्थ को समझता है। इस महीने की शुरुआत में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कथित राम मंदिर दान विवाद मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की, पार्टी पर इस मुद्दे का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और 5 जुलाई से राज्यव्यापी राम रक्षा आंदोलन की घोषणा की।

**मातोश्री में विधायकों और एमएलसी के साथ बैठक...** ठाकरे ने मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित अपने आवास मातोश्री में शिवसेना (यूबीटी) के विधायकों और एमएलसी के साथ बैठक की थी। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से कहा कि आंदोलन को नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और रत्नागिरी जैसे शहरों सहित जिला स्तर तक विस्तारित किया जाना चाहिए। बता दें कि राम मंदिर में दान के कथित गबन का मामला 7 जून को सामने आया।

### जेपीसी के सामने मंत्रियों ने रखा पक्ष

# वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में उप्र सरकार

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के तमाम नेताओं ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने लखनऊ में अध्ययन यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश के कई मंत्री शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के मामले को लेकर संसदीय समिति का हम स्वागत करते हैं। सरकार की ओर से समर्थन में हमने अपना पक्ष रखा है। उत्तर प्रदेश सरकार इसके पक्ष में है। हमने अपना सुझाव दे दिया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है और यह देशहित में है। यह देश के विकास के हित में है। देश की प्रगति की दिशा में लिया गया एक कदम है। मैंने ये बातें समिति के सामने रखी हैं और मांग की है कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातें जो चर्चा में आती हैं, उनके आधार पर मुख्य बात को दरकिनार नहीं किया जा सकता। सभी बातों को ध्यान में रखकर मुख्य बात को नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष की बातों में कोई दम नहीं होता। वह अच्छे कामों को रोकने की कोशिश में रहता है।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा हमने अपना पक्ष रखा है और एक देश, एक चुनाव के पक्ष में हैं। यह एक अच्छी व्यवस्था होगी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए, इससे खर्च भी कम होगा। हमने यही बातें समिति के सामने रखी हैं।

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव राष्ट्र के हित में है। इसका पूरा समर्थन सरकार ने किया है।

### दीपके का इशारा...

# चुनावों में उतरने के लिए तैयार है सीजेपी

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली के जंतर-मंतर पर करीब एक महीने से आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जन्म भले ही सोशल मीडिया पर एक मजाक के रूप में हुआ, लेकिन युवाओं का एक वर्ग इसे उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।**

गठन के बाद चंद दिनों में ही भाजपा और कांग्रेस की तुलना में अधिक सोशल मीडिया फॉलोअर्स जुटाने वाली सीजेपी को लेकर बार-बार यह सवाल उठ रहा है कि क्या भविष्य में यह एक राजनीतिक दल का स्वरूप लेगी? अभिजीत दीपके की टीम से जब इस पर सवाल किया गया तो उन्होंने 'हां या ना' से बचते हुए भी विकल्पों के खुले होने की ओर इशारा जरूर कर दिया।



दीपके और उनके प्रवक्ताओं से जंतर-मंतर पर इंटरव्यू के दौरान राजनीति में उतरने के विकल्प को लेकर सवाल किया गया तो सीजेपी फाउंडर ने खुद इसका जवाब देने की बजाय इशारा प्रवक्ताओं की ओर किया। एक एक करके तीनों ही प्रवक्ताओं ने अपने-अपने शब्दों में जवाब दिया, लेकिन अपने भविष्य को लेकर उन्होंने कोई स्पष्ट रूपरेखा जाहिर नहीं की। कई लोग सीजेपी के भविष्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, क्योंकि सोशल मीडिया फॉलोअर्स का रिकॉर्ड बनाने वाली 'पार्टी' जंतर-मंतर पर भीड़ जुटाने में सफल नहीं हुई है।

#### राजनीति खराब चीज नहीं : दहिया

एक इंटरव्यू में जब दीपक और उनके साथियों से सवाल किया गया तो सीजेपी फाउंडर ने कहा कि हम अभी से इस पर क्या बोलें। उन्होंने अपने प्रवक्ताओं की ओर इशारा किया तो सबसे पहले विजेता दहिया ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कहा कि राजनीति खराब चीज नहीं है। दहिया ने कहा, 'मैं यह कहूंगा कि बहुत से लोग कहते हैं कि अच्छा ये राजनीति में आना चाहते हैं। पहले तो हमें यह परसेप्शन (साफ) करना चाहिए कि राजनीति कोई खराब चीज नहीं है और लोगों को आना चाहिए। लेकिन अभी हमें लगता है कि जन आंदोलन की तरह इसकी संभावना ज्यादा है। लोगों में यह चेतना होना कि लोकतंत्र का मतलब यह नहीं कि आप पांच साल में वोट देकर आ गए। जिनको आपने वोट दिया उनसे लगातार सवाल करना।'

### मौलाना शहाबुद्दीन ने योगी को लिखा पत्र

# वक्फ संपत्तियों की सही जांच हो तो राम मंदिर दान मामला भूल जाएंगे लोग

लखनऊ, एजेंसी

**राम मंदिर दान मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अब ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने दावा किया है कि अगर वक्फ संपत्तियों की सही से जांच करवा दी जाए तो लोग राम मंदिर दान मामला भूल जाएंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियों से सही जांच होने पर अरबों-खरबों का घोटाला सामने आएगा।**

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि उन्होंने सुन्नी और शिया वक्फ बोर्डों की जांच के लिए योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगया कि समाजवादी पार्टी की सत्ता के दौरान



उसके सदस्यों ने वक्फ की जमीनों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के चारों कार्यकाल के दौरान आजम खान के पास लगातार अल्पसंख्यक मामलों और वक्फ का विभाग रहा। उन्होंने अपने ही साथियों को चेयरमैन और सदस्य नियुक्त किया। इन सदस्यों और अधिकारियों ने जमीन माफिया और बिल्डरों के साथ मिलकर करोड़ों की जमीन बहुत कम कीमत पर बेच दी।

#### शिया धर्मगुरु ने भी की जांच की मांग

शिया धर्मगुरु सैयद सैफ अब्बास ने भी वक्फ बोर्ड में जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पता नहीं क्यों सरकार जांच की मांग के बाद भी जांच क्यों नहीं करवा रही है। उन्होंने कहा, हमने लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि वक्फ बोर्ड की जांच हो, क्योंकि वक्फ बोर्ड के कामकाज में कई कमियां हैं। यह कोई नई मांग नहीं है, हम बरसों से यह मांग उठा रहे हैं कि वक्फ बोर्ड में गड़बड़ियां हो रही हैं। वहां जमीनों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं और इसी तरह कुछ जमीनें सरकार के कब्जे में भी हैं। सैयद सैफ अब्बास ने आगे कहा कि पारदर्शिता से जांच होनी चाहिए और जांच में जो भी दोषी निकलकर सामने आए, उस पर एक्शन होना चाहिए। दोषियों पर किसी भी तरह की कोई रियायत नहीं दी जानी चाहिए।

#### वक्फ घोटाले के आरोप निराधार, ज्ञानवापी का समाधान बातचीत से हो : मौलाना खालिद रशीद

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कथित वक्फ जमीन घोटाले, ज्ञानवापी विवाद और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के हॉस्टल मेस में मांसाहारी भोजन पर रोक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने वक्फ संपत्तियों में अनियमितताओं के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने ज्ञानवापी विवाद के समाधान के लिए बातचीत का समर्थन किया। शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड में करोड़ों रुपए की गड़बड़ी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा, वक्फ मुसलमानों का एक आंतरिक धार्मिक मामला है। वक्फ बोर्ड के अनुसार लगभग 90 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों में मस्जिदें, कब्रिस्तान, दरगाहें और इमामबाड़े शामिल



हैं। मस्जिदों और कब्रिस्तानों की खरीद-बिक्री नहीं होती और दरगाहों के संबंध में भी इस तरह के आरोप तथ्यहीन हैं। बिना ठोस साक्ष्यों के इस प्रकार के आरोप लगाना उचित नहीं है। ज्ञानवापी विवाद पर उन्होंने कहा, यदि दोनों पक्ष आपसी बातचीत और मध्यस्थता के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास करें तो यह सकारात्मक पहल होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बातचीत के जरिए समाधान तलाशने का सुझाव दिया है। यदि दोनों पक्ष खुले मन और ईमानदारी के साथ संवाद करें तो विवाद का कोई स्वीकार्य समाधान निकल सकता है, जो देश के हित में भी होगा। ज्ञानवापी मस्जिद में लंबे समय से धार्मिक गतिविधियां होती रही हैं और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। केजीएमयू के हॉस्टल मेस में मांसाहारी भोजन पर रोक लगाने के फैसले पर भी मौलाना खालिद रशीद ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, विभिन्न अध्ययनों के अनुसार भारत की बड़ी आबादी मांसाहारी भोजन का सेवन करती है। ऐसे में किसी शैक्षणिक और चिकित्सा संस्थान में नॉन-वेज भोजन पर प्रतिबंध लगाना उचित नहीं माना जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गोपालपुरा की बालिका दूसरे स्थान पर



**कसरावद,निप्र।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में के व्यंकट विद्या विहार हाई स्कूल गोपालपुरा की छात्रा प्रियंका श्यामचंद बासूली ने तहसील में द्वितीय स्थान प्राप्त कियाद्य उपलब्धि पर संस्था - डायरेक्टर रविंद्र शर्मा व संस्था प्राचार्य माया शर्मा द्वारा प्रियंका श्यामचंद बासूली ग्राम देवला की छात्रा का विद्यालय स्तर पर उत्साह वर्धन किया गया साथ ही शुभकामनाएं दी गई। समस्त स्टाफ द्वारा बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ ही तहसील स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर कुमारी प्रियंका श्यामचंद बासूली को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मुख्य अतिथियों द्वारा छात्रा प्रियंका श्याम चंद्र बासूली को सील्ड व प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही छात्रा की इस उपलब्धि की सराहना की गई।

### पुलिस प्रशासन की रात्रि कालीन कॉम्बिंग गशत

**खरगोन,निप्र।** पुलिस प्रशासन की अपनी रात्रि कालीन कॉम्बिंग गशत में 09 स्थायी वारंटियों, 63 गिरफ्तारी वारंटियों और 04 फरार आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ साथ थाना क्षेत्र में मौजूद 97 लिस्टेड गुंडों तथा 63 निगरानी बदमाशों की भी सघन चेकिंग भी की गई, जिससे की क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके ।

### रोजगार मेले में हुआ 42 आवेदकों का चयन



**बड़वानी,निप्र।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगारोन्नमुखी योजनांतर्गत मंगलवार कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन भगवान बिरसा मुण्डा शासकीय महाविद्यालय, पाटी में किया गया। मेले में 125 बेरोजगार आवेदकों द्वारा पंजीयन कराते हुए सहभागिता की। मेले में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 42 आवेदकों की प्रारंभिक रूप से चयन की कार्यवाही की गई। जिला रोजगार अधिकारी टीएस डुडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार मेले में केडिट एक्सेस ग्रामीण लिमि0 इंदौर द्वारा 08 युवओ का तथा बायो स्पून प्रा0लि0पीथमपुर के द्वारा 34 युवाओं का चयन किया गया। वही जिले में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मछली पालन विभाग में 06 आवेदकों ने, आदिवासी वित्त विकास निगम में 13 आवेदकों ने, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में 02 आवेदकों ने, पशुपालन विभाग में 08 आवेदकों ने तथा स्टार स्वरोजगार विभाग में 35 आवेदकों ने स्वरोजगार हेतु आवेदन किये। मेले में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परवेज मोहम्मद एवं स्टॉफ, श्री सापलिया, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाटी, संजय बरवरे, स्टार स्वरोजगार बड़वानी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, आदिवासी वित्त विकास निगम, श्रीमती अनुराधा पाटीदार, प्रभारी जिला प्रबंधक, एनआरएलएम उपस्थित रहकर विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यकम का संचालन महाविद्यालय की डॉ. अंजुबाला जाधव एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मंशाराम बघेल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से बदली हरप्रीत कौर की जिंदगी

**बड़वानी,निप्र।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम समय पर बीमारी की पहचान, नि :शुल्क उपचार और सतत पुनर्वास के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक



परिवर्तन ला रहा है। इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल है ग्राम उमर्टी की बालिका हरप्रीत कौर बरनाला। जब हरप्रीत लगभग दो वर्ष की थी, तब उसके परिवार ने देखा कि आवाज देने पर भी वह कोई प्रतिक्रिया नहीं देती थी। सबसे पहले उसके दादा जी को संदेह हुआ कि बच्ची को सुनने में कठिनाई हो सकती है। इसके बाद राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के एएमओ डॉ. शांतिलाल खरते द्वारा स्क्रीनिंग की गई और बच्ची को आगे की जाँच एवं उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बड़वानी स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र भेजा गया। आवश्यक जाँचें नोबल हॉस्पिटल, इंदौर में कराई गईं, जहाँ विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि बच्ची को कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की आवश्यकता है। 6 फरवरी 2021 को हरप्रीत की सफल सर्जरी की गई। इस उपचार पर लगभग 6.50 लाख का व्यय आया, जिसकी पूरी राशि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत वहन की गई। परिवार को उपचार के लिए कोई आर्थिक भार नहीं उठाना पड़ा। सर्जरी के बाद लगभग एक वर्ष तक नियमित स्पीच थेरेपी नि :शुल्क कराई गई। निरंतर उपचार, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से हरप्रीत ने सुनना और स्पष्ट रूप से बोलना शुरू कर दिया। आज वह पूरी तरह आत्मविश्वास के साथ सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्राप्त कर रही है तथा सेंट पॉल स्कूल, ढाणी (धामनोद) में कक्षा दूसरी की छात्रा है।

### जिला चिकित्सालय से दस्तक अभियान का शुभारंभ

**खरगोन,निप्र।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिला चिकित्सालय, खरगोन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा किया गया। जिले में यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की घर-घर जाकर जांच कर गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान, उपचार एवं आवश्यकतानुसार रेफरल सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रत्येक घर तक पहुंचेगी। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, दस्त, बुखार, जन्मजात विकृतियां, विकास में विलंब, कम वजन, टीकाकरण से वंचित बच्चों सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान की जाएगी।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 77 आवेदकों की समस्याएं

# ग्रामीणों को मिले नियमित एवं स्थायी बिजली : श्रीमती सिंह

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 77 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को अपने शिकायत एवं समस्या का निराकरण प्राप्त हो सके।

**पति की मृत्यु होने पर नहीं मिली नियमानुसार राशि :** जनसुनवाई में ग्राम ब्राम्हणगांव निवासी श्रीमति मोनिका कौशल पति स्व. श्री रितेश कौशल ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठीकरी में वार्डबाय के पद पर पदस्थ थे। उनके पति की मृत्यु 09 सितम्बर 2025 को हो गई है। पति की मृत्यु के पश्चात् उन्हे नियमानुसार मिलने वाला 300 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत होने के बाद भी उन्हे उसकी राशि अभी तक प्राप्त नही हुई है और ना ही अन्य लाभ एवं अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। इस संबंध में वे बार-बार विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रही है परन्तु उनकी कोई सुनवाई नही हो रही है, अतः उन्हे राशि दिलवाई जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग के स्थापना अकाउंटेंट संतोष निगवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं उन्हे पद से पदावनीति (डिमोशन) करने के निर्देश दिए।

**आने-जाने का रास्ता खुलवाया जाये:** जनसुनवाई में ग्राम सेगवाल निवासी रामकिशन पिता सुखलाल ने आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम के राहुल पिता मांग्या के द्वारा कई साल पुराने आने-जाने के रास्ते को बंद कर दिया गया है।अतः रास्ता खुलवाया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति सिंह ने आवेदन में तहसीलदार ठीकरी को निर्देशित किया कि वे एमसीआरसी 131 में प्रकरण दर्ज कर निराकरण कराये।

जनसुनवाई में ग्राम सालीकला के ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि उनके ग्राम में विद्युत विभाग द्वारा कुछ समय पूर्व विद्युत पोल स्थापित कर दिये गये थे। परन्तु अभी तक उक्त पोल पर विद्युत तार नही खींचे गये, जिसके कारण ग्राम के अवाया फलिया एवं बंदोड़पुरा फलिया में विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाएं नही है। विद्युत आपूर्ति के अभाव में ग्रामीणों को अंधकारमय जीवन जीना पड़ता है। अतः विद्युत विभाग पोल पर तार लगाकर ग्राम में नियमित एवं स्थायी बिजली आपूर्ति प्रारंभ करें। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति सिंह ने आवेदन को विद्युत विभाग के जिला अधिकारी को भेजकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

**पुत्र का करवाया जाये छात्रावास में प्रवेश :** जनसुनवाई में ग्राम मण्डवाड़ा निवासी श्रीमति रेशम पति विजय ने आवेदन देकर बताया कि उनके लड़के इशान बड़ोले कक्षा 8वीं उत्तीर्ण कर 9वीं कक्षा में गया है। वे अपने पुत्र का जनजातीय छात्रावास में प्रवेश करवाना चाहती है। अतः उनके पुत्र का जनजातीय छात्रावास में प्रवेश करवाया जाये। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया।

### कलेक्टर श्रीमती राठौर ने की जनसुनवाई

**खरगोन,निप्र।** प्रभारी कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर वीरेंद्र कटारे एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए।

### पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई : आवेदकों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**खरगोन,निप्र।** प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक खरगोन डॉक्टर रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खरगोन बिट्टू सहगल के द्वारा आवेदकों की पारिवारिक, महिला, जमीनी, आपसी विवाद और संपत्ति सम्बन्धी शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

# नाली के बीच मौत का खंभा! शिकायतों के बाद भी नहीं हटा बिजली पोल

### हादसे की आशंका से दहशत में रहवासी

विनय उजाला






**महेश्वर,निप्र।** नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित लक्ष्मीबाई मार्ग पर बहती नाली के बीच वर्षों से खड़ा बिजली विभाग का लोहे का पोल स्थानीय रहवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। रहवासियों का आरोप है कि यह पोल नियमों के विपरीत नाली के बीच लगाया गया है और बारिश के मौसम में इसमें कंपन तथा करंट आने जैसी स्थिति बनने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय निवासी विकास सप्तऋषि ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडलेश्वर को लिखित आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि संबंधित मार्ग नर्मदा पहुंच मार्ग होने के साथ ही पास में विद्यालय भी स्थित है, जिससे दिनभर बच्चों, महिलाओं और श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल बन गया है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत क्रमांक 39108342 के तहत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने यह भी दावा किया कि बिजली विभाग द्वारा पोल को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का प्राक्कलन और कार्य आदेश तक जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद आज तक पोल नहीं हटाया गया। रहवासियों का आरोप है कि बरसात में नाली में लगातार नमी रहने से पोल कमजोर हो चुका है और उसमें कंपन महसूस होता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल पोल को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराया जाए।

### अवैध गांजे की तस्करी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

**खरगोन,निप्र।** बिस्टान थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भगवानपुरा से बिस्टान की ओर आने वाले मोटरसाईकिल पर सवार दो लोगों को पकड़ा। जिन्होंने अपने नाम रितेश पिता शोभाराम बघेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बैजापुरा बरुड और रवि पिता हुकूम आरोले उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मगरखेड़ी बलकवाडा बताया। बिस्टान पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 75,000/- रुपये मूल्य का 02 किलो 700 ग्राम अवैध गाँजा और तस्करी में उपयोग की गई लगभग 50,000/- रुपए मुल्य की मोटरसाईकिल साइकल कीमती लगभग 50,000/- को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपितों के विरुद्ध बिस्टान थाने में अपराध क्रमांक 181/26 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया।



### महेश्वर में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का शुभारंभ, अब घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम

विनय उजाला

**महेश्वर,निप्र।** बारिश के मौसम में बच्चों को डायरिया, निमोनिया और कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत अस्पताल की ओपीडी में ओआरएस कॉर्नर स्थापित किया गया, जहां बीएमओ डॉ. अतुल गौर के निर्देशन में नर्सिंग ऑफिसर मोनू परमार एवं राधिका कौशल ने उपस्थित लोगों को ओआरएस घोल बनाने की सही विधि और उसके उपयोग की जानकारी दी।

अभियान के अंतर्गत विकासखंड महेश्वर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों वाले प्रत्येक घर का सर्वे किया जाएगा। ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर मीनाक्षी माहुले ने बताया कि यह विशेष अभियान 14 जुलाई से 31 दिसंबर तक चलेगा। कार्यक्रम में मलेरिया निरीक्षक रविंद्र पालनपुर, स्वास्थ्य सुपरवाइजर संगीता सेन, भगवती वर्मा, फार्मासिस्ट कविता चौहान, सूर्य प्रकाश मंडलोई, साजिद खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा संचालित '' सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ '' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर स्थित नर्मदा कॉन्वेंट स्कूल बड़वानी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की स्वच्छता आईईसी टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय संचालक एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर की उपस्थिति में लगभग 500 छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

आईईसी टीम ने विद्यार्थियों को अपने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने, नियमित रूप से साबुन अथवा हैंडवॉश से हाथ धोने तथा स्वच्छ आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 की जानकारी देते हुए गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में प्रवेश मेले का आयोजन

# विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, ऑनलाइन आवेदन की दी विस्तृत जानकारी

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय, बड़वानी में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रवेश मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना,उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी देना तथा प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाना था। प्रवेश मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रमोद पंडित ने कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, रोजगार, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उपलब्ध नवीन अवसरों का लाभ उठाते हुए नियमित अध्ययन एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने भविष्य को संवारने के लिए समय पर महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहिए।

कॉलेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल पाटीदार ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों,प्रवेश नियमों,छात्रवृत्ति योजनाओं,कैरियर मार्गदर्शन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस),सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव, मोहल्ले, रिश्तेदारों एवं परिचितों के ऐसे छात्र-छात्राओं को भी महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें,जिन्होंने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि 'हर विद्यार्थी एक नए विद्यार्थी को महाविद्यालय तक लाने का संकल्प ले', तभी कॉलेज चलो अभियान का उद्देश्य सफल होगा।

प्रवेश प्रभारी डॉ.दिनेश पाटीदार ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी देते हुए आवेदन, दस्तावेज सत्यापन, मेरिट सूची, प्रवेश पुष्टि एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। वहीं ऑनलाइन प्रवेश प्रभारी डॉ. मानक सोलंकी ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रवेश मेले में उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, छात्रवृत्ति एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया।

### आज विश्व युवा कौशल दिवस पर युवाओं की कहानी अपनी जुबानी

# रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में स्वावलंबी बन रहे प्रशिक्षणार्थी

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बड़वानी के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में स्वावलंबी बन रहे हैं। विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के उपलक्ष्य में स्वावलंबी बने युवाओं की कहानी अपनी जुबानी बताई गई है। पंकज बामनिया, गणेश तोमर एवं रोहित परिहार द्वारा आईटीआई बडवानी से आईटीआई उत्तीर्ण कर देश की विख्याात कंपनियों में रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त कर रहे हैं

1. आईटीआई उत्तीर्ण युवा **पंकज बामनिया** बताते है कि 12वीं के बाद वर्ष 2021 में शासकीय आईटीआई बडवानी से कोपा व्यवसाय में परीक्षा उत्तीर्ण की संस्था के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राहुल पाटीदार द्वारा इंदौर की एक आईटी कंपनी साफ्ट्यूड बाय सिसमेट्रिक इनफोटेक में वर्ष 2022 में इंटरव्यू दिलवाया गया जिसमे मेरा चयन आईटी सपोर्ट असिसटेंट के पद पर हो गया । उसके बाद जॉब के साथ-साथ प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की इंटर्नशिप कंपनी द्वारा प्रदान की गयी एवम अच्छे प्रदर्शन एवं मेहनत के द्वारा मुझे आज हैदराबाद की एक दिग्गज कंपनी साफ्टवेक सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड में जॉब ऑफर हुई और वर्त्तमान में मेरा सालाना







पैकेज 7 लाख रुपये है। इस जॉब से मुझे सामाजिक रूप से पहचान और आर्थिक मदद प्राप्त हुई है, इससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है और में आईटीआई परिवार एवं मध्यप्रदेश शासन का धन्यवाद कहना चाहता हूं ।

2. **गणेश तोमर** ने वर्ष 2022-24 में आईटीआई बडवानी से इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से आईटीआई डिप्लोमा प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया । अनुदेशक श्री अम्बाराम मोरे द्वारा मुझे इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय से सम्बंधित क्षेत्र में नौकरी करने हेतु प्रोत्साहित किया गया संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर राहुल पाटीदार द्वारा संस्था में आयोजित किये जाने वाले सभी प्लेसमेंट ड्राइव में हमें मोक इंटरव्यू और इंडस्ट्री ट्रेंड की जानकारी प्रदान की गयी। उनके मार्गदर्शन में संस्था में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में पुणे की एक कंपनी में इंटरव्यू दिया और सिलेक्शन होने पर उक्त कंपनी में 13000 के स्टाइफण्ड पर ज्वाइन किया।कंपनी में 2 साल अनुभव प्राप्त करने के बाद इस वर्ष मार्च 2026 मैने स्वयं का व्यवसाय ' सूर्योदय सोलर प्राइवेट लिमिटेड ' नाम से प्रारभ किया जिसमे मेरे द्वारा सोलर पैनल इंस्टालेशन एवम सर्विस की सेवाए देना प्रारभ की है। मेरे द्वारा अन्य 4 युवको को रोजगार प्रदान किया जा रहा है ,इस व्यवसाय से मुझे मासिक आय लगभग 40 से 50 हजार रुपये महिना अर्जित हो रही है एवं अपने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान कर पा रहा हुं।

3. **रोहित परिहार** बताते है कि उन्होने शासकीय आईटीआई बडवानी से वर्ष 2018 में मैकेनिक डीजल से आईटीआई उत्तीर्ण की हैं।उसके पश्चात उन्होने आयशर मोटर्स पर एक वर्ष का अप्रेंटिसशिप किया । उसके बाद टाटा मोटर्स पुणे जॉब मेंटनेंस डिपार्टमेंट में तकनीशियन के पद पर कार्य किया । मेरी मेहनत और लगन देखकर मुझे समय-समय पर प्रमोशन मिलता गया, आज में सर्विस इंजीनियर की पोस्ट पर कार्यरत हूं और मेरी वार्षिक सैलरी 4.80 लाख रूपये हैं ।

### मिशन पोषण ज्योति अंतर्गत कलेक्टर सिंह के मार्गदर्शन में 3 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पहचान, होगा नि :शुल्क इलाज

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जिले में अति गंभीर कुपोषित बच्चों की सेहत सुधारने के लिए संचालित मिशन पोषण ज्योति के तहत स्वास्थ्य विभाग की 13 मोबाइल टीमों द्वारा सघन स्वास्थ्य परीक्षण और स्क्रीनिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में किए गए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान राजपुर और पानसेमल विकासखंडों में 3 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई है। इन बच्चों में राजपुर ब्लॉक के उपला सेक्टर अंतर्गत फकीरा फलिया के आयांश जाधव (माता रीना सिसौदिया), पानसेमल ब्लॉक के दोंदवाड़ा सेक्टर के पाडल्या की शारदा गिरासे (माता पांगी गिरासे) तथा पानसेमल के ही जलगांव सेक्टर अंतर्गत बंधारा खुर्द स्कूल फलिया के मुन्ना लता विशाल (माता लता बर्डे) शामिल हैं, जिन्हें शासन की मदद से उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों में नि:शुल्क जांच के लिए के लिए भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में करेंगे बलराम कृषि महोत्सव-2026 का शुभारंभ

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर में 'बलराम कृषि महोत्सव-2026' का शुभारंभ करेंगे। वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी परिसर इंदौर में हो रहा है। महोत्सव में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीजों, नवीन कृषि यंत्रों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी, जिससे खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं समृद्ध बन सके। महोत्सव में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उत्कृष्ट किसानों का सम्मान भी किया जाएगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण, कृषि यंत्रों एवं उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन तथा किसानों को तकनीकी साहित्य भी उपलब्ध कराया जाएगा। महोत्सव में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। किसानों को विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों से सीधे संवाद का और अपनी समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें नवीन तकनीकों एवं बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी भी मिलेगी। महोत्सव में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं, ऑनलाइन कृषि परामर्श, मौसम आधारित खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, स्मार्ट सिंचाई, उन्नत कृषि यंत्रों तथा आधुनिक कृषि प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी भी दी जाएगी। विशेषज्ञ किसानों को बदलती जलवायु के अनुरूप खेती की नई पद्धतियों एवं जोखिम प्रबंधन के उपायों से भी अवगत कराया जायेगा। बलराम कृषि महोत्सव में कृषि विभाग के साथ उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास तथा अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। विभागीय स्टॉलों पर किसानों को योजनाओं की जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, तकनीकी परामर्श तथा प्रदर्शनियों के माध्यम से नवीन कृषि नवाचारों से परिचित कराया जाएगा। महोत्सव प्रदेश में कृषि विकास को नई गति देने, किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को तकनीक आधारित, लाभकारी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रज्जू भैया को श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक परम पूज्य प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि रज्जू भैया का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा। उन्होंने सादगी, आत्मीयता, संगठन कौशल और व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को नई ऊर्जा और व्यापक दिशा प्रदान की।

### मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी के चार खिलाड़ी भारतीय टीम में, मस्कट में दिखाएंगे दम

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। पुरुष वर्ग



में आयुष रजक (गोलकीपर) एवं करण गौतम तथा महिला वर्ग में महक परिहार (गोलकीपर) एवं नौशीन नाज़ (फॉरवर्ड) का भारतीय टीम में चयन यूथ हॉकी5S एशियन चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 20 से 25 जुलाई 2026 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होगी।

**पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में मध्यप्रदेश की दमदार मौजूदगी :** पुरुष वर्ग की भारतीय टीम में आयुष रजक और करण गौतम का चयन प्रदेश की मजबूत हॉकी संरचना एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है। वहीं महिला वर्ग में महक परिहार और नौशीन नाज़ की जगह भारतीय टीम में बनना यह दर्शाता है कि मध्यप्रदेश की बेटियां भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**प्रदेश के लिए गौरव, देश के लिए उम्मीद :** ढचारों खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग की खेल प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। यह उपलब्धि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और विश्वास दिलाती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण से विश्व मंच तक पहुंचना संभव है।

**18 एशिया कप की सफलता के बाद अब हॉकी5ह एशियन चैंपियनशिप में नई चुनौती :** भारतीय टीम में चयनित इन खिलाड़ियों ने हाल ही में जापान के काकामिगाहारा में आयोजित - 18 एशिया कप-2026 में भी अपने शानदार प्रदर्शन से देश और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया था।

**नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के वितरित किये किट**

# अवैध कारोबार में लिप्त गिरोह के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान' ने सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत समाज को जागृत करने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने नक्सलवाद को डेडलाइन से पहले खत्म कर दिया गया है। प्रदेश से अब लाल सलाम को आखिरी सलाम कर दिया गया है। राज्य सरकार पुलिस विभाग में पदोन्नति के साथ सभी अच्छे कार्यों के लिए साथ खड़ी है। नशे का कोई भी प्रकार एक व्यक्ति और समाज को नष्ट करता है। वर्तमान दौर में नशे की कई प्रकार की चुनौतियां हैं। हमारी सरकार ने नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए 19 धार्मिक स्थलों के आसपास नशा और शराबबंदी लागू की है। नशा मुक्ति




अभियान में धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं भी अहम भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवीन्द्र भवन में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की पूर्व संध्या पर आयोजित शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशा मुक्त मध्यप्रदेश बनाने और नशा न करने की शपथ दिलवाई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले कहा जाता था कि अगर किसी को बर्बाद करना है तो उसे नशे की लत लगा दो, पूरा परिवार अपने आप खत्म हो जाएगा। राज्य सरकार हर तरह के नशे के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। इसमें समाजिक जागृति की भी आवश्यकता भी है। प्रदेश की पुलिस नशे के अवैध कारोबार में लिप्त संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। राज्य सरकार पड़ोसी राज्यों से भी आवश्यक समन्वय कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने वर्ष 2029 तक भारत को नशा मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में मध्यप्रदेश पुलिस भावी पीढ़ी को स्कूल, कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर हेल्पलाइन और काउंसलिंग कर नशे से दूरी बनाने के लिए प्रेरित कर रही है। नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास के कार्य भी तेजी से चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नशा हर तरह से समाज को बर्बाद करता है। इसलिए नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ नरमी छोड़ें और सख्ती से पेश आएं। नशे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई हो, जो नजीर बन जाए। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। स्कूल और कॉलेजों में नशा मुक्ति के लिए कोर्स भी शुरू किए गए हैं। पुलिक महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री मकवाणा के परिवार में आई दुख की घड़ी में हम सभी साथ हैं।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसी उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग कार्य कर रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस के पिछले वर्ष अभियान को अभूतपूर्व सफलता मिली। समाज के हर वर्ग को जोड़कर सभी स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता कार्यक्रम को आयोजित किए गए। नशा, नाश की जड़ है, यह पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। मध्यप्रदेश में भी नशा मुक्ति अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण होगा। सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस के साथ मिलकर जन जागरूकता अभियान को आगे बढ़ा रहा है।

विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा। इस अभियान में एनसीसी, एनएसएस, खेल एवं व्यापारिक समितियों और नागरिक समितियों के माध्यम से लोगों को जागरुक करेंगे। पहले अभियान ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना स्थान दर्ज कराया। ब्रिटेन की संसद में भी मध्यप्रदेश पुलिस की इस पहल को सराहना मिली। दुनिया में 33 करोड़ से अधिक लोग नशे की लत से पीड़ित हैं।

### विभागों के समन्वय की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशे के विरुद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए विभागों के आपसी समन्वय की सराहना की। सामाजिक न्याय विभाग ने जहां प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे टी-शर्ट, बैनर, बैज आदि का प्रकाशन किया, वहीं पुलिस विभाग ने सामुदायिक सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत युवाओं में नशा मुक्ति के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए। उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य तथा इस विषयक चार-क्रेडिट कोर्स लॉंच किये गये। इससे युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, नशे से मुक्त रहने तथा सामाजिक सुरक्षा की भावना विकसित करने की प्रेरणा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा विभाग के साथ पुलिस ने लगातार स्कूली छात्रों को सामाजिक सुरक्षा एवं अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा जन सुरक्षा संवाद एवं सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका का प्रकाशन किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लॉन्च किया 'दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म'

**पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी, पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे का भी हुआ शुभारंभ**

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक के दौरान हुई इस लॉन्चिंग से पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। यह व्यवस्था देश में पंचायतों के पूर्णत: डिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अभिनव पहल है।

**प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में ऑडिट प्रक्रिया होगी तेज :** केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान की राशि के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के समयबद्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भारत के महालेखाकार के निर्देशन में पंचायती राज संचालनालय द्वारा एनआईसी के तकनीकी सहयोग से



ऑनलाइन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर जाकर ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से किसी भी पंचायत के सभी प्रकार के आय व्यय सम्बन्धी अभिलेख देख सकते हैं तथा उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाएगी। इसके उपयोग से सीमित कर्मचारियों द्वारा भी समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा। इस प्रणाली के क्रियान्वयन से समय और संसाधनों की बचत के साथ वित्तीय जवाबदेही और सुशासन को मजबूती मिलेगी।

**इन नवाचारों से विभागीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही के साथ सुशासन को मिलेगा बढ़ावा :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल पर आरंभ पेमेंट गेटवे पंचायत राज संचालनालय द्वारा एनआईसी, जल निगम एवं यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से पंचायतें नागरिकों के बिल जेनरेट कर सकेगी। गेटवे पर कोई भी नागरिक बिल का पेमेंट घर बेठे कर सकता है और ऑनलाइन ही रसीद भी प्राप्त कर सकता है। इससे लोगों के श्रम और समय दोनों की बचत होगी तथा पंचायत का अभिलेख भी स्वत: ही निर्मित होता चला जायेगा। सेवाओं में पारदर्शिता और कार्यों का समयबद्ध निस्तारण होगा। इन नवाचारों से विभागीय प्रक्रियाओं में जवाबदेही अधिक होने के साथ ही सुशासन को बढ़ावा भी मिलेगा।



# जेलों की व्यवस्थाओं का महानिदेशक डॉ. कपूर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रदेश की जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश डॉ. वरुण कपूर द्वारा 13 जुलाई 2026 को देवास जिले की सब जेल सोनकच्छ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. कपूर ने जेल की पाकशाला, गोदाम, बैरकों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा सुरक्षा, स्वच्छता एवं बंदियों के रखरखाव से संबंधित व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक मरम्मत एवं आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन के लिये प्रस्ताव शीघ्र जेल मुख्यालय भेजने के निर्देश भी दिए।

महानिदेशक डॉ. कपूर ने निरीक्षण में केवल बंदियों की समस्याओं का ही नहीं, बल्कि जेल कर्मचारियों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं का भी गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने कर्मचारियों के लिए नवीन आवासों का शीघ्र निर्माण कराए जाने तथा आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# जीवों सेव से करुणा का संदेश, पक्षियों को दी नई उड़ान, साजं वेलफेयर सोसाइटी ने की गौसेवा और मछलियों को कराया आहार

विनय उजाला

**भोपाल।** सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देने के उद्देश्य से साजं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक प्रेरणादायी सेवा अभियान चलाया गया। संस्था के सदस्यों ने मंदिर परिसर में पिंजरों में बंद पक्षियों को मुक्त कर उन्हें खुला आसमान दिया।

संस्था का कहना है कि अब तक वह 5000 से अधिक पक्षियों को आज़ाद कर चुकी है और यह अभियान निरंतर जारी है। सेवा अभियान के दौरान सदस्यों ने तालाब में मछलियों को आहार भी दिया तथा मंदिर परिसर स्थित गौशाला में गौमाता की सेवा करते हुए उन्हें हरा चारा और भोजन कराया। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि जीवों के प्रति दया, करुणा और सेवा की भावना केवल पशु-



पक्षियों का ही नहीं, बल्कि मानव जीवन का भी कल्याण करती है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत बनाते हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ी-सी भी जिम्मेदारी निभाए, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सेवा कार्यों से मिलने वाली आत्मिक संतुष्टि और मानसिक शांति व्यक्ति को बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रुचिता जैन, अरुण कुमार जैन, रीता मूलचंदानी, शिखा जोशी, पूर्वा त्रिवेदी, अक्षिता जैन, नितिन राय, हर्षित जैन, अजय सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जीव सेवा ही सच्ची मानव सेवा है, के संदेश के साथ संपन्न हुए इस अभियान ने समाज को यह प्रेरणा दी कि छोटे-छोटे सेवा कार्य भी किसी जीव के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं और करुणा से भरा समाज ही वास्तविक रूप से समृद्ध समाज होता है।

**साहित्य और सृजन का उत्सव बना 'ख़याल अपना सा', नई प्रतिभाओं को मिला मंच**

# साहित्य शब्दों का संयोजन नहीं, संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत माध्यम : अभिलाषा श्रीवास्तव

**आकांक्षा फाउंडेशन के ओपन माइक में कविता, गीत और हास्य का सजा रंगारंग मंच**

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** आकांक्षा फाउंडेशन द्वारा आयोजित ख़याल अपना सा ओपन माइक का सफल आयोजन रविवार को गजानन रसोई, मीनाल रेजिडेंसी गेट क्रमांक-3 के सामने, भोपाल में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की उभरती हुई प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कवियों, गायकों, स्टैंड-अप कॉमेडियनों, कहानीकारों और अन्य कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कविता, ग़ज़ल, गीत, कहानी, हास्य और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। प्रत्येक प्रस्तुति का दर्शकों ने




तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता सिंह एवं वरिष्ठ कवयित्री अभिलाषा श्रीवास्तव रहीं। अपने संबोधन में हेमलता सिंह ने कहा कि ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच का वातावरण निर्मित करते हैं तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ कवयित्री अभिलाषा श्रीवास्तव ने कहा कि, साहित्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि संवेदनाओं और संस्कारों का जीवंत माध्यम है। जब युवाओं को अपनी बात कहने के लिए ऐसा खुला मंच मिलता है, तो उनकी रचनात्मक ऊर्जा समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। ख़याल अपना सा जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी पहचान बनाने और सकारात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आकांक्षा फाउंडेशन की इस सार्थक पहल की सराहना करते हुए इसे साहित्य और संस्कृति के संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

आकांक्षा फाउंडेशन के डायरेक्टर आदर्श शर्मा ने कहा कि ख़याल अपना सा केवल एक ओपन माइक नहीं, बल्कि युवाओं की भावनाओं, विचारों और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का मंच है। संस्था का उद्देश्य हर उस प्रतिभा को अवसर देना है जो अपनी कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहती है। फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रिंसी शर्मा ने कहा कि आकांक्षा फाउंडेशन सदैव युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत रहा है। ख़याल अपना सा जैसे आयोजन नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक सहभागिता की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी कलाकारों, अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**हथाईखेड़ा सिविल हॉस्पिटल में रोगी कल्याण सभा की बैठक हुई**

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए करें हरसंभव प्रयास: गौर

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जनहितैषी बनाने और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न बस्तियों में नियमित स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे आमजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों और अधिक से अधिक मरीज सरकारी अस्पतालों की सेवाओं का लाभ उठा सकें। राज्यमंत्री श्रीमती गौर हथाईखेड़ा



सिविल अस्पताल में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की कमी या समस्या को लंबित न रखा जाए। इसके लिए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि रोगी हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और अस्पताल की कार्यप्रणाली भी उसी अनुरूप होनी चाहिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से क्षेत्रीय स्तर पर जन संपर्क बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अस्पताल का निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, उपचार व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से अस्पताल में मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा स्टाफ के व्यवहार के संबंध में भी फीडबैक लिया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने निरीक्षण में प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया और चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता तथा मरीजों की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

# भारतीय संस्कृति और सेवा भाव ही सशक्त समाज की आधारशिला : मंत्री कुशवाह

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने सामाजिक न्याय विभाग के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यशाला क्रिएटिंग अ वेल फंक्शनिंग केयर इकॉनोमी का शुभारंभ किया।

मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक कमजोर एवं वंचित वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



विभाग सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वरिष्ठ नागरिक कल्याण तथा पुनर्वास सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपराएं और पारिवारिक मूल्य हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। ग्रामीण क्षेत्रों की समरस संस्कृति, सामाजिक सहभागिता तथा महिलाओं की सक्रिय भूमिका भारतीय जीवन मूल्यों को सशक्त बनाती है। बुजुर्गों का सम्मान, उनकी सेवा और परिवार के प्रति जिम्मेदारी सदैव से भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है। वर्तमान समय में इन मूल्यों को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखनी चली जब छंद की राह पर... डॉ. इकबाल मोदी ने अदबी महफिल में बांधा समां



**देवास,निप्र।** बज्म-ए-उर्दू अदब, देवास के तत्वावधान में मरहूम शायर हुसैन अहमद शान एवं शरीफ हयात की याद में स्थानीय अंजुमन भवन में एक भव्य अदबी नशिस्त (काव्य गोष्ठी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देवास सहित इंदौर, भोपाल, खंडवा और तराना से आए शायरों ने अपनी बेहतरीन गजलें, नज़्में और अशआर प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ शायर अकबर देवासी ने नात-ए-पाक से किया। इसके बाद तराना के शायर भुरू अंसार ने अपने प्रभावशाली अशआर सुनाकर महफिल को रंगीन बना दिया। इसके पश्चात एक-एक कर सभी शायरों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। नशिस्त में शफीक सादिक, अब्दुल गनी (खंडवा), रूपाली सक्सेना (भोपाल), चांद अंजुम जौहरी, शाकिर शादाब, फिरोज़ पेंथर, अंजुम देवासी, शाकिर नक्शबंदी, रईस अनवर, यूनुस गौहर, तस्दीक साकी, जाकिर हुसैन ज़ाकिर (इंदौर), मकसूद नश्तरी, आरिफ वारसी, अकबर देवासी, इस्माइल नजर, हाफिज़ कारी, साहिल सुलेमान, मकसूद शाह एवं डॉ. इकबाल मोदी ने अपने उम्दा कलाम पेश किए। कार्यक्रम का सफल एवं सधी हुई शैली में संचालन (निजामत) शायर इस्माइल नजर ने किया, जबकि अंत में शरीफ खान मामू ने सभी अतिथियों, शायरों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद बाली घोसी, साधना प्रजापत, युवा नेता शकील अपना, जमील शेख, रफीक खान, इलियास शेख, साबिर पठान, हकीम भाई सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल में हुआ दस्तक अभियान का शुभारंभ



**कन्नौद,निप्र।** सिविल अस्पताल कन्नौद में दस्तक अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष जाट ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप धूत एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बीएमओ डॉ लोकेश मीणा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों में होने वाली बीमारियों और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण चलेगा। दस्तक दल जिसमें एएनएम ,आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में निर्धारित दिवस में घर-घर जाकर स्वास्थ्य की दस्तक देंगे। इस दौरान दल के द्वारा कुपोषण, डायरिया, निमोनिया की जांच और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी। दल के द्वारा घर पर प्रत्येक बच्चे को दो दो ओआरएस के पैकेट तथा 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाएगा ।दस्त रोग से पीड़ित बच्चों का प्रोटोकॉल अनुसार उपचार व रेफरल सेवा दी जावेगी ।9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की तथा 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की दवा पिलाई जाएगी। गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को रेफर किया जाएगा और शेष बच्चों का समुदाय स्तर पर इलाज एवं प्रबंधन किया जावेगा ।जांच के दौरान यदि गंभीर कुपोषित बच्चे मिलते हैं तो उनको एनआरसी में भरती कर उनका कुपोषण दूर किया जाएगा ।कमजोर बच्चों को कुपोषण दूर करने के लिए आहार संबंधी तथा माता को स्तनपान के संबंध में सलाह दी जावेगी।

### रिश्तों को कलंकित करने वाले भाई के हत्यारे भाई को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया

**बड़वानी,निप्र।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज एक्ट) बड़वानी लीलाधर सोलंकी द्वारा पारित अपने फैसले में हत्या करने के आरोप में आरोपी सुमित पिता दिनेश पंवार उम्र 18 वर्ष निवासी विद्युत नगर हवा बंगला के पास इंदौर (म.प्र.) को धारा 103(1) बीएनएस में आजीवन कारावास व 10,000 रूपये अर्थदंड व धारा एवं 238 बीएनएस में 03 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। उक्त प्रकरण को प्रशासन द्वारा चिन्हित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में चिन्हित किया गया था अभियोजन के प्रस्तुत तर्क एवं वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्य के साक्ष्य से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी सुमित को आजीवन कारावास से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री महेश पटेल सहायक निदेशक अभियोजन जिला बड़वानी म.प्र. अभियोजन अधिकारी बडवानी द्वारा की गई। अभियोजन मीडिया प्रभारी श्रीमती मीना कुशवाह सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बड़वानी ने बताया कि सूचनाकर्ता अरविंद ने 20 सितम्बर 2025 को थाना राजपुर में उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी कि इंदिरा सागर नहर में गांव के अजय पिता दिनेश पंवार निवासी ग्राम खड़कल की लाश पड़ी है। भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संदेही मृतक के भाई सुमित पिता दिनेश पंवार से घटना के संबंध में पूछताछ करते सुमित द्वारा बताया कि उसके भाई अजय की पत्नी छाया से उसके अवैध शारीरिक संबंध थे।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू होने पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# सफाई मित्रों को स्वच्छता संबंधी नियमों का दिया प्रशिक्षण

विनय उजाला





**देवास,निप्र।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पूरे देश में लागू किया गया। नियमों के निर्देशानुसार इसका क्रियान्वयन करने हेतु जिला एवं निगम प्रशासन के द्वारा सोमवार को स्थानिय मल्हार स्मृति आडिटोरियम मे नगर निगम देवास एवं जिले की नगर परिषदों के पदाधिकरियों एवं सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता संबंधि नियमों के पालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ निगम सभापति रवि जैन के द्वारा कलेक्टर ऋतुराजसिंह, आयुक्त दलीप कुमार, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिहं बैस के साथ मॉ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

**कलेक्टर ने दिए नियमों के पालन के लिए दिशा निर्देश :** कलेक्टर ऋतुराजसिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के लागू होने पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में सभी नगर परिषदों द्वारा अपने शहर को स्वच्छ व सुन्दर रखने के लिय किये जाने वाले कार्यो के विषय में बताते हुए कहा कि अब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कानूनी रूप से बंधनकारी रहेगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सॉलिड वेस्ट से हम सभी को चुनोती है इसके लिए हमे लगातार कार्य करना है। हमें निरंतर वार्डो मे हर गली मोहल्ले मे प्रतिदिन स्वच्छता का ध्यान रखना है। अब अधिक से अधिक नागरिकगण स्वच्छता के बारे मे जागरूक हो चुके हैं हमें वार्डो से कचरा संग्रहण वाहन मे ही गीला व सुखा कचरा डले, खुले प्लाटों मे कचरा ना डले, कचरे का रिड्युज एवं रिसायकल का कार्य भी घरों पर करने हेतु नागरिकों को ओर जगरूक करना होगा। अब खुले प्लाटो पर कचरा डालना, कचरा जलाना, गंदगी फैंलाने पर दरोगा पर दंण्डात्मक कार्रवाई होगी। अब जिले की नगर परिषदों के स्वच्छता के कार्यो की भी समीक्षा की जावेगी। एप के माध्यम से रिर्पोटिग भी होगी तथा दिशा निर्देशों पर स्वच्छता के कार्य होगें।

#### दृढ संकल्पित होकर जिले को स्वच्छता में नम्बर वन बनाना है : सभापति

सभापति रवि जैन ने कहा कि हमारा म.प्र. स्वच्छ एवं स्वस्थ्य आप सभी सफाई मित्रों के कारण है। 1 अप्रेल 2026 से सर्वोच्च न्यायालय के नियम 2026 के अनुसार नियमो का पालन तथा स्वच्छता के लिये किये जा रहे कार्यो में ओर अधिक ध्यान आकर्षण करना होगा। इस कार्यशाला मे प्रशिक्षण प्राप्त कर देवास निगम के साथ जिले की नगर परिषदों को भी दृढ संकल्पित होकर स्वच्छता के कार्यो को करना है ओर जिले को स्वच्छता मे नम्बर वन बनाना है।

**आयुक्त ने दी जानकारी :** इस अवसर पर आयुक्त ने निगम देवास के स्वास्थ्य विभाग के अमले के द्वारा स्वच्छता व स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधि किये गये कार्यो की जानकारी दी तथा निगम के स्वच्छता निरीक्षणकों, दरोगाओं, सफाई मित्रों के द्वारा अपने दायित्वों से किस तरह से शहर को स्वच्छ व सुन्दर रखा जा रहा है तथा रहवासी संघों, ब्रांड एम्बेस्डरों व नागरिक संस्थाओं द्वारा शहर मे स्वच्छता को लेकर किये गये उल्लेखनिय कार्यो के बारे मे भी बताया। आयोजित कार्यशाला में सोनकच्छ, भौंरासा, पिपलरांवा, टोंकखुर्द नगर परिषदों के पदाधिकारी एवं दरोगा तथा सफाई मित्रों ने देवास नगर निगम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत स्वच्छता संबंधि गाईड लाईन तथा स्वच्छता के लिए किये जा रहे कार्यों के साथ नये दिशा निर्देश को लेकर प्रशिक्षक अजय सिन्हा से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सॉलिड वेस्ट मेनेंजमेंट नियम 2026 को लागू करने तथा नियम 2026 के दिशा निर्देशों की भी जानकारी उपस्थित सभी निगम के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के सफाई मित्रों को दी।

## जनसुनवाई : अपर कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुन निराकरण के दिये निर्देश

विनय उजाला



**देवास,निप्र। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर संजीव जैन ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपर कलेक्टर जैन ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।**

**प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाये :** जनसुनवाई में आवेदिका सीमाबाई निवासी नेवरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर जैन ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

**ये आवेदन भी हुए प्राप्त :** जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

#### भूमि का सीमांकन करवाया जाए

जनसुनवाई में आवेदक राधेश्याम निवासी गंधर्वपुरी ने भूमि का सीमांकन कराने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर जैन ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ दिलवाया जाए :** जनसुनवाई में आवेदक विजय कलेसरिया निवासी सुकल्या ने डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना का लाभ दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर जैन ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

## घर-घर पहुंचकर होगी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

विनय उजाला

**खरगोन,निप्र।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित दस्तक अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिला चिकित्सालय, खरगोन से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा किया गया। जिले में यह अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की घर-घर जाकर जांच कर गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान, उपचार एवं आवश्यकतानुसार रेफरल सुनिश्चित करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान ने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रत्येक घर तक पहुंचेगी। इस दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, दस्त, बुखार, जन्मजात विकृतियां, विकास में विलंब, कम वजन, टीकाकरण से वंचित बच्चों सहित अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान की जाएगी। चिन्हित बच्चों को आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ जरूरत पड़ने पर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर भी किया जाएगा।

## कलेक्टर श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री रवि वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल, जिला परियोजना समन्वयक सुश्री सोनालिका अछाले सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनशिक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों के नामांकन को गति देने और विभागीय प्राथमिकताओं को समय सीमा में पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कक्षा पहली में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में जिले में 96 प्रतिशत नामांकन दर्ज किया जा चुका है, जिसे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। इसके साथ ही बैठक में कक्षा पहली से 12वीं तक जितने भी बच्चे नामांकन के लिए शेष रह गए हैं, उनकी स्कूलवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इस कार्य को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए सभी जनशिक्षकों को पूरी गंभीरता से कार्य करने और एक सप्ताह के भीतर अंतिम अवसर के रूप में नामांकन का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, जिला समन्वयक अधिकारी को ऐसे स्कूलों की फील्ड में जाकर भौतिक रूप से पुष्टि करने के निर्देश दिए गए हैं जहाँ नामांकन दर 90 प्रतिशत से कम दर्ज की गई है।

यूडाइस पोर्टल पर अपार आईडी जनरेट करने के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को इसे प्राथमिकता पर रख कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष बचे हुए विद्यार्थियों की अपार आईडी जनरेट करने के कार्य की गति बढ़ाने के लिए नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर निदेशित की जाए। इस कार्य में जनशिक्षकों द्वारा की गई प्रगति की भी बैठक में बारीकी से समीक्षा की गई।

## मप्र में केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त मिले : पटवारी



विनय उजाला

**देवास,निप्र।** देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में और प्रदेश में मुफ्त शिक्षा की मांग को लेकर 14 जुलाई से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर से युवा स्वाभिमान सायक्लोथान रैली का आगाज़ किया है। ये यात्रा 2 दिन में राजधानी भोपाल पहुंचेगी।

उक्त रैली के देवास आगमन पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में रसुलपुर चौराहे पर रैली की आगवानी की गई। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि शहर के विभिन्न चौराहों पर कांग्रेसजनों द्वारा स्वागत पश्चात सयाजी द्वार पर जीतू पटवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं है। राहुल गांधी ने देश के छात्रों की शिक्षा की सुरक्षा के लिए देशभर में छात्रों की गूंज अभियान शुरू किया है। इस अभियान का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है, बल्कि मकसद सिर्फ देश के भविष्य को बचाना और संवारना है। स्कूलों में शिक्षकों का घोर अभाव है, साथ ही 30% क्षेत्र में या तो स्कूल भवन नहीं है और अगर है तो वे खराब है। पटवारी ने आगे कहा हम केजी से पीजी तक प्रदेश में मुफ्त शिक्षा की मांग करते हैं। इस अवसर पर सज्जन सिंह वर्मा, देवास प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप चौधरी, राजवीर सिंह बघेल, गुरूचरण सिंह सलूजा, जाहिद पठान, भगवान सिंह चावड़ा, इशान राणा, आरिफ, प्रथम सिंह पंवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### सोनकच्छ में भी हुआ जोरदार स्वागत

**सोनकच्छ,निप्र।** यात्रा दोपहर को देवास होती हुई सोनकच्छ विधानसभा में पहुंची जहां पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व मे बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा नगर के जेन मंदिर चौराहे पर पहुंची जहां पर पटवारी का स्वागत जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरज सिंह ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय जेन, ओमप्रकाश परमार, कृष्णपाल सिंह बघेल, बलवान सिंह सेंधव आमगुराडीया, मनोहर सिंह सेंधव, शेलेन्द टोंग्या, भुरु शेख, आरीफ खान, शैतान सिंह राजपूत, प्रतीक चौधरी, राज फागवा, राधेश्याम चौधरी, बलवान सिंह कुशवाह, राजवीर कुशवाह सहित सेकंडों कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जीतू पटवारी ने कहा प्रदेश में पिछले 25 सालों से शिक्षा और परीक्षा माफिया बेलगाम हो गए हैं। प्रदेश में 90 बार पेपर लीक और 50 बार परीक्षाएं निरस्त हो चुकी हैं। जितने पद नौकरी के लिए निकाले जा रहे हैं, वह नाकाफी हैं। केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम आदमी के बस की बात नहीं रही। यात्रा हाटपिपल्या विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे राजवीर सिंह बघेल के निवास पहुंची जहां पर राजवीर सिंह बघेल, जिला जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बघेल द्वारा जीतू पटवारी का स्वागत किया गया।

### दिव्य मंगलपाठ का आयोजन

## शुभ कार्य का प्रारंभ कठिन परन्तु अन्त आनंद वर्धक : आचार्य प्रसन्न सागरजी

विनय उजाला



**सोनकच्छ,निप्र।** मन नहीं होने पर भी शुभ कार्य करते रहो.. और इच्छा होने पर भी गलत कार्य मत करो, क्योंकि गलत कार्य का प्रारंभ अच्छा है, लेकिन अन्त बड़ा दु:खद है..! शुभ कार्य का प्रारंभ कठिन है परन्तु अन्त सुख, शान्ति, आनंद वर्धक है। इसलिए अपना काम खुद करो। काम मानकर नहीं, उसे कर्तव्य और कला मानकर करो।

यह बात गुरुदेव ने प्रतिदिन होने वाले अंतर्मना उवाच के माध्यम से अपने भक्तों को कही उन्होंने उवाच के माध्यम से भक्तों को कहा कि खाली बैठना पाप है। अपने को व्यस्त रखो। शुभ कार्य नहीं कर सकते तो अशुभ कार्य और गलत सोचने से बचो। खाली मन अशुभ कर्म ही करेगा। सेवा निवृत्त होने के बाद भी आप खाली मत बैठो। समाज सेवा, जन कल्याण, परोपकार के या फिर अन्य किन्हीं पवित्र कार्यों में अपने आपको समर्पित कर दो।

आपने कभी ध्यान दिया-? खाली बैठा इन्सान या तो समय से पहले बूढ़ा हो जाता है या बीमारियों का शिकारी बन जाता है। यदि तुम थककर बैठ गये तो फिर तुम पर बीमारियों की सेना ऐसा अटेक करेगी, कि कभी तुम उन बीमारियों से निकल नहीं पाओगे। बीमार होना सरल है लेकिन ठीक होने में वर्षों लग जाते हैं बाबू.. इसलिए - नहीं इच्छा होने पर भी, शुभ कार्य करो और इच्छा होने पर भी गलत काम मत करो। ये जीवन में सफल होने का मूल मन्त्र है... !!!

प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि प्रतिदिन गुरु सानिध्य में पुष्पगिरी तीर्थ के भगवान मुनिसुब्रतनाथ जिनालय में प्रात: 4 बजे से दिव्य मंगल पाठ आराधना होगी 8 बजे से आचार्य भक्ति व जैनाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज व शिष्य अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में भगवान के कलशाभिषेक शांतिधारा होगी। 9.30 से आहारचर्या दोपहर 12 से 2.30 संत एकांतवास सामयिक दोपहर 3 बजे से ससंघ गुरुदर्शन 4 बजे से गुरुपूजा 5 बजे गुरुदेव प्रतिक्रमण भक्ति शाम 7 बजे से गुरुभक्ति आनंद यात्रा रात्रि 8 बजे गुरुसेवा दिन का समापन रहेगा।

## चलते मिनी ट्रक वाहन से उतारे थे आठ मोटर पंप, ट्रक कटिंग का आरोपी आखिरकार धराया

विनय उजाला



**देवास,निप्र।** चलते मिनी ट्रक वाहन से किर्लोस्कर कंपनी की आठ मोटर पंप धनतलाब के करीब बदमाशों ने उतार लिए थी। इस मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने पकड लिया।

06 जून को फरियादी सुनील भलावी पिता भूरसिंह, निवासी कुश्मेली मंडी, थाना कुंडीपुरा, जिला छिंदवाड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह किर्लोस्कर कंपनी देवास से आइसर वाहन में मोटर पम्प लोड कर नागपुर जा रहा था। 04 जून की रात्रि लगभग 2:30 बजे इंदौर-बैतूल हाईवे स्थित ग्राम धनतलाब के समीप अज्ञात बदमाशों द्वारा चलती आइसर वाहन की त्रिपाल काटकर 08 किर्लोस्कर मोटर पम्प चोरी कर लिए गए। रिपोर्ट पर थाना कमलापुर में धारा 305(3) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पूर्व में आरोपी जितेन्द्र एवं विशाल कंजर को गिरफ्तार कर चोरी गए सभी 08 किर्लोस्कर मोटर पम्प बरामद किए जा चुके हैं। प्रकरण में एक अन्य आरोपी तुलसीराम झांझा लगातार फरार चल रहा था।

फरार आरोपी की तलाश में 13 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी हाटपिपलिया- कमलापुर मार्ग पर आने वाला है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी तुलसीराम पिता श्यामसुंदर झांझा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम धानीघाटी, थाना हाटपीपल्या , जिला देवास को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय हाई स्कूल छनेरा में विधिक साक्षरता शिविर में साइबर अपराध से बचाव और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश




**हरसूद, निप्र।** मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल छनेरा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड हरसूद राकेश भिड़े ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, पासवर्ड या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह कानून का पालन करे तथा समाज में शांति, सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाए। श्री भिड़े ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही आपदा पीड़ितों के लिए नि:शुल्क विधिक सेवाओं की योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि प्राकृतिक या मानवजनित आपदा से प्रभावित व्यक्ति भी विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा आईएसआई मार्क का हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व ही नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। शिविर में विद्यालय प्राचार्य सचिन राजोरिया, श्रीमती शीला लौवंशी, श्रीमती सानू राजोरिया, श्रीमती प्रिया शर्मा, अजय खंडेल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विधिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका न्यायाधीश श्री भिड़े ने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया।

### काम बंद हड़ताल के चलते नगर में दो दिनो से नहीं हो रही सफाई





**हरसूद, निप्र।** अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी काम बंद हडताल पर चले गए है। जिसके चलते नगर में दो दिनों से सफाई नहीं हो रही है। सफाई नहीं होने के कारण बाजार क्षेत्र छनेरा सहित नया हरसूद-छनेरा की सडकों पर कचरे की भरमार है। मांगलिक भवन निर्माण, माह के प्रथम दिवस यानी 1 तारीख को वेतन देने, नियमित कर्मचारियों का एमपीएस कठौता करने, चार माह की बकाया एरियस राशि का भुगतान करने, स्थाई कर्मियों का शासन के निर्देशानुसार 6 किस्तों में एरियस राशि का भुगतान करने, स्थाई कर्मियों को शासन के निर्देश अनुसार 12 वर्ष हो चुके हैं उनको क्रमोन्ति देने, कर्मचारियों को हर माह झाड़ू, साबुन और दास्तान, मास्क, हैंड सेनीटाइजर और वर्ष में रितु अनुसार ड्रेस उपलब्ध कराने, नियमित पद के लिए जेडी ऑफिस से 15 पद स्वीकृत कराए जाने की मांग लेकर सफाई कर्मचारी काम बंद हडताल पर चले गए है। सफाई कर्मचारियों के काम बंद हडताल पर चले जाने के कारण नगर की सफाई व्यवस्था ठप पडी हुई है। जिसके चलते सडकों पर कचरा ही कचरा नजर आ रहा है।

### मूंग खरीदी को लेकर कांग्रेसजन एसडीएम को सौपेंगे ज्ञापन

**हरसूद, निप्र।** बुधवार को मूंग खरीदी को लेकर कांग्रेसजन नया हरसूद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपेगे। किसानों की मूंग खरीदी में देरी एवं मूंग खरीदी की सीमा 1 क्विंटल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 6 क्विंटल प्रति एकड़ करने की मांग का ज्ञापन कांगेसजनों द्वारा हरसूद एसडीएम को सौंपा जाएगा। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रघुवीर चैहान ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक, जिला मंडलम, नगर कांग्रेस के पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बुधवार दोपहर 12 बजे उपस्थित होने का आहवान किया है।

### डिजिटल लर्निंग को लेकर अपने प्रमुख बिंदु मोर्चे के सदस्यों के समक्ष व्यक्त किये- डॉक्टर रेलास सैनानी

**मनावर, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी डिजिटल लर्निंग अभियान अंतर्गत संगठन द्वारा हर जिले में प्रभारी नियुक्त कर विस्तृत रूप से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को धार ग्रामीण जिले में अनुसूचित जनजाति मोर्चे के जिला प्रभारी के रूप में बड़वानी से डॉक्टर रेलास सैनानी उपस्थित हुए। जिनके मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चे के जिला बैठक संपन्न हुई। आज भाजपा जिला धार ग्रामीण कार्यालय पर अजजा मोर्चा जिला बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए डॉ. सैनानी ने बैठक के विषय डिजिटल लर्निंग को लेकर अपने प्रमुख बिंदु मोर्चे के सदस्यों के समक्ष व्यक्त किये। साथ ही डॉक्टर सेनानी ने बताया कि जब भारतीय जनता पार्टी पहली बार चुनाव लड़ी और दो सांसद जीत कर लोकसभा में पहुंचे। जिसमें एक श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई थे और दूसरे सांसद धार बड़वानी जिले के रामचंद्र विट्ठल जी पहुंचे। जो अटल बिहारी जी के साथ में थे और इस तरह से केवल दो सांसद पहली बार भाजपा के लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे। विट्ठल जी द्वारा ही सेंधवा से दिल्ली तक पैदल यात्रा की गई थी और पटट्ा नियम प्रारंभ करवाया गया था। जिसका आज हमें लाभ मिल पा रहा है। ऐसे ही कई विषयों पर डॉक्टर सेनानी ने विस्तृत जानकारी दी और बताया कि विपक्ष के पास विकास का कोई मुद्दा नहीं है। 1998 तक जनजाती विभाग था ही नहीं। ग्रामिण जनजाती बंधुओं को पशुपालन विभाग से लाल गेहुं भेजे जाते थे।

---

**रेल मार्ग से दोपहिया वाहनों के परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के विट्ठलपुर प्लांट का डीआरएम वेद प्रकाश ने किया दौरा

रेलवे अधिकारियों एवं होंडा प्रबंधन के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक

विनय उजाला

**पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री वेद प्रकाश ने मंगलवार को गुजरात के विट्ठलपुर स्थित होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) के प्लांट का दौरा किया।**

इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों एवं होंडा प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें होंडा के स्कूटर एवं अन्य दोपहिया वाहनों का रेल मार्ग से परिवहन प्रारंभ करने की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि विट्ठलपुर स्थित होंडा प्लांट में प्रतिदिन 7,500 से अधिक स्कूटरों का उत्पादन होता है, जिन्हें वर्तमान में ट्रकों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में भेजा जाता है। अब भारतीय रेलवे के माध्यम से इन दोपहिया वाहनों का परिवहन शुरू करने की दिशा में दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। चर्चा के दौरान रेल परिवहन के लिए आवश्यक परिचालन व्यवस्था, लोडिंग एवं अनलोडिंग सुविधाओं, लॉजिस्टिक्स, रेक उपलब्धता तथा विभिन्न



समन्वयात्मक पहलुओं पर विस्तार से विचार किया गया। रेल आधारित परिवहन शुरू होने से सड़क परिवहन पर निर्भरता कम होगी, परिवहन लागत में कमी आएगी, समयबद्ध एवं सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

डीआरएम श्री वेद प्रकाश ने कहा कि भारतीय रेलवे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक एवं विश्वसनीय माल परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल रेलवे एवं ऑटोमोबाइल उद्योग के बीच सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगी तथा रेल आधारित लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने के बाद अहमदाबाद मंडल के माल परिवहन (फ्रेट) राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही, यह पहल भारतीय रेलवे के ग्रीन लॉजिस्टिक्स एवं मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के उद्देश्य को भी सशक्त करेगी। अहमदाबाद मंडल क्षेत्र के उद्योगों को रेल नेटवर्क से जोड़ने, माल ढुलाई को अधिक सुरक्षित, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने तथा उद्योगों के लिए बेहतर लॉजिस्टिक समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

---

## चोइथराम हॉस्पिटल के 47वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने देखा लाइव कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, विशेषज्ञों से पूछे रोचक प्रश्न






विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। चोइथराम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (सीएचआरसी) के 47वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत मंगलवार, को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए लाइव कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी का विशेष शैक्षणिक प्रदर्शन आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, श्रवण पुनर्वास (Hearing Rehabilitation) तथा ईएनटी चिकित्सा की उन्नत प्रक्रियाओं से परिचित कराना एवं चिकित्सा विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था। कार्यक्रम में शहर के पाँच प्रतिष्ठित विद्यालयों के कुल 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें चोइथराम स्कूल (नॉर्थ कैंपस), सनमती हायर सेकेंडरी स्कूल, गरिमा विद्या विहार हायर सेकेंडरी स्कूल, एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल तथा प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल के विद्यार्थी शामिल रहे।

अस्पताल के ऑडिटोरियम में आयोजित शैक्षणिक सत्र में वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. समीर निवसकर, डॉ. नितिका यादव एवं डॉ. रिचा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सुनने की क्षमता में कमी, कॉक्लियर इम्प्लांट की आवश्यकता, सर्जरी की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा ऑपरेशन के बाद पुनर्वास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश दुधिया ने सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया की भूमिका एवं मरीज की सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की। इसके पश्चात ऑपरेशन थिएटर से लाइव कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे विद्यार्थियों ने ऑडिटोरियम में लाइव देखा। इस दौरान विशेषज्ञों ने सर्जरी के प्रत्येक चरण को सरल भाषा में समझाया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने कॉक्लियर इम्प्लांट, बहरेपन के कारण, सर्जरी की सफलता, ऑपरेशन के बाद सुनने की प्रक्रिया तथा स्पीच थेरेपी जैसे विषयों पर अनेक जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों के वैज्ञानिक एवं सरल उत्तर देकर विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया।

## श्रीराम मंदिर शाहपुरा माल के पुजारी को 8 माह से नहीं मिला वेतन

विनय उजाला

**हरसूद, नप्र। ग्राम शाहपुरा माल में स्थित श्रीराम मंदिर के पुजारी को विगत 8 माह से वेतन नहीं मिला है तथा 8 माह से पूजन सामग्री की राशि भी नहीं मिली है।**

इस समस्या को लेकर मंगलवार को नया हरसूद में आहूत जनसुनवाई में पुजारी के पुत्र गंगादास ने हरसूद एसडीएम आरसी खतेडिया को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि ग्राम शाहपुरा माल में स्थित श्रीराम मंदिर का संचालन सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। जिसके अध्यक्ष तहसीलदार हरसूद है। मंदिर में पूजन कार्य राधेश्याम पिता हीरादास द्वारा किया जाता है। गंगादास ने बताया कि 8 माह से पुजारी का वेतन नहीं दिया गया है तथा पूजन सामग्री की राशि भी नहीं प्रदान की गई है। रामनवमी महोत्सव कार्यक्रम की राशि भी प्रदान नहीं



की गई है। गंगादास ने बताया कि ऐसे में पुजारी द्वारा मंदिर का संचालन किया जाना संभव नहीं होगा। गंगादास ने बताया कि वर्तमान में मंदिर के लाईट, पंखे तथा बिजली से संबंधित सभी वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा मंदिर की छत से भी पानी टपकता है। जिससे मंदिर की छत गिरने की संभावना है। गंगादास ने बताया कि तहसीलदार द्वारा आज दिनाक तक मंदिर का निरीक्षण नहीं किया गया है। जिसके कारण मंदिर का विकास एवं संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। गंगादास ने पुजारी का वेतन, पूजन सामग्री की राशि तथा धार्मिक महोत्सव की राशि प्रदान करने की मांग हरसूद एसडीएम से की है।


**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संजीव कुमार सोनी** के द्वारा झोन 22 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **214-ए, स्पेस पार्क, फेस-1, इंदौर** खाता क्रं. **1003127431** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-22 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक-22
नगर पालिका निगम इंदौर



**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**आर्च पुल का पुनर्निर्माण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य/निर्माण), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390004 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्या: DRM BRC 062 of 2026-27 कार्य का नाम:** सूरत-वडोदरा सेक्शन: पुल संख्या 500A एवं 560 के आर्च ब्रिज का पुनर्निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹7,72,66,138.33 **जमा की जाने वाली निविदा सुरक्षा:** ₹ 15,45,300.00 **निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा 31.07.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जानी है तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण तथा वह स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है एवं वह कार्यालय जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है :** वेबसाइट: www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (कार्य/निर्माण), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390004 BRC-154

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

**संख्या :** GEM/2026/B/7761693. GeM पर **अपलोड करने की तिथि :** 10/07/2026, **कार्य का नाम एवं स्थान :** वैगन डिपो शंभूपुरा में वेल्डर/गैस कटर को काम पर रखने और वैगनों में वेल्डिंग और गैस कटिंग का काम करने के लिए कॉन्ट्रैक्ट का काम। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹78,91,909.14/-, समी टैक्स एवं GST सम्मेत। **निविदा फार्म की कीमत :** समस्त निविदाकार के लिए ई-निविदा फार्म निःशुल्क, **अग्रिम धन :** ₹157,840.00/-, **समापन अवधि :** 02 वर्ष कार्य आदेश जारी होने की तारीख से, **निविदा फार्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समय :** बंद होने का समय : 15:00 Hrs. on 03.08.2026, खुलने का समय : 15:30 Hrs. on 03.08.2026, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदायें GeM की वेबसाईट gem.gov.in पर देखी जा सकती है। SNP-154

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

**नविदा संख्या :** 83266009, **दिनांक : 13/07/2026.** निम्नलिखित स्टोर कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक, (स्टोर), रतलाम, पश्चिम रेलवे द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** आरडीएसओ विनिर्देषन नं. आरडीएसओ/2013/ईएम/एसपीईसी/0016 (आरईवी-2)-2025 के अनुसार जी+1, 20 यात्री/1360 किग्रा क्षमता, 1 मीटर/सेकंड की गति वाली गियरलेस और एमआरएसएल एलिवेटर का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और रखरखाव, मशीन एसीपीएमएसएम गियरलेस, माइक्रोप्रोसेसर आधारित फुल कलेक्टिव कंट्रोलर, वीवीवीएफ ड्राइव, सीएमई कंपोनेंट और स्टेनलेस स्टील (1.5 मिमी) स्क्रैच-रेसिस्टेंट फिनिशिंग आदि आईएस 14665 के अनुसार डाइमेंशन, साथ ही एआरडी ओवरलोड प्रोटेक्शन, लैंडिंग पर एसएमएस और अलर्ट सिस्टम दोनों में सीसीटीवी। **(वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तिथि के बाद 30 माह), **(इंस्पेक्शन एजेंसी:** टीपीआई, **स्टेज इंस्पेक्शन:** नहीं, **स्टेज:** 0), **(यूवीएएम लिंकिंग), आइटम का प्रकार:** गुड्स (आपूर्ति)। **। कार्य की अनुमानित लागत :** ₹64,30,221.20/-, **निविदा दस्तावेज की लागत :** ₹0(शून्य), **बयाना राशि जमा :** ₹128,610.00/-, **ऑफर की वैधता दिन :** उसके बाद 90 दिनों के भीतर। **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख :** 10-अगस्त-26, प्रातः 11:00 बजे। **ई-निविदा खोलने का समय और तारीख :** 10-अगस्त-26, प्रातः 11:30 बजे। निविदा को ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। SNP-155

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/37/2025, दिनांक : 10.07.2026

| स.क्रं. | टेंडर नं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|---|
| 303 | 23263550 | नैरो जॉ एडॉप्टर | 75659 Nos | 01-Sep-26 |
| 304 | 23263926 | BLC वैगन के लिए सेंटर पिवट टॉप | 1339 Nos | 17-Aug-26 |
| 305 | 15242526E | डबल एक्टिंग फायर वर्थी डोर के लिए स्लाइड आर्म और टॉप चैनल के साथ ओवरहेड डबल एक्टिंग कंसील्ड डोर क्लोजर | 1497 Nos | 13-Aug-26 |
| 306 | 04265115 | फ्लीट ग्राफिक/कास्ट V की सप्लाई और अप्लाई | 248000 Sq. Foot | 10-Aug-26 |
| 307 | 23260934 | बोगी सेंटर पिवट टॉप | 1876 Nos | 10-Aug-26 |
| 308 | 23262204 | शैंक वियर प्लेट (वेल्डेड) के साथ कपलर बॉडी | 6322 Nos | 10-Aug-26 |
| 309 | 18265004A | यूनिवर्सल कॉलम 254×254mm×73.1 Kg/m | 65 MT | 10-Aug-26 |
| 310 | 15265010 | स्फेरोलैस्टिक बेयरिंग | 783 Nos | 08-Aug-26 |
| 311 | 09253165A | ओवरहॉलिंग किट | 3302 Set | 07-Aug-26 |
| 312 | 09262021 | एयर ब्रेक सिलेंडर असेंबली | 897 Nos | 06-Aug-26 |
| 313 | 10265004 | 37/2.25 Sq. साइज़ के फीडर वायर के लिए 150 Sq.mm. हार्ड ड्रॉन स्ट्रैंडेड कॉपर कंडक्टर | 34520 Metre | 06-Aug-26 |
| 314 | 23263573 | पैकिंग 37MM | 10477 Nos | 06-Aug-26 |

शुद्धिपत्र

टेंडर नोटिस नंबर: S-23-2026 तारीख: 12.05.2026, Sr. No. 158 के लिए कृपया ड्यु डेट '21.07.2026' पढ़ें।

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0357

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



**महाराष्ट्र शासन**

**कार्यकारी अभियंता,सार्वजनिक बांधकाम विभाग,निलंगा**

**ई-निविदा सुचना क्रमांक एनएलजी/०४/सन २०२६-२७ (ऑनलाईन)**

कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, निलंगा -413521 (दरुध्वनी क्रमांक 02384-242138) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडे योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत / अनोंदणीकृत कंत्राटदार यांच्याकडून ब-1 नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत. सदरील निविदे मध्ये 07 कामे समाविष्ट असुन या निविदे अंतर्गत संपुर्ण माहीती http://mahapwd.gov.in व http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, निलंगा यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

निविदा डाऊनलोड करण्याचा कालावधी दिनांक १५/०७/२०२६ वेळ १८:०० ते २३/०७/२०२६ वेळ १८:०० पर्यन्त राहील.

उपरोक्त एकत्रित कामाची निविदा किमंत रुपये १.०० कोटी पेक्षा जादा आहे.

(अतिल ना. जांभळे)
कार्यकारी अभियंता,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग,निलंगा

http://www.mahapwd.gov.in,
http://mahatenders.gov.in

आरओसी/2026-27/क्र-5/सी1695



**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम (उत्तर) विभाग, पुणे-**
**नवीन प्रशासकीय इमारत, पहिला मजला पुणे- ४११ ००१ यांचे कार्यालय.**
**ई मेल पत्ता - northpune.ee@mahapwd.gov.in दुरध्वनी क्रमांक ०२०-२६१२३३०५**

**ई-निविदा सूचना क्रमांक ११ सन २०२६-२०२७ (ऑनलाईन)**

**कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम (उत्तर) विभाग, पुणे ४११ ००१** (दुरध्वनी क्रमांक **२६१२३३०५**) हे सक्षम कंत्राटदार जे निवेदतील अटी व शर्तीची पूर्तता करतील अशा कंत्राटदारांकडून खालील कामाची **SBD नमुन्यातील (Item Rate)** निविदा ई प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत.

निविदा कागदपत्रे शासनाच्या संकेतस्थळावर **htpp://mahatenders.gov.in** येथून डाऊनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार सक्षम प्राधिकारी यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| काम क्रं. | कामाचे नांव | कामाची अंदाजीत किंमत रुपये लक्ष |
|---|---|---|
| १ | १) दर्याघाट आपटाळे जुन्नर रस्ता प्रजिमा ३, कि.मी.२१/०० ते २४/०० मध्ये रस्त्याची सुधारणा करणे. (भाग- जुन्नर चौक ते निरगुडे फाटा) ता.जुन्नर, जि. पुणे २) बोरघर तांबे बेलसर रस्ता प्रजिमा ६३, कि.मी १९/००० to २१/२००, मध्ये रस्त्याची सुधारणा करणे. (भाग- निरगुडे फाटा ते बेलसर) ता.जुन्नर, जि. पुणे ३) डोण हातविज आंबे येणेरे पारुंडे महाळुंगे पडवळ ते कळंब रस्ता प्रजिमा ६, कि.मी. २९/००० ते ३५/००० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-राळेगण ते बेलसर) ता.जुन्नर, जि. पुणे ४) राळेगण हिवरे तर्फ मिन्हार ते प्रजिमा ६३ रस्ता प्रजिमा २३७, कि.मी.०/००० ते ९/२०० मध्ये रस्त्याची रुंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-राळेगण ते प्रजिमा ६३) ता.जुन्नर, जि. पुणे. | २४२०.५२ लक्ष |
| २ | १) बोरघर तांबे बेलसर रस्ता प्रजिमा ६३, कि.मी. ०/००० ते ७/५०० मध्ये रस्त्याची रुंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग- बोरघर ते तालुका हद्द) ता.आंबेगाव, जि. पुणे २) डिंभे बोरघर आहुपे बालवीरवाडी कोंढवळ ते रा.म.६० स्पुर रस्ता प्रजिमा १६५, कि.मी. १५/००० ते ३१/००० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-बोरघर ते कोंढरे) ता.आंबेगाव, जि. पुणे ३) रा.म.६१ तळेघर फलोदे म्हाळुंगे कुशिरे बु. कुशिरे खु. कोंढरे ते प्रजिमा १६५ रस्ता प्रजिमा २३९, कि.मी. ०/०० ते १८/५०० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-तळेघर ते कोंढरे) ता.आंबेगाव, जि. पुणे ४) डिंभे बोरघर आहुपे बालवीरवाडी कोंढवळ ते रा.म.६० स्पुर रस्ता प्रजिमा १६५, कि.मी. ६६/००० ते ७०/००० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. ता.आंबेगाव, जि. पुणे (भाग-कोंढवळ धबधबा ते रा.म.६० स्पुर) ५) रा.म.६० स्पुर डेहणे नायफाड ते चिखली फाटा रा.म.६१ स्पुर रस्ता प्रजिमा ३१ कि.मी.०/००० ते ९/००० मध्ये रस्त्याची रुंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग- रा.म.६० स्पुर डेहणे ते चिखली फाटा रा.म. ६१ स्पुर) ता.आंबेगाव/खेड, जि. पुणे १०) प्रजिमा १२ सुपेवाडी शिनोली गंगापुर ते ठाकरवाडी रस्ता प्रजिमा २४०, कि.मी. ०/००० ते १/५०० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-प्रजिमा १२ ते सुपेवाडी) ता.आंबेगाव, जि. पुणे ६) वाडा घोडा रस्ता प्रजिमा १२, कि.मी. ०/००० ते ४/५०० मध्ये रस्त्याची रूंदीकरणासहित सुधारणा करणे. (भाग-वाडा ते प्रजिमा २४०) ता.खेड/आंबेगाव, जि. पुणे | ८०२७.५३ लक्ष |
| ३ | १) राकसवाडी उकसान पाले नामा करंजगाव कांब्रे वळक टाकवे खु ते रा.म. ४८ ला जोडणारा रस्ता प्रजिमा २२९ किमी १९/०० ते २५/५०० मध्ये रस्त्याचे रुंदीकरणासह सुधारणा करणे. ता. मावळ जि. पुणे.२) कामशेत नाणे गोवित्री जांभवली कोंडेश्वर मंदिर रस्ता प्रजिमा ७८ किमी २/९०० ते ११/२०० मध्ये रस्त्याचे रुंदीकरणासह सुधारणा करणे. ता. मावळ जि. पुणे ३) प्रजिमा ७८ ते नाणे साई घोनशेत टाकवे बु. कोंडिवडे किवळे परीटवाडी मालेगाव ते सावळा रस्ता प्रजिमा १०८ किमी ०/०० ते १३/०० मध्ये रस्त्याचे रुंदिकरणासह रस्ता सुधारणा करणे. ता. मावळ ४) प्रजिमा ७८ ते नाणे साई घोनशेत टाकवे बु. कोंडिवडे किवळे परीटवाडी मालेगाव ते सावळा रस्ता प्रजिमा १०८ किमी १९/७०० ते ३२/०० मध्ये रस्त्याचे रुंदिकरणासह रस्ता सुधारणा करणे. ता. मावळ ५) प्रजिमा ७८ ते नाणे साई घोनशेत टाकवे बु. कोंडिवडे किवळे परीटवाडी मालेगाव ते सावळा रस्ता प्रजिमा १०८ किमी ३२/००० ते ४३/००० मध्ये रस्त्याचे रुंदिकरणासह रस्ता सुधारणा करणे. ता. मावळ ६) रामा 548 डी पासून इंदोरी - नाणोली तर्फे चाकण - आंबी - मंगरूळ - आंबळे - निगडे - कल्हाट - भोयरे रस्ता प्रजिमा २२७ किमी ७/००० ते २४/०० मध्ये रस्त्याचे रुंदिकरणासह रस्ता सुधारणा करणे.(आंबी फाटा ते भोयरे फाटा ) ता. मावळ जि.पुणे | रु. ७६३६.६० लक्ष |

**ई निविदेचे वेळापत्रक**

| अ.क्रं. | टप्पा | पासून दिनांक व वेळ | पर्यंत दिनांक व वेळ |
|---|---|---|---|
| १ | ई निविदा ऑनलाईन विक्री व सादर करण्याचा कालावधी | दि.१५.७.२०२६ सकाळी १०.०० पासून | दि. ३०.०७.२०२६ संध्याकाळी १८.१५ वाजेपर्यंत |
| २ | ई निविदा पूर्व चर्चा बैठकीचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | दिनांक २०.७.२०२६ रोजी सकाळी १२.०० वाजेपर्यंत मुख्य अभियंता, सा.बां.प्रादेशिक विभाग, पुणे मध्यवर्ती इमारत आवार पुणे- १ यांचे कार्यालय. | |
| ३ | तांत्रिक व आर्थिक ई निविदा ऑनलाईन उघडण्याचे ठिकाण, दिनांक व वेळ | अधीक्षक अभियंता, सा.बां.मंडळ, पुणे यांचे कार्यालयात दिनांक ३/८/२०२६ रोजी सकाळी ११.०० पासून (शक्य झाल्यास) | |

संकेतस्थळावर ई- निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.
१) www.mahapwd.gov.in (फक्त निविदा सूचना)
२) htpp://mahatenders.gov.in
**(सदर निविदेसूचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील वेबसाईटवरती कळविण्यात येईल.)**
३). कार्यकारी अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम (उत्तर) विभाग, पुणे कार्यालयातील सूचना फलक
( टिप - वरील कामाबाबत कंत्राटदाराची निविदोत्तर पात्रता अजमावण्यात येणार आहे. )

(अ.बा.भोसले)
कार्यकारी अभियंता,
सार्वजनिक बांधकाम (उत्तर)विभाग,
पुणे ४११ ००१

आरओसी/2026-27/क्र-5/सी1699

## विश्व कप सेमीफाइनल से पहले लामिन यामल बोले- फुटबॉल लोगों को जोड़ने का माध्यम



**डलास, एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ मुकाबले से पहले स्पेन के युवा स्टार लामिन यामल ने कहा कि फुटबॉल का मकसद लोगों को जोड़ना है, न कि उन्हें बांटना। 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यामल ने पूर्व स्पेनिश प्रधानमंत्री मारियानो राहोय की उस टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि फ्रांस के पास फ्रांसीसी खिलाड़ी नहीं हैं। यामल ने कहा कि फुटबॉल समाज में एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा, कल हम एक शानदार मैच खेलेंगे, लेकिन अगर फुटबॉल का कोई मकसद है तो वह लोगों को एक साथ लाना है। फ्रांस और स्पेन दोनों ही एकीकरण (इंटीग्रेशन) के बेहतरीन उदाहरण हैं। फुटबॉल का मतलब यही है—लोगों को जोड़ना। किसी और ने क्या कहा, उस पर बात करने की जरूरत नहीं है। यामल के तीन वर्षीय छोटे भाई कीने भी इस विश्व कप में अपनी मासूम हरकतों के कारण चर्चा में रहे हैं। इस पर यामल ने मुस्कुराते हुए कहा, मेरे भाई को यह एहसास ही नहीं है कि वह कैमरे पर है। वह घर में जैसा रहता है, वैसा ही करता है। जैसे ही कैमरा उसकी तरफ आता है, वह शरारत करने लगता है। मुझे अच्छा लगता है कि लोग उसे पसंद करते हैं। उसे टीवी पर देखना काफी मजेदार होता है।

## फीफा विश्व कप 2026 : स्पेन और फ्रांस का होगा मुकाबला, सेमीफाइनल से पहले एमबाप्पे ने नहीं किया अभ्यास



**डलास, एजेंसी।** फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे ने फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल से पहले सोमवार को टीम के अंतिम अभ्यास सत्र में पूरा हिस्सा नहीं लिया। हालांकि, टीम प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि उनकी मामूली टखने की चोट गंभीर नहीं है और वह स्पेन के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह उपलब्ध रहेंगे। एमबाप्पे को पिछले सप्ताह मोरक्को के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान टखने में हल्की चोट लगी थी। फ्रांस ने वह मैच 2-0 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मुकाबले के अंतिम चरण में एहतियातन उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया गया था। सेमीफाइनल से पहले सोमवार को आयोजित अभ्यास सत्र में एमबाप्पे ने सीमित समय तक ही हिस्सा लिया। फ्रांस के मुख्य कोच दिदिएर डेशां ने उनकी फिटनेस को लेकर किसी भी तरह की चिंता से इनकार किया। डेशां ने कहा, किलियन पूरी तरह ठीक हैं। उन्होंने अभ्यास किया है। हमने केवल उनकी ट्रेनिंग का समय थोड़ा कम रखा।

### जसप्रीत बुमराह के वनडे में 150 विकेट

# दसवें भारतीय तेज गेंदबाज बने...

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला गया। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में अपने वनडे करियर की एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।**

लंबे समय बाद वनडे फॉर्मेट में लौटे बुमराह ने इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को आउट किया। ब्रूक के विकेट के साथ ही बुमराह ने वनडे करियर में 150 विकेट पूरे कर लिए। वनडे फॉर्मेट में 150 विकेट लेने वाले बुमराह भारत के दसवें तेज गेंदबाज और ओवरऑल 16वें भारतीय गेंदबाज बने हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने 90वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की है। हैरी ब्रूक के विकेट के साथ ही बुमराह इंग्लैंड में सर्वाधिक वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इंग्लैंड में बुमराह 31 विकेट ले चुके हैं। रवींद्र जडेजा 30 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं।



### पहले वनडे में रूट और डॉसन ने जमाई फिफ्टी, अक्षर पटेल ने 4 विकेट लिए

जो रूट और लियाम डॉसन की अर्धशतकीय पारी के बदौलत इंग्लैंड ने पहले वनडे में भारत को 259 रन का टारगेट दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन में मेजबान टीम ने 61 रन कोई विकेट नहीं गंवाया था, लेकिन इसके बाद 19 रन के भीतर 5 विकेट खो दिए। इसके बाद रूट और डॉसन ने छठे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। रूट ने 76 बॉल पर 76 रन बनाए। डॉसन ने 68 रन की पारी खेली। इंग्लैंड 47.5 ओवर में 258 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार को 2-2 विकेट मिले।

### बरार हुए चोटिल

गुरनूर बरार अपने नए स्पेल की शुरुआत से पहले ही काफ में परेशानी महसूस करने लगे। फिजियो मैदान पर पहुंचे और उनका स्ट्रेच कराया, लेकिन बरार गेंदबाजी जारी नहीं रख सके और मैदान से बाहर चले गए। अब उनका ओवर अक्षर पटेल पूरा करेंगे।

### 4,605वीं गेंद पर पूरे किए 150 विकेट

बुमराह ने वनडे में 4,605वीं गेंद पर 150 विकेट पूरे किए। वह भारत की तरफ से सबसे तेज वनडे विकेट (गेंदों के मामले में) लेने के मामले में मोहम्मद शमी (4,070 गेंद) और कुलदीप यादव (4,513 गेंद) के बाद तीसरे नंबर पर हैं। भारत की तरफ से वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट दाएं हाथ के स्पिनर अनिल कुंबले ने लिए हैं। कुंबले 1990 से 2007 के बीच 269 मैचों में 334 विकेट लिए थे। बतौर भारतीय तेज गेंदबाज, सर्वाधिक वनडे विकेट दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ के नाम है। श्रीनाथ ने 1991 से 2003 के बीच 229 मैचों में 315 विकेट लिए थे। भारत की तरफ से वनडे में 150 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले (334), जवागल श्रीनाथ (315), अगरकर (288), जहीर खान (269), हरभजन सिंह (265), कपिल देव (253), रवींद्र जडेजा (232), मोहम्मद शमी (206), वेंकटेश प्रसाद (196), कुलदीप यादव (194), इरफान पठान (173), मनोज प्रभाकर (157), आर अश्विन (156), आशीष नेहरा (155) और सचिन तेंदुलकर (154) हैं।

### फीफा विश्व कप को लेकर पूर्व स्ट्राइकर फाउलर ने कहा

## इंग्लैंड-अर्जेंटीना के मैच का परिणाम मिडफील्ड पर निर्भर




मुंबई, एजेंसी

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में अर्जेंटीना और इंग्लैंड की भिड़ंत फुटबॉल की सबसे चर्चित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक है। इंग्लैंड के पूर्व स्टार स्ट्राइकर रॉबी फाउलर ने इस मुकाबले को सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि फुटबॉल इतिहास की सबसे यादगार प्रतिद्वंद्विताओं में से एक बताया है। दोनों टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी और दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों की निगाहें इस मुकाबले पर टिकी हैं।

फाउलर ने कहा कि अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच मुकाबले का महत्व केवल मैदान तक सीमित नहीं है। उनके अनुसार, इस प्रतिद्वंद्विता के पीछे दोनों देशों का इतिहास भी जुड़ा हुआ है।

उन्होंने 1986 विश्व कप में डिएगो माराडोना के चर्चितहैंड ऑफ गॉड गोल, 1998 विश्व कप में डेविड बेकहम को मिले रेड कार्ड और 2002 में उनकी पेनल्टी के जरिए वापसी जैसे ऐतिहासिक पलों का जिक्र किया। फाउलर का मानना है कि ऐसे मुकाबले खिलाड़ियों को फुटबॉल इतिहास का हिस्सा बनने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल का परिणाम काफी हद तक मिडफील्ड की लड़ाई पर निर्भर करेगा।



## पीवी सिंधु जापान ओपन के दूसरे दौर में पहुंचीं

टोक्यो, एजेंसी

कंधे की पुरानी चोट के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को चिराग शेट्टी के साथ जापान ओपन के अपने पहले राउंड के मैच से हटना पड़ा है। वहीं, पीवी सिंधु ने मंगलवार को विमेंस सिंगल्स के दूसरे राउंड में पहुंचकर शानदार शुरुआत की।

सिंधु ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को 21-14, 21-11 से मात दी। मुकाबला 35 मिनट तक चला। वर्ल्ड नंबर 10 खिलाड़ी ने शुरुआत से ही रैलियों पर अपना दबदबा बनाए रखा। पहले गेम के बीच में सिंधु ने अच्छी बढ़त बना ली और फिर आक्रामक स्मैश के साथ-साथ बेहतरीन नेट प्ले का इस्तेमाल करते हुए एक गेम से आगे हो गईं। कोर्ट बदलने के बाद भी उन्होंने वही तेवर बनाए रखा, दूसरे गेम में इंटरवल तक 11-3 की बढ़त हासिल कर ली और अपनी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ सिंधु का वोंग के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड 3-0 हो गया। उन्होंने बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 इवेंट के दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।

### चोट के कारण सात्विक-चिराग मैच से हटे

जून में इंडोनेशिया ओपन से हटने के बाद पहली बार मुकाबले में लौटी सात्विकसाईराज-चिराग की जोड़ी



डेनमार्क के डेनियल और मैड्स वेस्टरगार्ड के खिलाफ अपना वापसी वाला मैच पूरा नहीं कर सकी। भारतीय जोड़ी कड़े मुकाबले वाला पहला गेम 19-21 से हार गई और फिर आगे न खेलने का फैसला किया, क्योंकि सात्विक कंधे की उसी चोट से फिर परेशान नजर आए, जिसके कारण यह जोड़ी पिछले एक महीने से बाहर थी। इस ताजा झटके के कारण यह जोड़ी अगले हफ्ते होने वालेचाइना ओपन से भी बाहर हो गई है।

## आईटीटीएफ रैंकिंग : तीन डबल्स जोड़ियां टॉप-10 में, भारतीय टेबल टेनिस ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टेबल टेनिस ने मंगलवार को नया इतिहास रच दिया। पहली बार भारत की तीन अलग-अलग डबल्स जोड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की ताजा विश्व रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाई है। सबसे बड़ी उपलब्धि मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल जोड़ी ने हासिल की। दोनों खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो किसी भी भारतीय पुरुष युगल जोड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। महिला युगल में दिया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन के दम पर विश्व नंबर-10 स्थान हासिल किया। मिश्रित युगल में दिया चिताले और मानुष शाह की जोड़ी भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व नंबर-5 पर पहुंच गई। भारतीय टेबल टेनिस के लिए यह उपलब्धि ऐसे समय आई है, जब 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में डबल्स स्पर्धा की वापसी होने जा रही है। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों की यह सफलता भविष्य के लिए बेहद उत्साहजनक मानी जा रही है।




### आनंद राठी शेयर्स क्यू-1 के नतीजे

# मामूली प्रॉफिट ग्रोथ के बावजूद कोर इनकम 47 फीसदी बढ़ी

मुंबई, एजेंसी

**आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 27 की शुरुआत अच्छी की, जून-तिमाही के परफॉर्मेंस में इसके लेंडिंग और वेल्थ मैनेजमेंट बिज़नेस में मज़बूत ग्रोथ ने अहम भूमिका निभाई।**

जबकि नेट प्रॉफिट एक साल पहले की तुलना में मामूली 2.2% बढ़ा, नेट इंटरेस्ट इनकम, मार्जिन फंडिंग और एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में मज़बूत ग्रोथ ने अस्थिर मार्केट बैकग्राउंड के बावजूद हेल्दी क्लाइंट एक्टिविटी को दिखाया। तिमाही के दौरान ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस में सुधार हुआ, EBITDA 30.2% बढ़कर 97.3 करोड़ रुपए हो गया, जिससे EBITDA मार्जिन 39.5% हो गया, जो मार्केट के उतार-चढ़ाव के बावजूद कंपनी की प्रॉफिट बनाए रखने की क्षमता को दिखाता है।




### लेंडिंग और वेल्थ बिज़नेस ने रफ़्तार बढ़ाई

ग्रोथ को कंपनी के मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी बिज़नेस और वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म ने लीड किया। MTF बुक साल-दर-साल 54.6% बढ़कर 1,331.8 करोड़ रु. हो गई, जिसे लेवरेज्ड इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स की मज़बूत डिमांड और इक्विटी मार्केट में क्लाइंट की बढ़ती भागीदारी से सपोर्ट मिला। इस बीच, एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 25.8% बढ़कर 9,479.1 करोड़ रु. हो गया, जिससे कंपनी का रेकरिंग रेवेन्यू बेस मज़बूत हुआ। MTF इंटरेस्ट इनकम 52.3% बढ़कर 42.8 करोड़ हो गई, जबकि डिस्ट्रीब्यूशन इनकम 31.1% बढ़कर 27.5 करोड़ रु. हो गई, जो कई बिज़नेस वर्टिकल्स में अच्छी बढ़त को दिखाता है।

### लॉन्ग टर्म ग्रोथ को लेकर उम्मीद

चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने तिमाही के दौरान जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताओं, मार्केट में उतार-चढ़ाव और रेगुलेटरी बदलावों के बावजूद मज़बूत परफॉर्मेंस दी। गुप्ता ने कहा हमने अपने बिज़नेस मॉडल की मज़बूती दिखाते हुए तिमाही आधार पर अच्छा प्रदर्शन किया। ब्रोकिंग रेवेन्यू साल-दर-साल 15.35% बढ़ा, जबकि नॉन-ब्रोकिंग रेवेन्यू 43.20% बढ़ा, जिससे हमारे बैलेंस्ड रेवेन्यू प्रोफ़ाइल की मज़बूती और मज़बूत हुई। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी भारत के कैपिटल मार्केट की लंबी अवधि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी हुई है, उन्होंने बढ़ते इन्वेस्टर बेस और घरेलू बचत के बढ़ते फाइनेंशियलाइज़ेशन का हवाला दिया। होल-टाइम डायरेक्टर रूप किशोर भूतड़ा ने कहा कि चुनौतीपूर्ण मैक्रोइकोनॉमिक बैकग्राउंड के बावजूद कंपनी की अलग-अलग तरह की कमाई प्रोफ़ाइल ने ग्रोथ को सपोर्ट करना जारी रखा। उन्होंने कहा मार्केट में ज़्यादा उतार-चढ़ाव के बावजूद हमने वित्तीय वर्ष 27 की शुरुआत मजबूती से की। हमारी कमाई को कई ग्रोथ ड्राइवर्स का सपोर्ट मिलता रहा है, जबकि क्लाइंट लॉयल्टी हमारी खास पहचान में से एक बनी हुई है। कंपनी के 57.4% क्लाइंट तीन साल से ज़्यादा समय से जुड़े हुए हैं, जो मज़बूत कस्टमर रिटेंशन को दिखाता है। आनंद राठी शेयर्स ने इस तिमाही में 319 शहरों में अपनी मौजूदगी बढ़ाई, क्योंकि उसने टेक्नोलॉजी, क्लाइंट एक्सपीरियंस और स्केलेबल ग्रोथ इनिशिएटिव में इन्वेस्ट करना जारी रखा।

## भारत-ब्रिटेन के बीच आज से लागू होगा आर्थिक और व्यापार समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन के बीच वृहद आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) मंगलवार, 15 जुलाई से प्रभावी हो जाएगा। कई दौर की बातचीत के बाद दोनों देशों ने पिछले साल 25 जुलाई को समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस ऐतिहासिक समझौते के अंतर्गत भारतीय निर्यात को ब्रिटेन के बाजार में 99 फीसदी उत्पादों पर शून्य शुल्क की सुविधा मिलेगी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला यह छठा मुक्त व्यापार समझौता है। इससे पहले भारत मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) और ओमान के साथ समझौते लागू कर चुका है।




आर्थिक मामलों के जानकारों के मुताबिक भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ यह व्यापार समझौता हाल के वर्षों के सबसे अहम व्यापारिक समझौतों में से एक माना जा रहा है। इसके लागू होने से भारत के लगभग 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। भारत-ब्रिटेन सीईटीए लागू होने से परिधान, वस्त्र, जूते-चप्पल, कालीन, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद, अनाज, सब्जियां, फल, मसाले, मछली, मांस तथा इनके प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे क्षेत्र अब ब्रिटेन के बाजार में पूरी तरह शुल्क मुक्त पहुंच सकेंगे।

### कार-ट्रक पर आयात शुल्क में बड़ी कटौती

एफटीए में भारत ने ब्रिटेन में बनी पूरी तरह तैयार कारों और ट्रक पर आयात शुल्क में बड़ी कटौती करने पर सहमति जताई है। इस शुल्क को 110 फीसदी से धीरे-धीरे घटाकर 10 फीसदी कर दिया जाएगा। किसी भी एफटीए में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने वाहन के क्षेत्र में इस तरह का निर्णय लिया है। भारत और ब्रिटेन के बीच वृहद आर्थिक एवं व्यापार समझौता लागू होने से वाहन एवं उनके कलपुर्जे, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातु उत्पादों के साथ-साथ सिरेमिक, कांच, पत्थर और सीमेंट उत्पादों के क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। वहीं, ब्रिटेन से आयात होने वाले सेल्मन मछली, लैम्ब (भेड़ का मांस), मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, चॉकलेट, शीतल पेय, कॉस्मेटिक्स, साबुन, परफ्यूम, शेविंग क्रीम और नेल पॉलिश जैसे कई उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते हो सकते हैं।

## एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का आईपीओ लॉन्च

### 21 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग




नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट ने मंगलवार को 9,812.91 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया।

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और एमुंडी इंडिया का ज्वायंट वेंचर है। कंपनी के इस आईपीओ में 16 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 17 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 20 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 21 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 12:30 बजे तक ये आईपीओ 22 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 545 रुपये से लेकर 574 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।

### 2,662.96 करोड़ रुपये जुटाए

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया जा रहा है। इस आईपीओ में ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये एक रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 17,09,56,631 शेयरों की बिक्री हो रही है। इसमें से 12,83,34,397 शेयर एसबीआई की ओर से और 7,53,74,842 शेयर एमुंडी इंडिया होल्डिंग की ओर से बेचा जा रहा है। आईपीओ खुलने से पहले कंपनी ने 129 एंकर निवेशकों से 2,662.96 करोड़ रुपये जुटाने में सफलता हासिल की।

## कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स का आईपीओ 17 जुलाई को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 17 जुलाई को खुलेगा। इसमें निवेश करने के लिए निवेशक 21 जुलाई तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 402-424 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 402-424 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के 450 करोड़ रुपये के इस आईपीओ में 400 करोड़ रुपये तक का फ्रेश इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों के 50 करोड़ रुपये तक का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। कंपनी के अनुसार 10 रुपये अंकित मूल्य वाले इस इश्यू में निवेशक न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। इसके शेयरों के अलॉटमेंट को 22 जुलाई तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। इसके शेयरों की लिस्टिंग एनएसई और बीएसई दोनों पर 24 जुलाई, 2026 को होने की संभावना है।

## वैश्विक अस्थिरता के चलते प्रीमियम आवासों का बाजार मूल्य 28 प्रतिशत तक बढ़ा : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत में प्रीमियम आवासों के बाजार मूल्य में 2026 की पहली छमाही में 28 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। इसकी वजह वैश्विक अस्थिरता के चलते कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आना और आपूर्ति श्रृंखलाओं में रुकावट आना है।**

यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। सैविल्स इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में बन रहे प्रीमियम घरों की कीमतों में सालाना आधार पर 10-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि नोएडा में यह बढ़ोतरी करीब 4-28 प्रतिशत रही। गुरुग्राम में सालाना आधार पर लगभग 2 प्रतिशत, बेंगलुरु में प्रॉपर्टी की कीमत में करीब 3-11 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई। इस सेगमेंट में कीमतों का बढ़ना यह दिखाता है कि अच्छी कनेक्टिविटी वाले ग्रोथ कॉरिडोर में मॉडर्न और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार प्रॉपर्टीज की लगातार मांग बनी हुई है।



### क्वालिटी-डेवलपर की विश्वसनीयता पर जोर

सैविल्स इंडिया में रेजिडेंशियल सर्विसेज की मैनेजिंग डायरेक्टर श्वेता जैन ने कहा, खरीददार अब अधिक समझदार हो रहे हैं और लोकेशन, प्रोडक्ट की क्वालिटी और डेवलपर की विश्वसनीयता पर अधिक जोर दे रहे हैं। इससे पता चलता है कि अब मांग क्वालिटी पर आधारित हो रही है। मुंबई में तैयार हो चुकी प्रीमियम प्रॉपर्टीज की कीमतों में सालाना औसतन 2-7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस मांग को उन खरीदारों से बढ़ावा मिला जो बड़े साइज के घर और वेलनेस-केंद्रित सुविधाएं चाहते हैं।

बाजार तेजी से कीमतों में बदलाव के दौर से गुजरकर ज्यादा टिकाऊ वैल्यू बनाने की ओर बढ़ रहा है। इसे प्रीमियम बनाने की कोशिशों, बढ़ती आय, सोच-समझकर की जा रही सप्लाई और क्वालिटी को प्राथमिकता देने जैसे कारकों का समर्थन मिल रहा है। दिल्ली में तैयार प्रीमियम घरों या लग्जरी फ्लोर्स की सालाना औसत कीमत में सालाना आधार पर 10-25 प्रतिशत है।

## आपूर्ति शृंखला-औद्योगिक साझेदारी को भारत और स्पेन बनाएंगे मजबूत

### मंत्री गोयल ने विनिर्माण और नवाचार साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए स्पेन के उद्योग मंत्री से की बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पेन के उद्योग और पर्यटन मंत्री जॉर्डी हेरेउ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने व्यापार, निवेश, विनिर्माण, नवाचार, पर्यटन और भविष्य के लिए तैयार अन्य क्षेत्रों में भारत और स्पेन सहयोग को मजबूत करने के नए अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 13 जुलाई को स्पेन के आधिकारिक दौरे पर गए हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारत और स्पेन आर्थिक साझेदारी को गहरा करने और व्यापार, निवेश, नवाचार एवं उद्योग में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से कई उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लिया।

गोयल की यह यात्रा द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए है। दोनों देश राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। भारत और स्पेन द्विभाषी संस्कृति, पर्यटन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष 2026 का भी आयोजन कर रहे हैं। इससे पहले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने स्पेन सरकार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों के साथ-साथ व्यापारिक प्रमुखों तथा निवेश प्रोत्साहन एजेंसियों के साथ बातचीत की और भारत-स्पेन व्यापार मंच को संबोधित किया। इस दौरान वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के बढ़ते अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए कई जगह चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया



**बाग, निप्र (विनय उजाला)।** दिनांक 14/07/2026 को बीईओ श्री डी.एस. बघेल ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन प्राथमिक विद्यालय धनबयड़ी में दर्ज 18 में से 13, नवीन प्राथमिक विद्यालय बुडेनलापुरा में 44 में से 33, माध्यमिक विद्यालय चिकापोटी में 80 में से 16, प्राथमिक विद्यालय चिकापोटी में 33 में से 14, माध्यमिक विद्यालय चितावरा में 39 में से मात्र 3 तथा माध्यमिक विद्यालय टकारी में 88 में से 32 छात्र उपस्थित पाए गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय डावरपुरा टकारी में दर्ज 30 में से 21 छात्र उपस्थित मिले। जिन विद्यालयों में छात्र उपस्थिति संतोषजनक रही, वहां बीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त कर विद्यालय स्टाफ की सराहना की। वहीं कम उपस्थिति वाले विद्यालयों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्र उपस्थिति बढ़ाने, पालकों से सतत संपर्क रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संकूल प्राचार्य श्री उमनसिह रावत एवं मंडल संयोजक श्री विक्रम बघेल भी उपस्थित रहे।

### धार एसपी सचिन शर्मा ने यातायात सूबेदार बंसीलाल कन्नौज को लगाया प्रमोशन का स्टार, दी बधाई



**मनावर (अनिल तोमर), विनय उजाला।** धार पुलिस कार्यालय में पदोन्नति प्राप्त पुलिस जवानों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मनावर यातायात शाखा के सूबेदार बंसीलाल कन्नौजे को प्रमोशन मिलने पर पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा एवं स्क्कविजय डावर ने उनके कंधे पर नए रैंक के स्टार लगाकर सम्मानित किया। यातायात सूबेदार बंसीलाल कन्नौजे ने मनावर में ज्वाइन किया तभी से लेकर आज तक यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है नियमों का पालन नहीं करने वालों पर शक्ति से कार्रवाई की गई स्कूल बसे हो या टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों एवं बस लोडिंग पिकअप वाहन चेकिंग कर चालान बनाया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने सूबेदार बंसीलाल कन्नौजे को बधाई दी और कर्तव्यनिष्ठा से सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई : हत्या के आरोपी को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार



**धार, निप्र (विनय उजाला)।** पुलिस ने हत्या की एक गंभीर वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी ने मामूली विवाद के बाद जंगल में शरण ले रखी थी और गुजरात भागने की फिराक में था। दिनांक 13 जुलाई 2026 को ग्राम डोबनी निवासी गुलाब सिंह (45 वर्ष) का शव बरामद हुआ था। मृतक की गर्दन पर धारदार हथियार के निशान थे, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और ग्राम डोबनी निवासी मांगीलाल पिता किशन मेहड़ा (41 वर्ष) को मुख्य संदिग्ध के रूप में चिन्हित किया। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी और मृतक के बीच शराब पीने के दौरान गाली-गलौज और विवाद हुआ था, जिसके बाद आवेश में आकर आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी डेहरीपुरा के जंगल में छिपा है और अगले दिन गुजरात भागने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक संजय रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात में ही जंगल की घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। उक्त उल्लेखनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी टांडा निरीक्षक संजय रावत, सहायक उप निरीक्षक योगेंद्र मावी, प्रधान आरक्षक माधव सिंह वसुनिया, प्रधान आरक्षक बच्चू सिंह, आरक्षक सुनील पवार, आरक्षक निलेश सपल, आरक्षक सिद्धार्थ गोरे एवं आरक्षक दिलीप मंडलोई की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मनावर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मनावर, निप्र (विनय उजाला)।** थाना मनावर में अपराध क्रमांक 485/2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना मनावर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान



दिनाँक 12,.07.2026 को अपहृता को गुजरात के गोंडल से दस्तयाब किया गया। बाद अपहृता के बयान से प्रकरण में धारा 87, 64(1),64(2)(ड्ढ), 127(4)भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 5(रु)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अरुण पिता हरसिंह सिंगाड जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मगरदा चौकीदारपुरा थाना बाग को दिनांक 13.07.2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष कल दिनांक 14.07.2026 को प्रस्तुत किया जावेगा। अरुण पिता हरसिंह सिंगाड जाति भील उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मगरदा चौकीदारपुरा थाना बाग जिला धार। आरोपी के विरुद्ध थाना मनावर के अपराध क्रमांक 485/2026 में धारा 137(2)बी0 एन0 एस0 बढ़ाने धारा 87, 64(1), 64(2)(ड्ढ), 127(4)भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 5(रु)/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त की जा रही है। उक्त कार्यवाही उप निरीक्षक गिलदारसिंह बघेल, आरक्षक 145 राहुल सोलंकी थाना मनावर एवं सायबर सेल से आरक्षक प्रशांत का सराहनीय योगदान रहा।

## पदभार ग्रहण में जुटे कांग्रेसी

# शहर में निकाली तीन किमी लंबी बाइक रैली, कई स्थानों पर स्वागत

### हमारा बूथ मजबूत है, तो हमारी जीत सुनिश्चित- जिला अध्यक्ष जोशी






विनय उजाला

**धार। विधानसभा अंतर्गत शहर अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिमूर्ति चौराहे पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।**

शहर के त्रिमूर्ति चौराहे से कांग्रेसियों ने रैली निकाली, नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए तीन किलो मीटर लंबा मार्ग तय करके बाइक रैली बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंची। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों पर नेताओं का स्वागत भी मंच से किया गया। कार्यालय पर वरिष्ठ नेताओं ने नवागत अध्यक्ष राजेश पटेल, पीथमपुर शहर अध्यक्ष रुपसिंह छदोडी, ग्रामीण ब्लॉक से स्वप्निल शर्मा, दिग्ठान मंडल के नानूराम चौधरी, तिरला ब्लॉक के गोविंद पाटीदार का स्वागत करते हुए पदभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, विधायक भंवर सिंह शेखावत, प्रताप ग्रेवाल, धीरज दीक्षित, पारितोष सिंह राठौर, युवा कांग्रेस अध्यरक्ष रोहित कामदार मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाया जा रहा एक व्यापक सांगठनिक पुनर्गठन और मजबूतीकरण कार्यक्रम है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर के समर्पित कार्यकर्ताओं को नेतृत्व प्रदान करना, बूथ स्तर को मजबूत करना और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। यह अभियान हमारे लिए केवल एक राजनीतिक कवायद नहीं, बल्कि संगठन में नई जान फूंकने का महायज्ञ है। इसका मुख्य लक्ष्य हर एक कार्यकर्ता को सक्रिय करना, जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करना और आम जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। किसी भी मजबूत इमारत की नींव उसके मजबूत खंभे होते हैं, और हमारी पार्टी की नींव हमारे बूथ कार्यकर्ता हैं। यदि हमारा बूथ मजबूत है, तो हमारी जीत सुनिश्चित है। हमें हर एक बूथ पर अपने समर्पित साथियों की मजबूत टीम बनानी है। हमें जनता के बीच जाना है, उनकी समस्याओं को सुनना है और समाधान के लिए संघर्ष करना है। कांग्रेस के सभी वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों के लिए पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता एड अजय डॉ मनोहर सिंह ठाकुर ने किया, आभार सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री जीत तोमर ने व्यक्त किया।

### भाजपा धार ग्रामीण महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनाली श्रीवास्तव का हुआ स्वागत

**मनावर, निप्र (विनय उजाला)।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला की संगठनात्मक बैठक भाजपा ग्रामीण जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक के पष्चात मुख्य अतिथि संभाग संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत, जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रंजना बघेल, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार द्वारा भाजपा धार ग्रामीण की नवनियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनाली श्रीवास्तव का मिठाई खिलाकर स्वागत एवं सम्मान कर शुभकामनाएं दी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनाली श्रीवास्तव ने बताया की इस नई जिम्मेदारी के लिए संगठन एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयों का हृदय से आभार व्यक्त करती हु। हमारे पितृ पुरुषों के बताए पद चिन्हों पर चलते हुए पार्टी एवं संगठन के कार्यों को और मजबूती के साथ करने की जिम्मेदारी मिली है। यह मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।

### बैंक ऑफ इंडिया बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक ने संभाला पदभार



विनय उजाला

**बाग/धार।** बैंक ऑफ इंडिया की बाग शाखा में नए शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने शाखा के कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हुए ग्राहकों को बेहतर एवं त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जानकारी के अनुसार, पूर्व शाखा प्रबंधक बृजेश पांडे का स्थानांतरण होने के बाद मयूर दुबे ने बाग शाखा का कार्यभार संभाला है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा शाखा के कार्यों की जानकारी प्रदान की। नवागत शाखा प्रबंधक मयूर दुबे ने कहा कि बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं तथा ऋण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### खेत के तालाब से प्लास्टिक पन्नी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 2.20 लाख का मशरुका बरामद

विनय उजाला



**धामनोद।** धामनोद पुलिस ने खेत के तालाब में बिछाई गई प्लास्टिक पन्नी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई ज्ञश्वङ्गश्वरु7 स्रङ्घश्वक्र कंपनी की प्लास्टिक पन्नी तथा घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन सहित कुल 2.20 लाख का मशरुका बरामद किया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी धामनोद मोनिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार फरियादी अम्बाराम बिल्लौरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें एवं उनके पड़ोसी मुकेश भाभर को शासन की योजना के तहत सिंचाई के लिए खेत के तालाब में बिछाने हेतु ज्ञश्वङ्गश्वरु7 स्रङ्घश्वक्र कंपनी की प्लास्टिक पन्नी मिली थी। 10 जुलाई 2026 की शाम तक दोनों तालाबों में पन्नी सुरक्षित थी, लेकिन 11 जुलाई की सुबह खेत पर पहुंचने पर अज्ञात बदमाश दोनों तालाबों की पन्नी काटकर चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना धामनोद में अपराध क्रमांक 329/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों धर्मेन्द्र पिता लक्ष्मण डिडोंरे (26), निवासी तालाबपुरा सिमराली तथा मुकेश पिता मोहन गिरवाल (38), निवासी कालीकिराय, थाना मानपुर को ग्राम धानी के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई प्लास्टिक पन्नी कीमत 1.20 लाख तथा घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक (क्रमांक स्ब्09ऋ0963) कीमत 1 लाख जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह यादव, सउनि बालकृष्ण कुमरावत, सउनि मनीष परमार, आरक्षक वीरेन्द्र निमाड़ी, रविन्द्र सोलंकी, आकाश रोकड़े सहित थाना धामनोद पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बोरी की जघन्य घटना : मुख्यमंत्री ने 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की, दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

विनय उजाला



**भोपाल/आलीराजपुर।** बोरी में हुई जघन्य घटना को लेकर प्रदेश सरकार लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान घटना के बाद से लगातार पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेते रहे तथा उसी दिन पूरे घटनाक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अवगत कराया।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि, घटना के अगले दिन कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री संतोष (मकू) परवाल, झाबुआ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भानु भूरिया, पूर्व विधायक श्री माधोसिंह डावर एवं युवा नेता श्री विशाल रावत सहित झाबुआ-आलीराजपुर जिले का भाजपा प्रतिनिधिमंडल बोरी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया तथा इस कठिन समय में परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहने का विश्वास व्यक्त किया।

आज भोपाल में कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर घटना की अब तक की विस्तृत जानकारी साझा की तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित बहन एवं उनके परिवार के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पीड़िता के उपचार एवं स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखने तथा सर्वोत्तम चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

### ग्राम जामला से जलती चिता की शर्मनाक तस्वीर निकलने के बाद भी सिस्टम पर सवाल

#### श्मशान घाट को रिपेयरिंग कर की जा रही है इतिश्री मृत के परिजनों ने स्थान परिवर्तन की मांग की

विनय उजाला



**बाग, निप्र।** हाल ही में बारिश की शुरुआत में बाग ब्लॉक के ग्राम पंचायत जामला से एक बहुत ही शर्मनाक तस्वीर निकल कर आई थी। इस दर्दनाक तस्वीर का दृश्य देखकर हर कोई हैरत में रह गया था की ये क्या मंजर है। ओर सिस्टम की कितनी बड़ी लापरवाहीं है। जो की अंतीम समय में भी व्यक्ति की का दाह संस्कार भी सही नहीं हो पाया। ग्राम पंचायत जामला के खाडापुरा में एक बापूसिह की मौत हो जाती है और उसे श्मशान में दाह संस्कार के लिए ले जाया जाता है। शव को अग्नि के सुपुर्द किया जाता है कि बारिश शुरु हो जाती है। ओर देखते ही देखते नाले का पानी बढ़ जाता है और जो आधी अधूरी जली चिता ओऐर पानी में बहने लगती है ये मंजर सोशल मीडिया के माध्यम से पुरी दुनिया ने देखा और सिस्टम को जमकर कोसा ओर सभी ने यही कहा की नाले में शमशान घाट का निर्माण किया गया तो यह तो होना ही था बनाने वाले जिम्मेदारों को सोचना था खेर उसकै बाद बहुत हलचल हुई हर कोई उस स्थान को देखने भी गये मगर जिम्मेदारों ने फिर भी उस पर ध्यान नहीं दिया।

**हमारे साथ हुआ दुसरे के साथ नहीं होना चाहिए :** मृतक की बहु सोनू पति मुकाम रावत ने अपनी पीड़ा सुनाते हुए कहा की मरने वाले मेरे ससुर थे और उस दीन जो हुआ इसका दुख हमें आजतक है और हम यही कहते हैं हमारे साथ हुआ एसा कीसी के साथ नहीं होना चाहिए क्योंकी उसदीन शव की जो खराबी हुई पानी में चिता बहने लगी ये जिम्मेदारौ की गलती का परिणाम था अगर पहले ही यहां नहीं बनाते हुए दुसरे स्थान पर बनाते तो शायद ये शर्मनाक मंजर देखना नहीं पड़ता की अंतीम समय भी व्यक्ति को सुकून नहीं मीला ओर फिर उसे उसी स्थान पर थोड़ी बहुत लीपापोती की जा रही हे गलत हे स्थान चेंज होना चाहिए वर्ना फिर किसी के शव के साथ एसा होगा।

#### उसी पर लीपापोती कर करली अपनी इतिश्री

इतने बड़े मामले के बीच भी जिम्मेदार ने अपनी जिम्मेदारी का क्या प्रमाण दिया के उसी श्मशान शेड के चारों ओर एक एक फिट की दीवार उठाकर उसे उसी स्थान पर फिर तान दिया जो भविष्य में फिर इसी तरह का मंजर देखना संभव होगा क्यों की नाला हे ओर नाले में सिस्टम खड़ा है तो यह तो बारिश के लिए दिक्कत भरा ही होगा उधर पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया यहां वापस बनाने से क्या फायदा स्थान चेंज करना चाहिए था और एक फिट दीवार उठाकर उससे फायदा क्या होगा नाला आएगा तो पानी तो भरेगा और शव केसे जल पाएगा। वहीं ग्रामीणों ने यह भी आरौप लगाए की जामला पंचायत में हमारे इधर का फूल भी क्षतिग्रस्त हो गया हमारा रास्ता ही बंद हो गया बड़ा घुमाकर हमें हमारे घरतक जाना पड़ता है हमारी कोई नहीं सुनता।

### घटनाओं के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार, महेश्वर चौराहे के गहरे गड्ढे बन रहे हादसों की वजह

**धामनोद, निप्र, विनय उजाला।** नगर के सबसे व्यस्त महेश्वर चौराहे से महेश्वर-ओंकारेश्वर मार्ग की ओर जाने वाले हिस्से में सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे लगातार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों की स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जिससे हर दिन वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, एक सप्ताह पहले इसी स्थान पर एक भारी वाहन का टायर गड्ढे में फट गया था। टायर फटने से उछले पत्थर की चपेट में आने से एक घायल भी हो गया था। इसके बावजूद संबंधित विभाग ने सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरने की कोई पहल नहीं की।

**हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं**

यह मार्ग महेश्वर और ओंकारेश्वर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ता है। यहां से प्रतिदिन स्कूल बसें, यात्री बसें, भारी वाहन और दोपहिया सहित हजारों वाहन गुजरते हैं। गड्ढों के कारण वाहन अचानक असंतुलित हो जाते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

**राहगीरों और दोपहिया चालकों के लिए सबसे अधिक खतरा**

गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर सबसे अधिक परेशान हैं। वाहन जैसे ही चौराहे से गुजरते हैं, वे अनियंत्रित हो जाते हैं और कई लोग गिरते बचते हैं।

## भाजपा की जिला बैठक संपन्न

# संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर हुआ मंथन

### कांग्रेस नेताओं के अशोभनीय बयानों पर किया पलटवार, निंदा की

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। भारतीय जनता पार्टी जिला आलीराजपुर की महत्वपूर्ण जिला बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के जिला प्रभारी दिलीप पाटोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं के अशोभनीय बयानों पर कड़ी आलोचना करते हुए एक स्वर में निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव रखा गया।

बैठक की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने जिले में संगठन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन




की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और आगामी कार्यक्रमों में भी सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी दिलीप पाटोदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के महान उद्देश्य को लेकर कार्य करता है। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति भाजपा की कार्यशैली नहीं है, बल्कि संगठन और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा, सुशासन और विकास की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस आज केवल झूठ, भ्रम और षड्यंत्र की राजनीति तक सीमित होकर रह गई है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में कांग्रेस का जनाधार लगातार समाप्त होता जा रहा है। कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने के लिए न तो कोई सकारात्मक एजेंडा बचा है और न ही विकास का कोई विजन। इसलिए वह झूठे और मनगढ़ंत आरोपों के सहारे चुनावी मैदान में उतरने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति को भली-भांति समझ चुकी है और विकास तथा राष्ट्रहित के लिए भाजपा पर लगातार विश्वास जता रही है।

जिला प्रभारी श्री पाटोदिया ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, %मन की बात% डिजिटल लर्निंग को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक को सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी शक्ति के बल पर पार्टी निरंतर जनसेवा का कार्य कर रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया तथा कांग्रेस की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करता है।

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश किसान कल्याण वर्ष 2026

# किसान कल्याण वर्ष 2026 का जन-उत्सव

राज्य स्तरीय

# बलराम कृषि महोत्सव

**15 जुलाई से 13 नवंबर 2026**

अन्नदाता का सम्मान, आधुनिक कृषि के नवाचार और
प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक ही मंच पर समागम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



## शुभारंभ

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**किसान संवाद**
सुझावों का आदान-प्रदान

**सम्मान का गौरवपूर्ण मंच**
उत्कृष्ट, किसान, विद्यार्थी एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का सम्मान

**आधुनिक कृषि का प्रदर्शन**
उन्नत कृषि तकनीकों की नवीनतम जानकारियां

**कृषि और संस्कृति का अनुपम संगम**
देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**15 जुलाई, 2026 | इंदौर**

### इंदौर संभाग में महोत्सव

| | | | |
|---|---|---|---|
| धार 17 जुलाई | झाबुआ 19 जुलाई | आलीराजपुर 21 जुलाई | बड़वानी 23 जुलाई |
| खरगौन 25 जुलाई | बुरहानपुर 27 जुलाई | खण्डवा 30 जुलाई | |

### किसानों के हित में विभागों द्वारा कार्य

**उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण**
उद्यानिकी का रकबा 30 लाख हेक्टेयर एवं उत्पादन 490 लाख मीट्रिक टन बढ़ाने का लक्ष्य

**राजस्व**
कृषि भूमि के भू-अर्जन पर बाजार दर से 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय

पीएम किसान सम्मान, मुख्यमंत्री किसान कल्याण में सालाना ₹12000 की सहायता

**ऊर्जा**
किसानों को ₹5 में बिजली के स्थाई कनेक्शन एवं 10 हॉर्सपावर तक ऊर्जा प्रभार पर सब्सिडी

**सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम**
खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु 60% तक प्रोत्साहन

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा**
पीएम कुसुम योजना में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देने का लक्ष्य

**कुटीर एवं ग्रामोद्योग**
महिला एवं ग्रामीण युवाओं को कुटीर उद्योग से जोड़कर स्वरोज़गार को बढ़ावा

**मध्यप्रदेश पर्यटन**
ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन
1000 होम-स्टे बनाने का लक्ष्य

**जनसम्पर्क**
कृषक कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार

**पशुपालन एवं डेयरी**
दुग्ध संकलन प्रतिदिन 12 लाख लीटर से बढ़ाकर 50 लाख लीटर करने का लक्ष्य

**सहकारिता**
5,562 दुग्ध समितियों का वित्तीय समावेशन कर 83 हजार सदस्यों के जिला सहकारी बैंकों में खाते खोले गए
0% ब्याज दर पर फसल ऋण, भुगतान के लिए साल भर का समय


**औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन**
कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना पर 50% तक सब्सिडी

**मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास**
₹6000 करोड़ के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य, ₹12,400 करोड़+ का आ रहा निवेश

**जल संसाधन**
55 लाख हेक्टेयर में सिंचाई को वर्ष 2028-29 तक 100 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य

**नर्मदा घाटी विकास**
नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सिंचाई परियोजनाओं को वित्त पोषण

**संस्कृति**
श्रीअन्न, ग्रामीण व्यंजन एवं स्थानीय परम्पराओं को प्रोत्साहन



आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
D11059/26

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 6, अगरबत्ती कॉम्पलेक्स, सांवेर रोड सेक्टर-ए, इंदौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.